www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

19 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 208

अगले साल से राज्य में बदलेगा सरकारी स्कूलों का सिलेबस



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?.................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

# अजयनाथ शाहदेव चुने गये झारखंड क्रिकेट के नये 'बॉस'

- सौरभ तिवारी सचिव और शाहबाज नदीम सह सचिव चुने गये
- मैनेजिंग कमेटी के सभी 15 पदों पर 'द टीम' ने लहराया परचम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अजयनाथ शाहदेव झारखंड क्रिकेट के नये 'बॉस' चुने गये हैं। उन्होंने सीधे मुकाबले में एसके बेहरा को पराजित किया। रविवार को झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की टीम ने शानदार जीत हासिल की। इस टीम को 'द टीम' का नाम दिया गया था। मैनेजिंग कमेटी के सभी 15 पदों पर इस टीम के प्रत्याशियों ने परचम लहराया। चुनाव अधिकारी एनएन पांडेय ने देर शाम चुनाव परिणाम की घोषणा की। संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी को सचिव चुना गया है, वहीं अनुभवी स्पिनर शाहबाज नदीम को संयुक्त सचिव बनाया गया है। इनके अलावा संजय पांडेय उपाध्यक्ष और अमिताभ घोष कोषाध्यक्ष चुने गये हैं। मैनेजिंग कमेटी सदस्य के रूप में संजय जैन, रमेश कुमार, मिहिर प्रीतेश टोपनो, परवेज खान और रत्नेश कुमार सिंह चुने गये हैं, जबकि वीरेंद्र पाठक, श्रीराम पुरी, राघवेंद्र नारायण सिंह और उत्तम कुमार बिश्वास को जिला कमेटी सदस्य चुना गया है। उमा महेश्वर राव को स्कूल एंड क्लब रिप्रेजेंटेटिव चुना गया है।

जेएससीए की मैनेजिंग कमेटी के 15 पदों के लिए सुबह साढ़े आठ से नौ बजे तक प्रत्याशियों ने मतदान किया, जबकि सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक का समय सदस्यों की वोटिंग के लिए तय किया गया था। दोपहर दो बजे से जेएससीए स्टेडियम में काउंटिंग शुरू हुई और शाम करीब सात बजे परिणाम की घोषणा की गयी। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही समर्थकों और क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। राजधानी रांची सहित कई स्थानों पर पटाखे फोड़े गये और मिठाइयों का वितरण कर जीत का जश्न मनाया गया।

अजय नाथ शाहदेव की जीत के साथ ही जेएससीए को नया नेतृत्व मिला है, जिससे क्रिकेट के विकास को लेकर नयी उम्मीदें बंधी हैं। सौरभ तिवारी और शाहबाज नदीम जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के संघ में आने से क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि अब खिलाड़ियों की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझा जायेगा और प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता और व्यावहारिकता दोनों देखने को मिलेगी। इस चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की टीम और एसके बेहरा की टीम के 15-15 प्रत्याशी मैदान में थे। जेएससीए के कुल 718 वोटरों ने इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया। दोनों गुटों ने शनिवार को चुनाव घोषणा पत्र जारी कर जेएससीए को नयी ऊंचाई पर ले जाने का वादा किया था। दोनों गुटों ने क्रिकेट से जुड़े फैसले में खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के चयन में पारदर्शिता बरतने की बात कही थी। चुनाव में सबसे ज्यादा भागीदारी रांची जिले की है।

### किसको कितने मत मिले

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | | सौम्या सेन- | 221 |
| अजय नाथ शाहदेव- | 420 | **मैनेजिंग कमेटी सदस्य** | |
| एसके बेहरा- | 213 | संजय जैन- | 440 |
| **उपाध्यक्ष** | | रमेश कुमार- | 397 |
| संजय पांडेय- | 381 | रत्नेश कुमार सिंह- | 388 |
| नंदू पटेल- | 235 | मिहिर प्रीतेश टोपनो- | 381 |
| **सचिव** | | परवेज खान- | 364 |
| सौरभ तिवारी- | 438 | **जिला कमेटी सदस्य** | |
| एसबी सिंह- | 194 | राघवेंद्र नारायण सिंह- | 389 |
| **सह सचिव** | | वीरेंद्र पाठक- | 387 |
| शाहबाज नदीम- | 409 | उत्तम कुमार बिश्वास- | 387 |
| राजकुमार शर्मा- | 199 | श्रीराम पुरी- | 384 |
| **कोषाध्यक्ष** | | **स्कूल एंड क्लब रिप्रेजेंटेटिव** | |
| अमिताभ घोष- | 402 | उमा महेश्वर राव- | 378 |

## पेरवाघाघ जलप्रपात में डूबने से रिम्स के एक छात्र की मौत



- डूब रहे तीन छात्रों को सहयोगियों ने बचा लिया
- 26 विद्यार्थियों का दल पिकनिक मनाने गया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी/रांची।** पेरवाघाघ जलप्रपात में रविवार को बड़ा हादसा हुआ। पिकनिक मनाने पहुंचे रिम्स के चार छात्र इसमें डूबने लगे। इन्हें बचा तो लिया गया, लेकिन अभिषेक माइकल खलखो (24) की मौत हो गयी। बाकी तीन छात्र सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलने पर रिम्स के कई विशेषज्ञ चिकित्सक खूंटी पहुंचे और अत्यंत गंभीर स्थिति में अभिषेक को रिम्स ले गये। वहां देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार रविवार को रिम्स के 26 विद्यार्थी पिकनिक मनाने पेरवाघाघ आये थे। वहां सभी छात्र नदी में नहाने चले गये। नहाने के क्रम में अभिषेक माइकल खलखो, कीर्तिवर्द्धन मुंडा, जासुआ टोप्पो तथा अजय मोदी गहरे पानी में डूबने लगे। उनके दोस्तों ने उन्हें किसी तरह पानी से निकाला। गंभीर स्थिति में अभिषेक माइकल खलखो को रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल और बाद में रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गयी। पानी में डूबे बाकी छात्रों कीर्तिबर्द्धन मुंडा, अजय मोदी तथा जासुआ टोप्पो का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। तीनों छात्रों की स्थिति सामान्य है। अभिषेक की मौत की खबर मिलते ही रिम्स में शोक की लहर फैल गयी। उसके साथी हादसे से गमगीन दिखे।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' का नया वीडियो जारी कर सेना ने कहा

# जहां से सीजफायर उल्लंघन हुआ, उसे मिट्टी में मिला दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक नया वीडियो जारी किया। सेना की पश्चिमी कमान ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि सेना कैसे आतंकियों के लांचिंग पैड और पाकिस्तानी सेना की पोस्ट को तबाह कर रही है। सेना ने कहा, प्लान किया, ट्रेनिंग दी और पूरा किया। उन्होंने आगे कहा, इंसाफ हुआ। वीडियो में, एक सुरक्षाकर्मी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान के लिए एक सबक था। ऐसा सबक, जो उसने दशकों से नहीं सीखा था। सेना के जवान ने कहा, इसकी शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले से हुई। गुस्सा पिघले हुए लावा की तरह था। मन में बस एक ही विचार था- इस बार हम ऐसा सबक सिखायेंगे कि उनकी पीढ़ियां याद रखेंगी। यह बदला लेने का काम नहीं था, यह न्याय था। नौ मई की रात लगभग नौ बजे भारतीय सेना ने दुश्मन पोस्ट को नष्ट कर दिया, जिसने युद्धविराम का उल्लंघन किया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक कार्रवाई नहीं थी, यह पाकिस्तान के लिए एक सबक था, जो उसने दशकों से नहीं सीखा था।

बता दें कि भारत ने पिछले महीने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गयी थी। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा और जम्मू और कश्मीर में गोलाबारी की। सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन से हमले करने की कोशिश भी की गयी। इसके बाद भारत ने एक समन्वित हमला किया और पाकिस्तान में 11 एयरबेस पर रडार सिस्टम, संचार केंद्रों और हवाई क्षेत्रों को निशाना बनाया। 10 मई को दोनों देश संघर्षविराम पर सहमत हुए।

# नये पोप लियो-14 ने शपथ ली, दुनिया भर के 25 लाख लोग हुए शामिल

- खुली कार में पहुंचे वेटिकन
- कार्डिनल ने अंगूठी पहनायी
- दो सौ वैश्विक नेता मौजूद रहे

एजेंसी

**वेटिकन।** वेटिकन में सेंट पीटर स्क्वायर पर नये पोप लियो-14 का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को पूरा हो गया। इसमें शामिल होने के लिए दुनिया भर से कई नेता वेटिकन पहुंचे थे। पोप के शपथ ग्रहण में शामिल होने दुनिया भर से कार्डिनल, बिशप, आर्क बिशप



और पादरी पहुंचे। इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 25 लाख लोग भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे शुरू हुआ। नये पोप और अन्य कैथोलिक चर्च के नेता शपथ ग्रहण शुरू होने से पहले बेसिलिका के अंदर सेंट पीटर की कब्र पर गये और प्रार्थना की। शपथ ग्रहण का पूरा कार्यक्रम करीब दो घंटे तक चला। पोप को एक धार्मिक वस्त्र और एक अंगूठी दी गयी। धार्मिक वस्त्र नये पोप के पदभार ग्रहण करने का प्रतीक होता है। वहीं कैथोलिक प्रथा और परंपरा के मुताबिक अंगूठी इस बात का संकेत होती है कि पोप कैथोलिक चर्च के प्रमुख और सेंट पीटर के उत्तराधिकारी हैं।

## न्यूज रील्स

### हैदराबाद में चारमीनार के पास भीषण आग, 17 लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के ऐतिहासिक चारमीनार के पास स्थित गुलजार हौज इलाके में रविवार सुबह एक भीषण आग ने तबाही मचा दी। एक रिहायशी और व्यावसायिक उपयोग वाली इमारत में आग लगने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में कम से कम आठ बच्चे और पांच महिलाएं भी शामिल हैं। यह हादसा हाल के वर्षों में हैदराबाद की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक माना जा रहा है। आग सुबह करीब साढ़े पांच बजे उस वक्त लगी, जब अधिकतर निवासी गहरी नींद में थे। आग इमारत के नीचे स्थित व्यावसायिक हिस्से में मौजूद मोती की दुकान से शुरू हुई और तेजी से पूरी बिल्डिंग में धुआं फैल गया। धुएं के चलते दम घुटने से कई लोगों की मौत हो गयी। फायर डिपार्टमेंट को जैसे ही घटना की सूचना मिली, 11 दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गयीं।

### मायावती ने आकाश आनंद को बनाया बसपा का मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मायावती ने आकाश आनंद को बसपा का मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया है। रविवार को बसपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में माावती ने इसकी घोषणा कर दी। आकाश आनंद को तीन नेशनल कोआर्डिनेटर रिपोर्ट भी करेंगे। आकाश आनंद आगामी चुनाव में प्रचार-प्रसार की कमान भी संभालेंगे। बैठक में आकाश आनंद को सर्वसम्मति से यह जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय हुआ। मायावती ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि उम्मीद है कि इस बार वह पार्टी और मूवमेंट के हित में हर प्रकार की सावधानी बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में अपना सराहनीय योगदान देगा। आकाश आनंद अब पार्टी में नंबर दो की स्थिति में आ गये हैं।

## लश्कर के टॉप कमांडर सैफुल्लाह खालिद की पाकिस्तान में हत्या

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** दुर्दांत आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर रजाउल्लाह निजामानी उर्फ सैफुल्लाह खालिद की अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी है। उसे सिंध प्रांत के मटली शहर के फालकारा चौक के पास गोली मारी गयी। हमलावरों ने उसे घर से निकलते ही निशाना बनाया और मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया।

# चाचा की अंत्येष्टि में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को सपरिवार रामगढ़ जिला स्थित पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। उनके साथ पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। मुख्यमंत्री वहां अपने चाचा जगदीश सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मुख्यमंत्री अंतिम यात्रा और अंत्येष्टि संस्कार में भी सम्मिलित हुए। दिवंगत जगदीश सोरेन रिश्ते में (राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन के चचेरे भाई) मुख्यमंत्री के चाचा लगते थे। विगत 17 मई को उनका निधन हो गया। वह बीएसएल से रिटायर हुए थे। वह अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। सड़क मार्ग से नेमरा पहुंचने पर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सीएम के नेमरा आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। गोला डीबीसी चौक से लेकर बरलंगा तक पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। वही बरलंगा से नेमरा तक जगह-जगह पर विशेष पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था।

### फफक पड़ीं रूपी सोरेन

सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनकी मां रूपी सोरेन भी नेमरा पहुंची थीं। वह जगदीश सोरेन का शव देख कर फफक पड़ीं। परिवार के लोगों ने उन्हें चुप कराया।

# डॉ निशिकांत दुबे और विद्युत वरण महतो को 'संसद रत्न' पुरस्कार

- कुल 17 सांसद और दो संसदीय स्थायी समितियां पुरस्कार के लिए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** झारखंड के दो सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे और जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हैं। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन नामक एनजीओ द्वारा पिछले 15 साल से दिये जा रहे इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए इस बार कुल 17 सांसदों और दो संसदीय स्थायी समितियों को चुना गया है। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो लगातार तीसरी बार इस पुरस्कार के लिए चुने गये हैं। यह पुरस्कार सांसदों के गैर सरकारी विधेयक लाने, संसद में सवाल पूछने, बहसों में हिस्सा लेने समेत कई अन्य कार्यों के आधार पर दिया जाता है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी ने किया है। इसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) ने की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार उन सांसदों को दिये जाते हैं, जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए संसद में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

लगातार उत्कृष्ट कार्य के लिए चार सांसदों को विशेष सम्मान

चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के अनुसार ये चार सांसद 16वीं और 17वीं लोकसभा में भी संसद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शामिल थे। ये सभी मौजूदा कार्यकाल में भी लगातार सक्रिय हैं। इनमें भर्तृहरि महताब (भाजपा), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), एनके प्रेमचंद्रन (आरएसपी) और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना) शामिल हैं। इनके अलावा जिन सांसदों को पुरस्कार के लिए चुना गया है, उनमें स्मिता वाघ (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट), नरेश गणपत म्हास्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), रवि किशन (भाजपा), पीपी चौधरी (भाजपा), मदन राठौर (भाजपा), सीएन अन्नादुरै (डीएमके) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। जिन दो संसदीय समितियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है, उनमें वित्त और कृषि पर स्थायी समिति शामिल है। वित्त पर स्थायी समिति के अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने वित्तीय नीतियों पर कई प्रभावशाली और व्यावहारिक रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की है। कृषि पर स्थायी समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) ने किसानों की समस्याओं और कृषि सुधारों पर ठोस सुझाव संसद में रखे हैं।

**2010 में शुरू हुआ पुरस्कार**

'संसद रत्न' पुरस्कार समिति की अध्यक्षता संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सह-अध्यक्षता पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति ने की। 2010 में शुरू हुआ यह पुरस्कार अब तक 75 सांसदों को मिल चुका है। यह सरकारी पुरस्कार नहीं है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत को अब आतंकी घुसपैठ से अलर्ट रहने की जरूरत

- बांग्लादेश से नेपाल के रास्ते भी घुसपैठ करने की फिराक में हैं आतंकी
- देश में रह रहे आतंकियों के मददगारों पर भी निगाह रखने की जरूरत
- ओवर ग्राउंड वर्करों ने पाकिस्तानी आतंकियों को भारत में हिंसा फैलाने में मदद की
- स्लीपर सेल्स के साथ-साथ 'डिजिटल सेल्स' पर भी निगाह रखने की जरूरत
- सोशल मीडिया फ्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर देश विरोधी एजेंडा चलाने वालों पर भी लगाम लगानी होगी

**आजाद सिपाही विशेष**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर विराम लगने के साथ ही भारत के लिए जो एक नयी जरूरत ने सिर उठाया है, वह है आतंकियों की घुसपैठ पर सख्ती से लगाम लगाना। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत द्वारा पाकिस्तानी दुस्साहस का उचित तरीके से जवाब दिया गया, लेकिन भारत ने इसका ख्याल रखा कि पाकिस्तानी नागरिकों को कोई बड़ी क्षति न पहुंचे या उनकी जान न जाये। भारतीय बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लगातार संयम बरता। 10 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विराम लगा दिया गया, लेकिन पाकिस्तान ने फिर भी समझौते का उल्लंघन किया, जिसे करारा जवाब दिया गया। उसके बाद से दोनों तरफ से संघर्ष विराम का पालन किया जा रहा है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत की कार्रवाई से एक बार फिर से यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान आतंकवादियों का सुरक्षित पनाहगाह है। वरिष्ठ पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी सैन्य वर्दी में आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और मारे गये आतंकवादियों को पूर्ण राजकीय सम्मान दिया गया, यह पाकिस्तान की असलियत बताने के लिए काफी है। पिछले कई दशकों से पाकिस्तान दावा करता रहा है कि ये आतंकवादी गैर-सरकारी तत्व या घरेलू जिहादी हैं, लेकिन पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों का वर्दी में उनके अंतिम संस्कार में शामिल होना और उन्हें राजकीय सम्मान देना उस दावे को कमजोर करता है। अब, जबकि सैनिक कार्रवाई थम गयी है, पाकिस्तान अपने नापाक मंसूबों को एक बार फिर कार्यरूप दे सकता है। भारत के खिलाफ उसकी साजिश का असली रंग अब दिख सकता है और वह है आतंकियों की घुसपैठ और देश के भीतर रह रहे आतंकियों के मददगारों की मदद से भारत में हिंसा। भारत को अब इससे सतर्क रहने की जरूरत है। भारत को बंग्लादेश में फल-फूल रहे आतंकी संगठनों पर भी नजर रखने की जरूरत है। भारत में रह रहे स्लीपर सेल्स के लिए भी अभियान चलाने की जरूरत है। उन डिजिटल सेल्स पर भी निगाह रखने की जरूरत जो भारत विरोधी अभियान चलाने के लिए तत्पर रहते हैं। ये सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर अपना एजेंडा चलाते हैं। देश में ऐसे कई इन्फ्लुएंसर्स भी हैं जिन्हें टटोलने की जरूरत है। ये ऐसे दीमक हैं जो अंदर ही अंदर देश को कमजोर करने की कोशिश में लगे रहते हैं। जासूसी के आरोप में पकड़ी गयी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा इसका एक छोटा सा उदाहररण मात्र है। वहीं कैराना का रहने वाला नोमान इलाही पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा था जिसे पानीपत में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में कई अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। आइएसआइ हैंडलर इकबाल काना दुबई में बैठे अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम, आतंकी संगठन जैश ए मोहम्म्द और लश्कर ए तैयबा के साथ मिलकर देश ही नहीं, विदेशों में भी युवाओं को आतंकवाद का पाठ पढ़ा रहा है। क्या है भारत में आतंकियों के घुसपैठ की आशंका और उनके मददगारों की साजिश, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

10 मई को चार दिवसीय 'ऑपरेशन सिंदूर' के स्थगित होने के बाद हर भारतीय एक ही सवाल पूछ रहा है कि अब भारत को क्या करना चाहिए? हमने आतंकवादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है, पर आतंकी नेतृत्व को अभी उखाड़ फेंकना बाकी है। भारत को नहीं भूलना चाहिए कि मसूद अजहर, जिसके परिवार के 10 लोग भारतीय हमले में मारे गये हैं, ने अपने परिजनों की मौत का बदला लेने की कसम खायी है। लश्कर-ए-तैयबा का नेतृत्व भी इससे अलग नहीं है। इसलिए भारत को अब इन आतंकी संगठनों की साजिशों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। भले ही पाकिस्तान अल्पकालिक घुसपैठ के प्रयास को टाल सकता है, लेकिन ऐसा आतंकियों के बारे में नहीं कहा जा सकता, जो शायद कुछ और ही सोच रहे हों। हमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए यदि वे अपने आकाओं की अवहेलना करें और स्वयं घुसपैठ का प्रयास करें। इसके अलावा पाकिस्तान भारत में अपने स्लीपर सेल को सक्रिय कर सकता है। भारत की समुद्री तटरेखा के साथ-साथ नेपाल और बांग्लादेश सीमाओं का बेहतर प्रबंधन विशेष जरूरी है, ताकि आतंकियों के भारत में पहुंचने के किसी भी प्रयास को विफल किया जा सके। यह सही है कि हमारी सैन्य सुरक्षा में कोई कमी नहीं है। 'ऑपरेशन सिंदूर' स्थगित हुआ है, बंद नहीं किया गया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर वायु रक्षा ग्रिड और घुसपैठ रोधी ग्रिड को सक्रिय और जीवंत बनाये रखने की आवश्यकता है। इसके अलावा 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित नागरिक सुरक्षा उपायों को जो गति मिली है, उसे जारी रखना चाहिए। जिला और राज्य स्तर पर नियमित रूप से समय-समय पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास और कार्रवाइयां पूरी तत्परता से की जानी चाहिए। सिंधु जल संधि को निलंबित रखा गया है, ताकि पाकिस्तान के लोग समझें कि ऐसा उनके मुल्क के आतंकवादी प्रकृति के कारण हुआ है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब करने की जरूरत है, जिसमें आतंकवादी समूह द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) की आतंकवादी गतिविधियों के बारे में यूएनएससी 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को शामिल करना और उन्हें वैश्विक आतंकवादी समूहों की सूची में शामिल करने की मांग करना शामिल है। पाकिस्तान द्वारा निर्यात किये जाने वाले आतंक का खात्मा शुरू हो चुका है। अब गेंद पाकिस्तान के लोगों के पाले में है कि वे अपने राजनीतिक-सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ के नेतृत्व के असली नापाक इरादों को समझें। अगर इस घृणित गठजोड़ ने सीमाओं का उल्लंघन किया, तो पाकिस्तान का विनाश निश्चित है।



## भारत में आतंकवादियों के मददगार भी बड़ी चुनौती

एक कहावत है घर का भेदी लंका ढाहे। भारत में इस्लामी आतंकियों को खाद-पानी ऐसे ही घर के भेदियों से मिल रही है। सुरक्षाबलों ने इन्हें ओजीडब्ल्यू (ओवर ग्राउंड वर्कर) का नाम दिया है।

इनका विस्तार इतना है कि सुरक्षाबलों के लिए ये सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। इनके नेटवर्क का अंदाजा लगाना इसलिए मुश्किल हो रहा है कि ये जाहिरा तौर पर निष्क्रिय रहते हैं। इसलिए इनको स्लीपिंग सेल भी कहा जाता है, लेकिन अपने आतंकी आकाओं के लिए ये आंख, कान हैं। सीमाओं के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों में इनकी उपस्थिति आतंकियों की बहुत बड़ी ताकत और सुरक्षाबलों के लिए उतना ही बड़ा सिरदर्द है। भारत में आतंकवाद को जिंदा रखने में ओवर ग्राउंड वर्करों की हमेशा ही भूमिका सामने आती रही है। भारत-पाकिस्तान सीमा और एलओसी से घुसपैठ के बाद पहाड़ी इलाकों तक पहुंचने के लिए मदद और हथियार पहुंचाने और खाना आदि मुहैया करवाने के अलावा मुखबिरी कर सुरक्षाबलों के मूवमेंट की जानकारी के लिए आतंकी ओवर ग्राउंड वर्करों का इस्तेमाल करते रहे हैं।

पिछले एक दशक में जम्मू कश्मीर में सामने आये कई मामलों में सरकारी नौकरी में शामिल लोगों के भी ओवर ग्राउंड वर्कर होने के मामले सामने आते रहे हैं। यहीं नहीं, ये ओवरग्राउंड वर्कर आतंकियों को पनाह देने और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाने में भी मदद करते रहे हैं।

## ड्रोन के जरिये हथियारों की सप्लाई का खुलासा

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तीन साल पहले तक हथियार, गोला-बारूद और नगदी आतंकियों तक पहुंचाने के लिए पाकिस्तान ड्रोन का इस्तेमाल करता नजर आया।

बाकायदा इन ड्रोन के लिए लोकेशन तय होते और यहां से ओवर ग्राउंड वर्कर सामान आतंकियों तक पहुंचाते रहे हैं। सुरक्षाबलों की जांच में यह भी साफ हो चुका है कि इससे पहले आतंकी घुसपैठ के बाद हाइवे पर सुरक्षित सफर करने के लिए कई ट्रक चालकों को भी ओवर ग्राउंड वर्करों के रूप में इस्तेमाल कर चुके हैं।

ट्रक में कैविटी बनाकर कश्मीर तक ले जाने के इस मामले का भंडाफोड़ झज्जर कोटली मुठभेड़ में हो चुका है।

## घुसपैठ से अलर्ट रहने की जरूरत

सुरक्षाबलों की सतर्कता के बावजूद आतंकियों की घुसपैठ का खतरा लगातार बना हुआ है। पिछले 14 दिनों में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लेकर पहाड़ तक तीन अलग-अलग गुटों में आतंकी देखे गये हैं।

आतंकियों ने दोबारा अपना ठिकाना सक्रिय कर दिया है। सुरक्षाबलों के लिए यह चिंता का विषय है कि आतंकी नये रूटों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पाकिस्तान अब चीन की मदद से नेपाल के रास्ते आतंकियों को भारत में प्रवेश कराने की साजिश में है। इस क्रम में भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित मुस्लिम बहुल इलाकों का इस्तेमाल किये जाने की सूचना है। भारत को अब इस घुसपैठ से सतर्क रहने की जरूरत है।

# भारत-पाक संघर्ष के समय आइएसआइ के संपर्क में थी ज्योति मल्होत्रा

### पहलगाम अटैक से पहले गयी थी पाकिस्तान और चीन, पुलिस का चौंकाने वाला खुलासा


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने हिसार की रहने वाली ट्रैवल व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। 34 साल की ज्योति पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को संवेदनशील जानकारी देने और ऑनलाइन पाकिस्तान समर्थक सामग्री वायरल करने का आरोप है। कोर्ट ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि ज्योति चार बार पाकिस्तान गयी और एक पाकिस्तानी एजेंट के साथ बाली भी गयी थी।


जिसके साथ उसका प्रेम संबंध था। पुलिस के अनुसार, ज्योति ने 2023 में नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में पाकिस्तानी खुफिया एजेंट एहसान-उर-रहीम से मुलाकात करने की बात स्वीकार की है। जिसे बाद में निष्कासित कर दिया गया था।


ये तस्वीर पाकिस्तान के लाहौर की है। इसमें ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के साथ बात कर रही है।

**भारत-पाक तनाव के बीच दुश्मन देश के संपर्क में थी ज्योति :** एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने ज्योति मल्होत्रा को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किये। वह कहते हैं कि आधुनिक युद्ध केवल सीमा पर ही नहीं लड़े जाते। पीआइओ कुछ सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों की भर्ती करने की कोशिश कर रहे हैं, और वे इसका इस्तेमाल अपने नरेटिव को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं। हमें केंद्रीय एजेंसियों से इनपुट मिले और हमने ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार कर लिया। वह कई बार पाकिस्तान और एक बार चीन जा चुकी थी। वह पीआइओ के संपर्क में थी। हमने उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। हम उसके वित्तीय विवरणों का विश्लेषण कर रहे हैं। भारत-पाक तनाव के दौरान वह पीआइओ के संपर्क में थी। उसकी यात्रा के विवरण उसकी कुल आय को झुठला रहे हैं।



पाकिस्तानी दूतावास ने ज्योति को इनविटेशन देकर इफ्तार पार्टी में बुलाया था।


ये तस्वीर दुबई की है। ज्योति ने इसे 9 नवंबर 2024 को अपलोड किया था।

### व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म पर संपर्क बनाया

दरअसल ज्योति मल्होत्रा एक यूट्यूब चैनल चलाती है। इसके 3.2 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं। वह कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी काफी लोकप्रिय है। कई प्लैटफॉर्म पर इसकी बड़ी संख्या में फॉलोइंग है। ज्योति ने फर्जी आइडी के तहत आइएसआइ के गुर्गों के नंबर छिपाये थे पुलिस ने कहा कि ज्योति ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तानी खुफिया गुर्गों के साथ एन्क्रिप्टेड संपर्क बनाये रखा। उनके नंबरों को जट रंधावा जैसे झूठे नामों से सेव किया। ज्योति ज्यादातर नयी दिल्ली में रहती थी।

### शाकिर-राणा शाहबाज नाम के दो हैंडलर से मिली थी ज्योति

डीएसपी कमलजीत सिंह के अनुसार, ज्योति ने माना कि उसने 2023 में नयी दिल्ली में पाकिस्तान के उच्चायोग में पाकिस्तानी खुफिया एजेंट एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से मुलाकात की थी। दानिश को 13 मई को निष्कासित कर दिया गया था। उस पर आरोप है कि उसने ज्योति के वीजा को बढ़ाने में मदद की और उसे शाकिर और राणा शाहबाज नाम के दो हैंडलर से मिलवाया। पुलिस ने ज्योति का फोन, लैपटॉप और अन्य डिवाइस जब्त कर लिये हैं। इन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। बैंक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है ताकि जासूसी से जुड़े संभावित वित्तीय लेनदेन का पता लगाया जा सके। इस मामले में हिसार में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 और 5 और बीएनएस की धारा 153 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पंजाब-हरियाणा में जासूसी से जुड़ी सातवीं गिरफ्तारी

7 मई के बाद से हरियाणा और पंजाब में यह जासूसी से जुड़ी सातवीं गिरफ्तारी है। 11 मई को पंजाब पुलिस ने मलेरकोटला से दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनका संबंध पाकिस्तानी अधिकारी दानिश से था। हरियाणा पुलिस ने 13 मई को यूपी के कैराना के रहने वाले नौमान इलाही को गिरफ्तार किया। इसके बाद 15 मई को कैथल के छात्र देवेंद्र सिंह ढिल्लों को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर पाकिस्तानी हैंडलर को जानकारी देने का आरोप है। ढिल्लो एमए का छात्र है। आरोप है कि करतारपुर कॉरिडोर के जरिए गुरुद्वारा दरबार साहिब की यात्रा के दौरान उसे भर्ती किया गया था। 7 और 14 मई को बठिंडा सैन्य स्टेशन के अंदर काम करने वाले दो अन्य लोगों को भी इसी तरह के संदेह में पकड़ा गया था। पुलिस को एक संदिग्ध के फोन से संदिग्ध डेटा मिला है, लेकिन उनकी भूमिका की अभी भी जांच चल रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.5 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.06 बजे |



# अगले साल से राज्य में बदलेगा सरकारी स्कूलों का सिलेबस

## शामिल होंगे गुरुजी, धोनी और स्थानीय महापुरुषों के प्रसंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का तरीका अब बदलने वाला है। राज्य सरकार ने 2026 से नया पाठ्यक्रम लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में वर्ष 2026 में कक्षा 1 से 4 तक और फिर 2027 से कक्षा 5 से 8 तक के सिलेबस में बदलाव किया जायेगा। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत किया जा रहा है।

**झारखंड के सामाजिक परिवेश को मिलेगा महत्व :** पाठ्यक्रम को स्थानीय संदर्भों से जोड़ते हुए झारखंड के इतिहास, संस्कृति और महापुरुषों को प्रमुखता दी जायेगी। इसमें गुरुजी शिबू सोरेन की जीवनी, उनके आंदोलनों और योगदान को शामिल किया जायेगा। इसके अलावा क्रिकेट में भारत को 2 विश्व कप दिलाने वाले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी, हॉकी और तीरंदाजी जैसे खेलों में राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की जानकारी भी बच्चों को दी जायेगी।



### सीखने की कला पर रहेगा जोर

नये पाठ्यक्रम में बुनियादी साक्षरता, समझ और सीखने की कला को विशेष महत्व मिलेगा। 'लर्निंग आउटकम' को ध्यान में रखते हुए पूरे सिलेबस को दोबारा डिजाइन किया जायेगा। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेइआरटी) इस काम की अगुवाई करेगा। विषय विशेषज्ञों और शिक्षकों की मदद से पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

### पुस्तक वितरण की नयी व्यवस्था

राज्य सरकार अब पश्चिम बंगाल की तरह किताबों का वितरण करेगी। अप्रैल 2026 से झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में एक साथ किताबें पहुंचायी जायेंगी। अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही पुस्तक वितरण का काम पूरा कर लिया जायेगा। इसके लिए किताबों की छपाई और वितरण की तैयारी मार्च 2026 तक पूरी करने का लक्ष्य तय किया गया है। बता दें कि झारखंड के गठन के बाद यह दूसरी बार है जब राज्य में कक्षा 1 से 4 तक के पाठ्यक्रम को बदला जा रहा है। सरकार का मानना है कि नये पाठ्यक्रम से बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ेगी और वे अपने राज्य के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को जान सकेंगे।

# संजय सेठ की उम्दा पहल, रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर पर एंबुलेंस की आवाजाही शुरू





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रातू रोड से गुजरने वाली एंबुलेंस को बड़ी राहत मिल गयी है। अब सभी एंबुलेंस नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर से गुजरेंगी, जिससे एंबुलेंस का समय बच सकेगा और अनावश्यक जाम में फंसने से राहत मिलेगी।

दरअसल, मंत्री संजय सेठ ने इस मसले को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से बात की और यह निर्देश दिया कि एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर से गुजरने के लिए एंबुलेंस को छूट दी जाये। उनके निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने सहमति दे दी है। इस सहमति के साथ ही पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, गुमला, लोहरदगा जैसे क्षेत्रों से आने-जाने वाले एंबुलेंस को राहत मिलेगी। यहां अनावश्यक जाम में फंसने से एंबुलेंस बच सकेंगे और समय पर अस्पताल पहुंच सकेंगे।

रक्षा राज्य मंत्री ने रविवार को बताया कि सर्विस रोड निर्माण कार्य के कारण जाम में एंबुलेंस भी फंस रही थीं, जिससे कई बार मरीजों की जान पर बन आती थी। इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया गया और अधिकारियों ने इसकी त्वरित स्वीकृति प्रदान कर दी है। रक्षा राज्य मंत्री के इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है।

उल्लेखनीय है कि रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान समय में नीचे सर्विस रोड का काम चल रहा है। इस वजह से कई बार जाम लगता है और इस जाम में एंबुलेंस भी फंस जाती हैं। जाम में एंबुलेंस के फंसे होने के कारण पूरी ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है। मरीजों के लिए भी गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा।

**वृष** नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी,वस्त्र-आभूषण।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा,आर्थिक लाभ।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार, संतोषजनक धनलाभ होगा।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है किशोर न्याय अधिनियम: अन्नपूर्णा देवी

## एक दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के न्यायिक अकादमी में रविवार को किशोर न्याय अधिनियम और इससे संबंधित कानूनों पर एक दिवसीय विशेष परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की। इस बैठक का उद्देश्य किशोर न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और न्यायपूर्ण बनाने के लिए हितधारकों के बीच संवाद स्थापित करना था।

मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस अवसर पर कहा कि जब हम हर बच्चे को न्याय, संरक्षण और सम्मान देते हैं, तभी एक संवेदनशील और सशक्त समाज की नींव रखी जाती है। किशोर न्याय अधिनियम इसी दिशा में एक सशक्त कदम है, जो न केवल बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि उन्हें पुनर्वास एवं पुनसंवर्धन के माध्यम से गरिमामयी जीवन की ओर अग्रसर करता है। कार्यक्रम में बाल न्यायालयों के न्यायाधीशों, प्रधान मजिस्ट्रेटों, किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) और चाइल्ड वेलफेयर कमिटी कल्याण (सीडब्लूसी) के सदस्यों, विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) के अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) के पदाधिकारी सहित अनेक महत्वपूर्ण हितधारकों की उपस्थिति रही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय उपस्थित रहीं। उन्होंने किशोर न्याय प्रणाली की संवेदनशीलता और उसमें सुधार की संभावनाओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में न्यायिक अकादमी के निदेशक राजेश शरण सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ संध्या मित्रा बारिक ने भी बाल संरक्षण प्रणाली को सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किये। बैठक में उपस्थित सभी विशेषज्ञों और अधिकारियों ने किशोर न्याय प्रणाली की चुनौतियों, सुधारों और भविष्य की दिशा पर उपयोगी संवाद किया। यह परामर्श बैठक बाल अधिकारों की रक्षा और न्यायिक प्रणाली के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

# मोरहाबादी स्टेज को ध्वस्त करने का कारण बताये राज्य सरकार : प्रतुल

भाजपा सरकार के समय की धरोहरों को नष्ट करने में लगी है सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने जानना चाहा कि आखिर हेमंत सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत से ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में बने स्टेज को क्यों ध्वस्त करने का निर्णय लिया। प्रतुल ने कहा इस स्टेज का उपयोग न सिर्फ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर और 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर किया जाता था। बल्कि यह अनेक ऐतिहासिक घटनाओं और रैलियों का साक्षी भी रहा है। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी स्टेज से दो बार शपथ भी ले चुके हैं। प्रतुल ने कहा कि इस स्टेज से स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति दिया करते थे।

प्रतुल ने कहा कि इस बहुउद्देशीय स्टेज को ध्वस्त करने के पीछे हेमंत सरकार द्वारा कोई ठोस कारण नहीं बताना यह स्पष्ट करता है कि यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के द्वारा बनायी गयी धरोहरों को मिटाने में लगी है। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर इस स्टेज को ध्वस्त करने के पीछे किन संगठनों ने मांग उठायी थी। जब इस स्टेज का इतने अच्छे से उपयोग हो रहा था तो फिर ध्वस्त करने के पीछे का कारण क्या था? प्रतुल ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि हेमंत सोरेन सरकार साढ़े 5 वर्षों से लगातार सत्ता में थी। उस समय तक स्टेज से कोई परेशानी नहीं थी। फिर अचानक एक दिन इस पूरे स्टेज को ध्वस्त करने का कार्य कैसे प्रारंभ हुआ? क्या यह ध्वस्त करने की चल रही प्रक्रिया एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है?

प्रतुल ने कहा कि एक तरफ सरकार के अलग-अलग विभाग फंड की कमी का रोना रोते हैं। मंईयां सम्मान योजना की राशि का भुगतान करने के लिए खाद एवं आपूर्ति विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जैसे जनता से जुड़े विभागों की राशि को डाइवर्ट कर दिया जाता है। हर दूसरे दिन सरकार के कोई ना कोई मंत्री फंड की कमी का रोना रोते हैं। दूसरी तरफ बहुउद्देशीय प्रयोग में लाने की सोच से बनी चीजों को सरकार आकरण ध्वस्त करती है। यह तो अबुआ सरकार न होकर बिना ठोस कारण के स्मारकों का विध्वंस करने वाली सरकार बन गयी है।

## आजसू महिला प्रकोष्ठ की उत्तरी छोटानागपुर स्तरीय बैठक संपन्न

# मंईयां सम्मान योजना महज दिखावा : सुदेश



दस्तावेज और नियमों के नाम पर पांच लाख महिलाओं का नाम काटा जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना को महिला अपमान योजना बना दिया है। विधानसभा चुनाव के वक्त वोट बटोरने के लिए 56.61 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत ढाई हजार रुपये दे दिया गया था, लेकिन अब दस्तावेज और नियमों का हवाला देकर पांच लाख महिलाओं का नाम काटा जा रहा है। इससे मातृशक्ति अपमानित महसूस कर रही हैं। इन महिलाओं के साथ अन्याय क्यों किया जा रहा है?

पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की उत्तर छोटानागपुर प्रमंडलीय बैठक को संबोधित करते हुए श्री महतो ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि हेमंत सरकार की वादा खिलाफी का विरोध जमीनी स्तर पर करें। बैठक को विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, प्रवीण प्रभाकर, संतोष महतो, विजय साहू, बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, जिप सदस्य खुशबू कुमारी, यशोदा देवी, संगीता बारला आदि ने संबोधित किया। बैठक में उपप्रमुख रिंकी कुमारी, प्रियंका शर्मा, सुहानी एक्का, गीता सिन्हा, संजय मेहता, मंटू महतो, दिलीप दांगी, परमेश्वर महतो, दिलीप दांगी, काशीनाथ सिंह, टिकैत महतो, प्रमिला चौड़े, बबीता देवी, पारस सिंह आदि भी उपस्थित थे।

सुदेश महतो ने ग्राम स्तर पर मातृ शक्ति को पार्टी से जोड़ने और जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आजसू की अहम भूमिका रही है। पंचायत चुनाव में पचास प्रतिशत महिला भागीदारी और स्वयं सहायता समूह के गठन के लिए आजसू ने सरकार में रहकर क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

## झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नवनियुक्त प्रभारी रांची पहुंची

# मॉब लिंचिंग के खिलाफ जल्द बने कानून: जीनल एन गाला

जीनल एन गाला ने कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दिये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नवनियुक्त प्रभारी जीनल एन गाला रविवार को पहली बार झारखंड पहुंचीं। रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। मूल रूप से मुंबई (महाराष्ट्र) से ताल्लुक रखने वाली जीनल एन गाला खुद आदिवासी नृत्य-संगीत पर थिरकती नजर आयीं।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जीनल एन गाला ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मो मंजूर अंसारी, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव अनवर अंसारी की उपस्थिति में कार्यकारिणी की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठायें और समस्याओं का समाधान करायें। उन्होंने अल्पसंख्यक विभाग में महिलाओं की कम सक्रियता पर आश्चर्य जताते हुए अल्पसंख्यक विभाग के सभी जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह आधी आबादी की भागीदारी बढ़ायें। झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नवनियुक्त प्रभारी जीनल एन गाला ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि झारखंड में मॉब लिंचिंग की घटनाएं काफी होती हैं। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और इसे रोकने के लिए कठोर मॉब लिंचिंग कानून बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे पर वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेंगी।

### मिल बैठकर पारसनाथ मुद्दा का रास्ता निकाला जायेगा: गाला

झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश प्रभारी जीनल एन गाला ने कहा कि वह खुद जैन धर्मावलंबी हैं। उन्होंने कहा कि पारसनाथ की पहाड़ी को लेकर आदिवासी समुदाय और जैन समुदाय के बीच मिल बैठकर सर्वमान्य रास्ता निकाला जायेगा।

# शराब से चार हजार करोड़ राजस्व का लक्ष्य

## दुकान आवंटन में राज्य के लोगों को मिले प्राथमिकता

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में प्रेस कॉंफ्रेंस

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड शराब व्यापारी संघ ने राज्य में शराब दुकानों की लॉटरी में राज्य के लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की है। संघ ने नयी उत्पाद नीति के लेकर सरकार के प्रति आभार जताया है, इसके साथ ही सरकार के समक्ष अपनी कुछ मांग भी रखी है।

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेस में चेंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि राज्य के व्यवसायी काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे थे। तीन वर्ष बाद राज्य में फिर से खुदरा शराब का कारोबार निजी हाथों में दिया गया है। झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध जायसवाल ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में चार हजार करोड़ रुपये राजस्व का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1300 करोड़ रुपये अधिक है।

उन्होंने कहा कि अब तक सामान्यतया राजस्व में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाती थी। उन्होंने सरकार से इस पर विचार का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे खुदरा दुकानदारों पर काफी दबाव बढ़ेगा। इसके अलावा दुकानों की लॉटरी भी प्रभावित होगी। जिस दुकान की बंदोबस्ती तीन वर्ष पूर्व पांच करोड़ में हुई थी, इस वर्ष बढ़ कर लगभग नौ करोड़ हो जायेगी। इस मौके पर झारखंड चेंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा, रांची जिला शराब व्यापारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू और रिंकू भगत उपस्थित थे।

### दूसरे राज्य के व्यापारियों के आने की संभावना

संघ का कहना है कि नयी उत्पाद नीति के तहत समूह में दुकान का आवंटन किया जायेगा। एक व्यक्ति को अधिकतम 36 दुकान का आवंटन किया जा सकता है। संघ के महासचिव ने कहा कि दुकान की लॉटरी में दूसरे राज्यों के व्यापारी में शामिल होंगे। संघ ने एक व्यक्ति को एक ही दुकान देने की मांग की है। इसके साथ राज्य के लोगों को दुकान आवंटन में प्राथमिकता देने की मांग संघ ने की है।

### एडवांस में मिलेगा 600 करोड़ का राजस्व

संघ का कहना है कि नयी उत्पाद नीति के से सरकार को एडवांस में लगभग 600 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति होगी। इसके लॉटरी के आवेदन से भी लगभग पांच करोड़ रुपये प्राप्त होगा।

## शिवम फैक्ट्री के बाहर शव मिला, हत्या की आशंका



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवम आयरन फैक्ट्री के बाहर महतोआरा-जौंगी मार्ग पर रविवार की सुबह एक शव बरामद किया गया है। शव की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार महतोआरा जौंगी मार्ग पर अहले सुबह जब गांव के लोग गुजर रहे थे, तो सड़क किनारे एक अधजले व्यक्ति का शव दिखाई दिया जिसके पश्चात वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। शव को देखकर यह प्रतीत होता है कि उक्त व्यक्ति बीती रात ही किसी फैक्ट्री में कार्य के दौरान दुर्घटना का शिकार हुआ है। इधर मुख्यालय डीएसपी रतिभान सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान घटनास्थान पर शव के पास से एक मोबाइल व एक बाइक का नंबर प्लेट पाया गया। जिसमें बाइक का रेजिस्ट्रेशन नम्बर (जे एच 12 एम 4934) अंकित था। जिसकी जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि वह चंदवारा थाना क्षेत्र के भोंडो गांव निवासी अजय साव (25, पिता विजय साव) के बाइक का है। जिसके पश्चात डीएसपी व चंदवारा पुलिस उक्त व्यक्ति के घर पहुंची। जहां पूछताछ में यह बातें सामने आई कि अजय साव बीती रात करीब 11:30 बजे घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा था। जिसे एक निजी वाहन के मदद से झुमरीतिलैया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसके पश्चात डीएसपी उक्त अस्पताल पहुंचे और घायल से घटना की जानकारी ली। मामले की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। सर्वप्रथम उक्त शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह दुर्घटना है या उक्त व्यक्ति की हत्या हुई है। बताते चलें कि मृत व्यक्ति को देखने से यह स्पष्ट होता है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस फिलहाल आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

## मेहता भवन में रक्तदान शिविर का आज होगा आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकता मंच, झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच और आरोग्यम अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में हजारीबाग के जुलु पार्क स्थित मेहता भवन में आज रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। आयोजित रक्तदान शिविर की जानकारी साझा करते हुए झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि रक्तदान शिविर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। रक्तदान शिविर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी की परपोती सह झारखंड एकता मंच की अध्यक्षा इम्तेशाम अली बतौर मुख्य अतिथि शरीक होकर रक्तदाताओं को सम्मानित करेंगी। आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर रक्तदाताओं से आह्वान करते हुए श्री मेहता ने कहा कि रक्तदान महादान है, आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। युवाओं से खास तौर पर अपील करते हुए कहा कि रक्तदान कर मानवता का परिचय दें।

## घनश्याम गोप के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जाने माने समाजसेवी घनश्याम गोप के निधन पर कई राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकताओं ने उनके घर पहुंच अंतिम दर्शन किया और शोक व्यक्त किया। घनश्याम गोप प्रखर समाजसेवी थे। वे पाचू गोप सेवा संस्थान, राधा कृष्ण मारवाड़ी सेवा संस्थान अपने आवास स्थित शिव मंदिर के संरक्षक तथा हिन्दू-मुस्लिम एकता संघ के अध्यक्ष रहे। वे मृदभाषी, मिलनसार और दयालु प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि उनके निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेवी खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठीन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करे। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा, मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर संजय कुमार, ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, सदरूल होदा, खलील अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी शामिल हैं।

## इचाक थाने में हुई पुलिस पब्लिक की बैठक, थाना क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने पर हुई चर्चा

**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे ब्राउन शुगर खरीद बिक्री पर लगाम लगाने को लेकर थाना परिसर में रविवार को महत्वपूर्ण बैठक की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान प्रभारी ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में ब्राउन शुगर के नशा में डूबे लोगों और बिक्री कर रहे कारोबारियों की सूची सार्वजनिक रूप से जारी किया। जिसके बाद नशा और कारोबार में शामिल युवकों के अभिभावकों को ब्राउन शुगर नशा की लत से निजात दिलाने में सहयोग की अपील किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों और गार्जियन से अपने क्षेत्र में फैल रहे नशा कारोबार पर रोक लगाने के लिए विचार विमर्श किया गया। क्षेत्र में बढ़ते अपराध के पीछे नशा कारोबारियों का हाथ बताया गया। जिसके बाद सामाजिक पहल के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया गया। मौके पर उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, मुखिया चोहन मेहता, झामुमो प्रखंड सचिव विनय धवन, युवा नेता गौतम कुमार, ओम प्रकाश मेहता, कृष्णा मेहता, सुरेन्द्र मेहता, सुनील तलवार, गजेंद्र प्रजापति, रूपेश कुमार, अजय यादव, एएसआई सिद्धू पूर्ति समेत कई लोग मौजूद थे।

## सरगम इंटरनेशनल स्कूल के अभिषेक ने इंटर स्कूल जिला आर्चरी चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड एचपी पेट्रोल पंप के नजदीक संचालित सरगम इंटरनेशनल स्कूल बड़कागांव के कक्षा सातवीं के बच्चा अभिषेक कुमार बड़कागांव के अशोक नगर का निवासी है। उन्होंने इंटर स्कूल जिला आर्चरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। अभिषेक की इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक राजेश सोनी ,स्कूल के प्राचार्य मुसरत प्रवीण, स्कूल के अध्यक्ष सहेश्वर दागी ,सचिव शंकर कुमार ,उपाध्यक्ष सरोज सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साव, एवं उपसचिव शंकर कुमार ने अभिषेक के इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। अभिषेक ने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय उनकी मेहनत के साथ-साथ उनके कोच एवं माता-पिता , उनके साथ अभ्यास करने वाले दोस्त एवं अपने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक किशोर सोनी, साजिद रजा, कुतुबुद्दीन, अविनाश, पिंटू, उपेंद्र, सबीना, सपना, तनद्र, सुधा, चमेली, मानसी शिल्पा, सुशीला, कृति, इत्यादि शिक्षकों ने एवं स्कूल के समस्त परिवार ने बधाई दी हैं।

# माइनिंग प्रोजेक्ट ने टस्कर अवार्ड्स में राष्ट्रीय स्तर पर जीता पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव ।** माइनिंग प्रोजेक्ट ने टस्कर अवार्ड्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को और सशक्त किया है। सर्वश्रेष्ठ सामाजिक प्रभाव फिल्म इस श्रेणी में पीबी - सीएमपी को सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रभावशाली फिल्म के लिए स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया, जो स्थानीय समुदायों की भागीदारी और परिवर्तनशील पहल को रेखांकित करता है। ग्रामीण खेल आउटरीच ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं युवाओं को प्रेरित करने के लिए की गई पहलों के लिए परियोजना को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समावेशी विकास और सामाजिक समरसता में पीबी - सीएमपी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शैक्षणिक उत्कृष्टता खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान, विशेषकर वंचित वर्गों के बच्चों के लिए चलाए गए कार्यक्रमों को मान्यता देते हुए रजत पुरस्कार प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित समारोह केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में बीते दिन आयोजित किया गया, जहाँ पुरस्कार सांसद डॉ. शशि थरूर और केरल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए। एनएमएल पकरी बरवाडीह की ओर से जनसंपर्क अधिकारी दिलीप ठाकुर ने ये पुरस्कार ग्रहण किया। टस्कर अवार्ड्स देश के प्रतिष्ठित मंचों में से एक है, जहाँ सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इकाइयाँ, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और निजी संस्थान अपने-अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण मंच पर पीबी - सीएमपी की तीन जीत न केवल इसकी संचालन उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि इसके स्थायी, समावेशी और जनहितकारी दृष्टिकोण की भी पुष्टि करती है।

## जमीन की बाध्यता को लेकर पासवा ने विधायक नीरा यादव को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा के प्रतिनिधि मंडल ने कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के आवास पर मुलाकात कर निजी विद्यालयों को संचालित करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। सभा का संचालन महा सचिव अभय कुमार ने किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने बारी बारी से विधायक को निजी विद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराया।

मौके पर प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन, अध्यक्ष डॉ बीएनपी बरनवाल और संघ के सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से झारखंड में संचालित सभी निजी विद्यालयों को मान्यता लेने में बाधा बन रही जमीन की बाध्यता का जिक्र करते हुए अवगत करवाए। कहा कि झारखंड राज्य में हजारों हजार ऐसे निजी विद्यालय हैं जो आरटीई 2019 संशोधन से पहले ही निर्मित हो चुके हैं। हजारों विद्यालय आरटीई 2019 संशोधन के पहले से ही जिला शिक्षा विभाग को प्रपत्र1 भरकर जमाकर देते आए हैं। आरटीई 2019 संशोधन को निरस्त करते हुए आरटीई 2009 निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं 2011 निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तर्ज पर सभी निजी स्कूलों समय अवधि निर्धारित कर मान्यता दी जाए। यू-डाइस प्राप्त विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से औपचारिक मान्यता दी जाए एवं 5 वर्षों औपबंधिक समय देते हुए मानक अर्हता पूरी कराई जाए। नामांकित बच्चों के आधार पर जमीन की बाध्यता को शिथिल करते हुए जमीन की बाध्यता को समाप्त किया जाए। मौके पर कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार बरनवाल, सतगावां अध्यक्ष अजय कुमार, मरकच्चो सचिव दिलीप कुमार बरनवाल एवं अन्य पदाधिकारियों में सुनीता पांडे, कृष्णनंदन प्रसाद, रामचंद्र मोदी, सुनीता बर्नवाल, पिंटू कुमार, गंगाधर राणा, मनोज कुमार, नागेश्वर साव उपस्थित रहे।

## भाजपा के दोनों विधायक के समर्थक ठेका-पट्टा को लेकर आमने-सामने- माले

**जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के भाकपा माले नेता सह एक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा है कि भाजपा के दोनों विधायक के समर्थक ठीका पट्टा को लेकर आमने-सामने हैं। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि आप सबको पता है की डीवीसी केटीपीएस बॉझेडीह कोडरमा में 1600 मेगावाट का प्लांट (सेकेंड फेज) बनना है। जिनको लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और उनके समर्थकों एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव और उनके समर्थक ठीका पट्टा को लेकर आमने-सामने नजर आ रहे है। लेकिन उन दोनों विधायकों को यहां के स्थानीय मजदूरों और किसानों से कोई लेना-देना नहीं है। उन दोनों विधायकों को सिर्फ और सिर्फ चिंता है कि हमें और हमारे लोगों को ठीका पट्टा कैसे मिले।**

## इचाक पुलिस ने 26 नशा कारोबारियों को किया चिन्हित, सबों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

**इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक पुलिस इन दिनों नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला रही है। ड्रग्स पैडलरो के खिलाफ बड़ी कारवाई करते हुए 26 नामजद लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं करियातपुर निवासी दो आरोपी को इचाक पुलिस ने दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया था। जिसमें राहुल कसेरा और अविनाश कसेरा का नाम शामिल है। जिसे इचाक थाना कांड संख्या 72/25 में एनडीपीएस की धारा 17,21(बी), 22(बी), 25,27,29 के तहत मामला दर्ज करते हुए पूर्व में ही न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि अन्य के खिलाफ छापामारी अभियान तेज कर दिया है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ उनमें करियातपुर के राहुल कसेरा और अविनाश कसेरा के अलावा पोलु कसेरा, निक्की कुमार, पप्पु मेहता, निरज कुमार, राहुल कुमार मेहता, सुधीर मेहता उर्फ पकोडी, अरूण राम, मोदी मेहता, अवधेश मेहता उर्फ लुल्हा, सुमित कुमार साव बंटी कुमार साव, सत्यम कुमार मेहता, जितेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, अरविन्द मेहता उर्फ भोला, बिक्रम कुमार, विकास कुमार मेहता, सुदामा मेहता, मनिष मेहता, उपेन्द्र मेहता सभी थाना ईचाक के अलग अलग गांव के रहने वाले हैं। ये सभी क्षेत्रवार काम देखते हैं। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नशा कारोबारी किसी कीमत पर बक्शे नहीं जाएंगे। इन सबों के अलावा और भी जो नशा कारोबार कर रहे हैं उन्हें चिन्हित किया जा रहा है, जल्द उनपर भी कारवाई होगी।**

## कोडरमा अंचल के 264 एकल विद्यालयों में एक साथ प्रारंभ हुई वार्षिक परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** एकल ग्राम संगठन द्वारा संचालित कोडरमा अंचल के सभी 264 विद्यालयों में एक साथ वार्षिक परीक्षा की शुरूआत हुई। यह परीक्षा चार दिनों तक चलेगी, जिसमें कुल सात विषयों की जांच की जाएगी। परीक्षा के पहले दिन सभी विद्यालयों में मिलाकर कुल 7980 बच्चों ने भाग लिया। जिन विषयों की परीक्षा ली जा रही है, वे हैं भाषा ज्ञान, अंक ज्ञान, सामान्य ज्ञान विज्ञान, स्वास्थ्य शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, संस्कार शिक्षा और हस्तशिल्प शिक्षा। परीक्षा का आयोजन अंचल समिति के मार्गदर्शन में हो रहा है। इसकी निगरानी अंचल समिति सदस्य नारायण सिंह, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी कुंज बिहारी त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष संदीप केडिया और सचिव सुनील कुमार बड़गवे द्वारा की जा रही है। अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि समिति के साथ-साथ ग्राम समिति के सदस्य भी बड़े उत्साह से परीक्षा केंद्रों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और हर संभव सहयोग दे रहे हैं।

## हजारीबाग में रामनवमी के सफल आयोजन पर हुआ सम्मान समारोह

# हजारीबाग ने आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग की रामनवमी पूरे देश में अपनी भव्यता और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इस ऐतिहासिक पर्व को देखने हर वर्ष न केवल झारखंड, बल्कि देशभर से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। रामनवमी 2025 के सफल और शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के उपरांत पुलिस अधीक्षक आवास में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पत्रकारों, वर्तमान रामनवमी महासमिति अध्यक्ष, पूर्व महासमिति अध्यक्ष, समाजसेवियों और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों को सम्मानित किया, जिन्होंने रामनवमी के आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए गए पत्रकारों को एसपी ने व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और उनके कार्य की सराहना की। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी राज्य ही नहीं, देशभर में खास पहचान रखती है। इस बार की रामनवमी में प्रशासन, मीडिया, समाजसेवी और आम नागरिकों ने मिलकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने इस बार की रामनवमी की सकारात्मक तस्वीर टीवी और अखबारों के माध्यम से देशभर तक पहुंचाई, जिससे जिले की एक बेहतर छवि बनी है। एसपी ने कहा कि यह सम्मान समारोह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के योगदान को मान्यता देने का एक प्रयास है, जिन्होंने अपने-अपने स्तर से इस आयोजन को सफल और शांतिपूर्ण बनाया। मौके पर सदर एसडीपीओ अमित आनंद, एडिशनल एसपी अमित कुमार, बैजनाथ प्रसाद एसडीपीओ विष्णुगढ़, पवन कुमार एसडीपीओ बड़कागांव, मनोज कुमार सिंह डीएसपी सीसीआर समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, करते हो बजरंगी नाम मेरा हो रहा है..



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के द्वारा भजनों का कार्यक्रम नंदी बाबा चौक रामा स्टोर गली स्थित कृष्ण कांत सिंह रामानुज सिंह के निवास स्थान पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देवी, देवता का दरबार सजाया गया। सामूहिक श्री हनुमान चालीसा व अष्टक का पाठ किया गया इसके बाद गणेश वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ । विजय सिंह ने गणेश वंदना पधारो म्हारा अंगना.. गायक राजेश मिश्रा ने सबकी बिगड़ी तू बनाए मेरी कौन बनाएं.. सुशील सिन्हा ने काहे गईल कान्हा हो बृजवा के तेज के .. विशाल सिंह ने मेरी आप की कृपा से सब काम हो रहा है करते हो बजरंगी नाम मेरा हो रहा है.. विनोद चौरसिया ने ओ पालनहारे.. विजय पाण्डेय ने मेरी रक्षा करो बजरंग बली भजनों की प्रस्तुति दी। पूजा अर्चना विजय पांडेय ने कराई संचालन गौतम पांडेय ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नवीन सिन्हा, कोषाध्यक्ष बबलू पांडेय, मनोहर पांडेय, रामकृपाल कंठ, पीयूष कुमार सिंह, चन्द्रशेखर जोशी, सत्येंद्र नारायण सिन्हा, विमल मोदी, विकाश थापा, आशुतोष भदानी, विनय, अरविंद चौधरी, सचिन लोहानी, अमित सुरेलिया ,राजेश वर्मा, विकाश अग्रवाल, ज्योति पहाड़ी, बंटी शर्मा, सुनीता छाबड़ा, नीलम देवी, पूनम देवी, नीलू भदानी, कुमकुम भदानी, अंकिता भदानी,मुन्ना भदानी, विनोद चौरसिया, मनोज सेठ, राजेन्द्र वर्मा, अजय सिंह, राकेश कपसीमे, नितिन मिश्रा आदि लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का समापन आरती एवं रामधुन के साथ हुआ।

## घनश्याम गोप को मुक्तिधाम में दी गयी अंतिम विदाई

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप के पिता घनश्याम गोप का अंतिम संस्कार रविवार को हजारीबाग मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे पिछले एक सप्ताह से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र अभिमन्यु गोप ने उन्हें मुखाग्नि दी। स्व. श्री घनश्याम गोप एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अत्यंत सक्रिय रहे। वे रामनवमी महासमिति के लगभग 10 वर्षों तक महासचिव, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा सेवा संस्थान के प्रमुख कर्ता के रूप में लंबे समय तक कार्य करते रहे। समाज में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों तथा सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने मुक्तिधाम पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा महामंत्री सुमन पप्पू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राणा राहुल प्रताप, कुंवर मनोज सिंह, विनोद कुमार बेगिन, टोनी जैन, मूलचंद शाव, जय नारायण मेहता, रणधीर पांडे, सरदार कुलदीप सिंह, अनिल सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिन्हा समेत कई उपस्थित थे।

## घनश्याम गोप के निधन पर बटेश्वर मेहता ने जताया दुख

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्वर्गीय पाचू गोप के सुपुत्र और समाजसेवा को समर्पित जीवन जीने वाले घनश्याम गोप का आकस्मिक निधन हो गया। 85 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के संस्थापक बटेश्वर प्रसाद मेहता उनके आवास पहुंचे और गहरी संवेदना प्रकट की। कहा कि घनश्याम गोप का संपूर्ण जीवन समाज, धर्म और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। वर्ष 1980 से 1985 तक उन्होंने विश्व हिंदू परिषद में सक्रिय भूमिका निभाई और राम जन्मभूमि आंदोलन में भी अपना उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने राम जन्मभूमि के लिए हजारीबाग जिले में ईंट पूजन कार्यक्रम का सफल संचालन कर जिले को राष्ट्रीय अभियान से जोड़ा। धार्मिक रूप से भी वे अत्यंत समर्पित थे और अपने आवास स्थित शिव मंदिर के संरक्षक के रूप में आजीवन सेवा करते रहे। उनके निधन से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा हजारीबाग शोक में डूब गया है।

## घनश्याम गोप जी के निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेवी खो दिया है : केशव महतो कमलेश



**हजारीबाग (आजाद सिपाही) :** रविवार को जाने माने समाजसेवी घनश्याम गोप के निधन पर कांग्रेसियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपना शोक संदेश में कहा कि घनश्याम गोप जी प्रखर समाजसेवी थे । वे पाचू गोप सेवा संस्थान, राधा कृष्ण मारवाड़ी सेवा संस्थान अपने आवास स्थित शिव मंदिर के संरक्षक तथा हिन्दू-मुस्लिम एकता संघ के अध्यक्ष रहे । वे मृदभाषी, मिलनसार और दयालु प्रवृत्ति के व्यक्ति थे । उनके निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेवी खो दिया है । ईश्वर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठीन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करे। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर संजय कुमार ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, सदरूल होदा, खलील अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी शामिल हैं ।

## रेजांगला युद्ध की पवित्र मिट्टी कलश पहूंचा हजारीबाग नगर भ्रमण के साथ हुआ स्वागत

**हजारीबाग (आजाद सिपाही) :** यादव महासभा ने रविवार को रेजांगला युद्ध की पवित्र मिट्टी के साथ किया नगर भ्रमण यादव महासभा इन दिनों स्वर्ण जयंती समारोह के तहत देश भर में भ्रमण पर है इस यात्रा का उद्देश्य जनजागृति के माध्यम से अहिर समाज को संगठित कर अपने अधिकारों को सुनिश्चित करना है तथा इस हेतु समाज के योद्धाओं की वीरता को जन जन तक पहुंचाना है कहा जाता है कि रेहाग्लां के ऐतिहासिक युद्ध में मात्र 120 भारतीय सैनिकों ने 1300 से अधिक चीनी सैनिकों का मुकाबला किया। भीषण ठंड, सीमित हथियार और भोजन की कमी के बावजूद भारतीय जवानों ने आखिरी दम तक लड़ाई लड़ी और चीन की सेना को भारी क्षति पहुँचाई। इस लड़ाई में 114 भारतीय जवान शहीद हो गए थे, लेकिन उन्होंने जिस पराक्रम और बलिदान का परिचय दिया, वह आज भी भारतीय सेना और देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। मरणोपरांत इन सभी शहीद जवानों को वीर चक्र और सेना मेडल जैसे सैन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया था यह युद्ध सन 1962 में भारत और चीन के बीच लद्दाख के रेजांगला दर्रे पर हुआ था, वह आधुनिक सैन्य इतिहास की सबसे वीरतापूर्ण अंतिम लड़ाइयों में गिनी जाती है। यह युद्ध 18 नवम्बर 1962 को हुआ था, जिसमें भारतीय सेना की 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी ने अद्वितीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए चीनी सेना को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। इस कंपनी को ह्यअहीर कंपनीह्व के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इसके अधिकांश जवान अहीरवाल क्षेत्र से थे और यादव समुदाय से आते थे। इन्हीं शहीदों की स्मृति में रेजांग ला की पावन धरती की मिट्टी से भरे एक कलश को अखिल भारतीय यादव महासभा द्वारा पूरे देश में भ्रमण कराया जा रहा है। इस पवित्र कलश का उद्देश्य देशवासियों को इन वीर शहीदों के बलिदान की याद दिलाना और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना है। लोग जगह-जगह इस कलश का स्वागत कर रहे हैं और श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में यह पवित्र कलश हजारीबाग पहुँचा जहाँ श्री कृष्ण बलराम सेवा संगठन के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# चोर गिरोह के छह सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा

ऑनलाइन जुए में हारे युवकों ने पकड़ा अपराध का रास्ता

गिरोह का सरगना फरार, जल्द होगा सलाखों के पीछे : अजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ हजारीबाग और रांची जिले के बंद घरों से लाखों की संपत्ति उड़ने वाले चोर की रोग का पदार्फाश हुआ है। रामगढ़ पुलिस ने चोर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर कई कांडों का उद्भेदन कर दिया। हालांकि सरगना अब भी पुलिस के पकड़ से दूर है। लेकिन बहुत जल्द ही वह भी सलाखों के पीछे नजर आयेगा। रविवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि चोर गिरोह के आतंक को खत्म करने के लिए पुलिस कई महीनों से लगी हुई थी। 6 सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद आम जनता को राहत मिलेगी। एसपी ने बताया कि रामगढ़ जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के उद्भेदन के लिए एसआइटी गठित की गयी थी। एसआइटी ने यह स्पष्ट किया कि ऑनलाइन जुए में हारे हुए लोगों ने चोर गिरोह बनाकर आतंक फैला रखा था।

**ऑनलाइन जुए में हारने के बाद बनाया गया गिरोह :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि चोर गिरोह का सरगना रांची में रहता है। उसके साथ रामगढ़ जिले के भी कई लोग संपर्क में थे। यह सभी ऑनलाइन गेम में पैसा लगाते थे। जुए में इन लोगों को चूना लगा, तो वे लोग कर्ज में डूब गए। सभी लोगों ने मिलकर चोर गिरोह बनाया। मुख्य सरगना रांची में रहता है और एक्सयूवी 500 पर सवार होकर घूमता है। एसपी ने यह भी बताया कि गिरोह के सदस्यों के द्वारा उन घरों की रेकी की जाती थी जो बंद होते थे। जैसे ही सरगना को इसकी जानकारी होती थी वह घटनास्थल पर आता था। यह गिरोह चोरी में इतना माहिर हो गया था, कि आधे घंटे में ही पूरा घर खाली कर निकल जाता था। रामगढ़, हजारीबाग और रांची में अब तक हुए दर्जनों चोरी की घटनाओं में इस गिरोह ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

**छापेमारी दल में यह अधिकारी थे शामिल :** छापेमारी दल में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, टेक्निकल सेल प्रभारी रजत कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार आदि शामिल थे।



### बरकाकाना में लगे सीसीटीवी में कैद हुए थे चोर

शातिर चोर गिरोह लगातार उन घरों को निशाना बना रहे थे जो बंद थे। इसी दौरान बरकाकाना ओपी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर गिरोह और चोरी में प्रयुक्त होने वाला बाइक कैद हो गया। मोटरसाइकिल जेएच 24 जे 0823 का सत्यापन किया गया तो वह कुजू ओपी क्षेत्र के सुंदरियाबांध निवासी राजेश प्रसाद केसरी के पुत्र प्रिंस कुमार केसरी के नाम पर निकला। प्रिंस से पूछताछ हुई तो उसने बताया कि वह बाइक उसका बड़ा भाई संदीप कुमार केसरी इस्तेमाल करता है। इस सूचना के बाद पुलिस को पहली लीड मिली और संदीप कुमार केसरी को गिरफ्तार किया गया।

### संदीप की निशानदेही पर अन्य पांच चोर पकड़ाये

पुलिस ने जब संदीप केसरी से पूछताछ शुरू की तो वह बहुत जल्द ही टूट गया। उसने सीसीटीवी में कैद वीडियो और फोटो को देखकर अपने गिरोह के अन्य सदस्यों का पदार्फाश कर दिया। उसकी निशानदेही पर पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। संदीप केसरी के अलावा गिरफ्तार किए गए लोगों में कुदरिया बांध कुजू निवासी जागेश्वर कुमार,, अनुज कुमार, कुजू मुरपा बस्ती निवासी राजीव कुमार, करमा अंसारी टोला निवासी कमर रजा और शिवपुरी कॉलोनी चटनियां बस्ती निवासी सौरभ शर्मा शामिल हैं।

### 5 मई को बरकाकाना में चोरी करने गये थे लोग

संदीप केसरी ने पुलिस को बताया कि 5 मई को बरकाकाना ओपी क्षेत्र में वह अपने सहयोगियों के साथ चोरी करने गया था। उसने पुलिस को बताया कि हम लोग एक गिरोह के रूप में चोरी की घटना को अंजाम देते है। चोरी के सामानों को आपस में बांट लेते है। गिरोह का सरगना रांची में रहता है। गिरोह के द्वारा योजना बनाकर रांची, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के विभिन्न बंद पड़े घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार चोरों के पास से पुलिस ने चोरी का सोने का लोकेट, चांदी का सिक्का, जूता एवं चोरी में प्रयोग करने वाला औजार बरामद किया गया है। इसके अलावा 6 मोबाइल फोन, एक जोड़ा जूता, 1 इयर बड, चोरी में प्रयुक्त होने वाला पेचकस, लोहे का सब्बल आदि भी जब्त किया गया है।

CCL
Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## किसानों को उन्नत खेती का मिला प्रशिक्षण



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक और जैविक खाद के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रखंड के खूंटीकेवाल पंचायत सचिवालय में रविवार को कृषि संस्था द्वारा प्रखंड के सैकड़ो किसानों को एक दिवसीय फसल विविधता और कृषि व्यवसाय विषय पर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला ट्रेटरी मैनेजर निवारण पांडे द्वारा किसानों को प्राकृतिक व जैविक तरीके से कंपोस्ट पिट, जीवामृत, घन जीवामृत, बीजा मृत व दशपर्णी अर्क तैयार करने की विधियां सिखायी गयी। यह सभी जैविक विधियां आगामी मानसून के दौरान उपयोग में लायी जायेंगी, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहेगी और फसलों की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को सतत कृषि में लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्राय: यह देखा जाता है कि किसान रासायनिक खाद का प्रयोग करते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जबकि जैविक व प्राकृतिक खाद का उपयोग से उत्पादित फसल स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल अनुकूल है। उन्होंने कीटनाशक दवा के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर क्षेत्र प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार, राजकुमार यादव आशुतोष कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, विजय सिंह, संजय यादव, रूपन यादव, प्रमोद कुमार आदि सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## जदयू रामगढ़ जिला कमिटी की बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** नयामोड़ कुजू स्थित जदयू रामगढ़ जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी कुमेश्वर महतो मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, वार्ड एवं पंचायत स्तरीय सदस्यता अभियान चलाने, जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रष्टाचार के खिलाफ एकदिवसीय धरना देने, जिले के सभी प्रकोष्ठों को अविलंब गठन करने की निर्णय लिया गया। साथ ही, जिले में चल रहे अवैध कोयला व बालू पर अविलंब रोक लगाने की मांग प्रशासन से की गई और जिला पुलिस कप्तान को मिलकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सफीक अंसारी, उमेश कुमार, सुरेश प्रसाद, राधेश्याम महतो, बालेश्वर तूरी, पप्पू गुप्ता,किशोर महतो, दीपक तुरी, नागेश्वर महतो, हरि महतो, संतलाल महतो समेत कई लोग शामिल रहे।

## सांकुल पंचायत के पूर्व मुखिया का निधन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातु प्रखंड अंतर्गत साकुल पंचायत के पूर्व मुखिया शिवधन गंझु का रविवार को निधन हो गया। 45 वर्षीय शिवधन 2015 में मुखिया पद के लिए निर्वाचित हुए थे। इधर कुछ दिनों से वे बीमार रह रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी सहित तीन नाबालिग बच्चे छोड़ गये है। उनके निधन से सांकुल पंचायत के निवासियों सहित आस पास के पंचायत के ग्रामीणों में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को दामोदर नदी श्मशान घाट पर किया जाएगा। पूर्व मुखिया के निधन पर पंचायत वासियों सहित गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



शिवधन गंझु की फाइल फोटो

# बच्ची चोरी के आरोप में युवक की पिटाई

पुलिस ने छुड़ाया, पूछताछ जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** बच्ची चोरी करने के आरोप में रविवार की दोपहर क्षेत्र के ग्राम बंधिया में ग्रामीणों ने एक युवक को जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पाकर पहुंची कुजू पुलिस ने युवक को आक्रोशित भीड़ से छुड़ाने में सफल रही। वहीं, आरोपी युवक को अपने कब्जे में कर कुजू ओपी में पूछताछ कर रही है। साथ ही, घायल युवक का स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया है। आरोपी युवक ने पूछताछ के दौरान अपना नाम विशाल तिवारी (22 वर्ष) पिता स्वर्गीय दिलीप तिवारी पेटरवार निवासी बताया है। बंधिया (बोंगावार) के ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी युवक दोपहर करीब 12 बजे बूटबाड़ी में गांव के ही एक नौ वर्षीय बच्ची को बीस रुपया का लालच देकर अपने साथ ले जाने के प्रयास कर रहा था। वहीं, पास में ईंट भट्ठा में कार्य रही बच्ची को मां को ग्रामीणों के माध्यम से इसकी जानकारी मिली। जहां ग्रामीणों ने युवक का पीछा किया तो वह झाड़ियों में छिप गया। आक्रोशित भीड़ ने युवक को पकड़ने के बाद उसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी। मामले की जानकारी पाकर पहुंची कुजू पुलिस ने पिटाई खा रहे युवक को भीड़ की चंगुल से छुड़ाया। साथ ही, युवक को अपने कब्जे में लेकर स्थानीय नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार कराने के बाद मामले के संबंध में पूछताछ के लिए ओपी ले आई है। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह बिस्कुट खाने के लिए बच्ची को पैसे दे रहा था। यह उसकी आदत है। लेकिन ग्रामीण बच्चा चोर कहते हुए मेरी पिटाई शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।



## बारिश ने बदला मौसम, उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को रविवार शाम को राहत मिली। पिछले एक सप्ताह से हंटरगंज प्रखण्ड के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग भीषण गर्मी का अनुभव कर रहे थे। दोपहर 3 बजे बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। रविवार को सुबह से आसमान में हल्के बादलों ने डेरा डाल दिया था। लेकिन उमस भरी गर्मी ने आमजनों के पसीने छुड़ाती रही। दोपहर 3 बजते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होना प्रारंभ हो गयी, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गयी। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली, सड़कों पर व घरों की बालकनी में मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाये रहे।

## बारिश और तेज आंधी से टूटा घर प्रशासन से लगायी मदद की गुहार

**गिद्धौर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** बेमौसम मूसलाधार बारिश और तेज आंधी से एक गरीब का आशियाना रविवार को ध्वस्त हो गया। भीषण गर्मी में अचानक तेज बारिश होने के कारण जहां चिलचिलाती धूप से लोगों को राहत मिली, वहीं प्रखंड़ के पहरा पंचायत के सिंदुरबे गांव निवासी लोरेन उरांव का एस्बेस्टस का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे घर में रखे प्याज तथा खाने-पीने के सामान के साथ-साथ अन्य सामान भी नष्ट हो गया। जिससे भुक्तभोगी को काफी नुकसान हुआ है। लोरेन उरांव की पत्नी सुनीता देवी ने बतायी कि इस मकान में आठ लोग रहते हैं। और घर के सभी सदस्य उसी घर में बैठे थे ।अचानक आंधी के साथ आयी तेज हवा में घर के छत में लगे पाइप सहित एस्बेस्टस उखड़ कर जमीन पर गिर गया । हालांकि घर के किसी भी सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। लेकिन घर में रखे अन्य सामान नष्ट हो गया। जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। इसके अलावा इसी गांव के दासो उरांव का दूकान भी क्षतिग्रस्त हो गया ।जिसे लेकर पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन से तत्काल सहायता करने की गुहार लगायी है।



## रोटरी रामगढ़ सिटी ने लगाया हृदय रोग जांच शिविर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वावधान में रविवार को शहर के गोला रोड चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन क्लब के अध्यक्ष अनिल गोयल, सचिव सूरज अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक रूपेश गुप्ता, चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया , डॉ महेश कुशवाहा और डॉ राहुल बेरलिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ महेश कुशवाहा ने लोगों से स्वस्थ्य रहने के लिए समय-समय पर पने हर्ट की जांच कराने की सलाह दी। साथ ही नियमित खान-पान के अलावे ऑयली व मशालेदार खान-पान से बचने की सलाह दी। शिविर में डॉ महेश कुशवाहा ने लगभग 110 मरीजों के हर्ट की जांच कर उचित परामर्श भी दिया। शिविर के दौरान मरीजों के बीपी, शुगर व ईसीजी की नि:शुल्क जांच की गई। मौके पर रवि अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, अजय अग्रवाल, मनोज मोदी, विकास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रवि शर्मा, अनिल कुमार, अनामूल अंसारी, राजेश सिंह, जावेद समेत कई रोटेरियन शामिल थे।

# भाजपा नेता ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्या



आजाद सिपाही संवाददाता


**रामगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस जी द्वारा रविवार को 'जनता दरबार' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनता उपस्थित रही और अपनी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जनता दरबार में रामगढ़ कैंट वार्ड 5 (बंगाली टोला) की महिलाओं ने लगभग 10 वर्षों से चली आ रही पेयजल संकट की गंभीर समस्या को उठाया। मौके पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि जनता की समस्या ही मेरी प्राथमिकता है। पेयजल संकट जैसी मूलभूत समस्या को किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मैं स्वयं स्थल पर जाकर स्थिति का मुआयना कर चुका हूं और संबंधित पदाधिकारियों से मिलकर इसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करूंगा। जनता दरबार में कई अन्य समस्याएं जैसे पेंशन में विलंब, राशन कार्ड में त्रुटियां, सड़क की खराब स्थिति आदि भी उठायी गयी, जिनके समाधान के लिए उन्होंने अपनी टीम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह जनता दरबार जनता की आवाज को सीधे सुनने और हल निकालने का मंच है। यह प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# आरएनएम कॉलेज के शासी निकाय की बैठक

चतरा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर तेज नारायण प्रसाद सिंह बनाये गये सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज के राम नारायण मेमोरियल कॉलेज के शासी निकाय के गठन को लेकर चतरा सांसद काली चरण सिंह के चतरा स्थित आवास पर बैठक आयोजित कि गयी। बैठक की अध्यक्षता सांसद सह कालेज के अध्यक्ष कालीचरण सिंह ने किया । उक्त बैठक में कॉलेज के शासी निकाय के सदस्य सदर अनुमंडल पदाधिकारी मो जहूर आलम, प्राचार्य प्रोफेसर जैनेंद्र कुमार सिंह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रोफेसर मुख्तार आलम, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से चतरा कॉलेज चतरा के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर तेज नारायण प्रसाद सिंह को कॉलेज के विकास और पठन पाठन को सुदृढ़ बनाने के लिए सचिव पद की जिम्मेवारी दी गयी है। सचिव पद पर मनोनयन किये जाने पर प्रो रियाजउद्दीन अंसारी, डॉ राजीव रंजन तिवारी, शिवरतन सिंह, हाजी ताहिर हुसैन, प्रो पंकज कुमार, प्रो सरयू यादव, प्रो स्वेता सिंह, प्रो पूजा सिंह, प्रो कुमारी मंजू सिंह, प्रो राखी सिंह के अतिरिक्त कॉलेज के सभी कर्मियों ने शासी निकाय के अध्यक्ष सासंद काली चरण सिंह तथा शासी निकाय के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि विगत चार माह से शासी निकाय भंग था। फोटो 1



## कोयला लदे हाइवा की टक्कर से युवक घायल

**केरेडारी(आजाद सिपाही)** प्रखण्ड क्षेत्र के फोर लेन बाय पास सड़क के समीप केरेडारी कोल माइंस से कोयला लदे हाइवा जेएच 19 एफ 5586 ने एक युवक को चपेट में ले लिया जिससे उक्त युवक का बायां पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयो घटना रविवार की अहले सुबह करीब 7 बजे की है युवक लातेहार का रहने वाला था व केरेडारी प्रखण्ड के लोचर में एक रिश्ते में आया हुआ थो घटना के तुरन्त बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायल युवक को केरेडारी सीएचसी ले गए जहाँ मामूली इलाज कर तुरन्त हजारीबाग रेफर कर दिया गया लेकिन क्षेत्र में बड़ी बड़ी कोल कंपनियों के होने के बावजूद इस अस्पताल इस अस्पताल में लचर व्यवस्था व समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने से परिजन व ग्रामीण खासे आक्रोशित हुए व जमकर हंगामा कियो बाद में एनटीपीसी से एम्बुलेंस आया तब घायल युवक को हजारीबाग भेज गयो समाचार लिखे जाने तक युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे व कोयले की ट्रांसपोर्टिंग बन्द करने की मांग को लेकर घटनास्थल पर सड़क जाम कर दिया जिससे कोल वाहनों की लंबी कतार लग गयी और समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम ही है।



## मगध संघमित्रा कोल परियोजना में विस्थापित परिवार के संवेदकों की बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध संघमित्रा कोल परियोजना में विस्थापित परिवार के संवेदकों की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता राजेश साव, संचालन अनिल साव के द्वारा किया गया। बैठक में विस्थापित गांव के दर्जनों संवेदकों ने भाग लिया। जिसमें निर्णय लिया गया कि विस्थापित गांव के स्थानीय संवेदकों को ठेकेदारी में अधिक से अधिक हिस्सा मिले। इसे लेकर विस्थापित गांव के संवेदक एकजुट होंगें। साथ ही निर्णय लिया गया कि बाहरी संवेदकों का बहिष्कार किया जाएगा,आगे की रणनीति बनाने बनाने के लिए आगामी बैठक 22 मई को होगी जिसमें व्यापक प्रचार प्रसार कर सभी संवेदको को एकजुट किया जायेगा। इस मौके पर सीताराम साव, रामविलाश साव, शंकर सिंह, रतन साहू, मंजूर आलम, मो मेराजुद्दीन, हेमंत कुमार यादव, आदित्य साव, अनिल साव, मदन कुमार, योगेश्वर प्रसाद साहू हुलास साव शिवनारायण साव बिरजू उरांव गौतम समेत दर्जनों उपस्थित थे।

# मां शीतला मंदिर में हवन-पूर्णाहुति और भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा के सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर के 25वां स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान का रविवार को हवन-पुणार्हुति व भव्य भंडारा के साथ समापन हो गया। यज्ञ के तीसरे दिन पुरोहित अनिश पांडेय, शंकर पांडेय, रविन्द्र पांडेय, अमित पांडेय, पवन पांडेय, प्रशांत पांडेय, विक्रम पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रुद्रभिषेक, माता रानी व महादेव का श्रृंगार, हवन-पूजन, आरती सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। पूजा में बतौर यजमान ननकू महतो और रुबी देवी, राजन नायक और मधु देवी, विजय वर्मा और पूनम देवी, रोशन नायक और सरस्वती देवी, संतोष चौरसिया और रतनी देवी, उपेन्द्र प्रसाद और रीना देवी सपत्नी शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इधर अंतिम दिन भी यज्ञ मंडप का परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूजा के बाद नव कन्याओं को भोजन कराया गया। वहीं शाम चार बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारा का शुभारंभ पूर्व जिप उपाध्यक्ष एवं यज्ञ समिति के संरक्षक मनोज राम ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा में सैंकड़ों महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व शनिवार को संध्या में प्रवचन का आयोजन का किया गया। जिसमें आचार्य शिव शंकर पांडेय ने अपनी अमृतवाणी की वर्षा में श्रद्धालुओं को भिगोये रखा। उन्होंने प्रवचन के माध्यम से धर्म, आस्था और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। यज्ञ को संपन्न कराने में पूर्व जिप सह यज्ञ समिति के संरक्षक मनोज राम, संरक्षक उत्तम सिन्हा, अध्यक्ष रोशन नायक, सचिव विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष राजन नायक, ननकु महतो, विजय वर्मा, मुरली प्रजापति, संतोष चौरसिया, उपेन्द्र, जितेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेश पासवान, गुड्डु सिन्हा, कुलदीप प्रजापति सहित दर्जनों श्रध्रालुओं का विशेष योगदान रहा।



## सीकरी मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष फूलचंद गिरी और सचिव अरुण कुमार बने



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में मंडा पूजा करने को लेकर रविवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बसंत नारायण सिंह व संचालन फूलचंद गिरी व अशोक गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। बैठक में गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी मंडा पूजा मनाने पर विचार विमर्श किया गया एवं कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष फूलचंद गिरी, उपाध्यक्ष धनेश्वर राम, सचिव अरुण कुमार, उप सचिव पृथ्वीराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार राम, संयोजक बसंत नारायण सिंह, बंसी राम, भोला महतो, नारायण महतो, द्वारिका महतो और तुलसी राणा संरक्षक में स्वरूप नारायण सिंह, जय नारायण सिंह, कैलाश पांडेय, सत्येंद्र पासवान,रामचंद्र साव एवं वर्तमान एवं पूर्व मुखिया, पंसस व सभी वार्ड सदस्य का चयन किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में अशोक कुमार शर्मा, हरिश्चंद्र प्रसाद व अरुण गुप्ता का चयन किया गया।

# अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते

वाशिंगटन में एक मीम खूब चल रहा है-अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध खत्म हो गया है, जो ट्रंप 2.0 द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक युद्ध की ओर छिटपुट ध्यान देने, अंतिम क्षण में हस्तक्षेप करने तथा श्रेय लेने की उत्सुकता के बारे में बहुत कुछ कहता है। अमेरिकी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने परमाणु युद्ध को रोकने के लिए व्यापार का सहारा लिया था। यदि आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप के अनुसार यह एक सीधा प्रस्ताव धमकी, सौदा, व्यापार या अमेरिकी दिमाग से गायब हो जाने वाला था। भारतीय अधिकारियों ने युद्ध विराम के बारे में दोनों पक्षों के बीच बातचीत में व्यापार के किसी भी उल्लेख से तुरंत और विनम्रता से इंकार कर दिया। अमेरिकी हस्तक्षेप ने दोनों देशों को एक-दूसरे से संदेश प्राप्त करने और निर्णय लेने में मदद की। आग पर रोक लगना, अभी के लिए अच्छी खबर है, इससे पहले कि चक्र फिर से शुरू हो जाये। ट्रंप ने इसका श्रेय लेने में देर नहीं लगायी। बेशक, ट्रंप एक युद्ध को रोकने के लिए ऐसा करेंगे, जो उनके कैलेंडर पर नहीं था जबकि 2 युद्धों को रोकने में विफल रहे, जो उनके कैलेंडर पर थे। तुरंत ही उन्हें शांति राष्ट्रपति के रूप में पेश किया गया। दक्षिण एशिया के प्रमुख विशेषज्ञों ने अतीत की तरह दक्षिण एशियाई संकटों में मध्यस्थता करने में अमेरिका की अपरिहार्यता का हवाला दिया, जबकि मार्को रुबियो की कूटनीति की सराहना की। यह सब अमेरिकी आख्यान के लिए अच्छा था। वाशिंगटन ने उदासीनता के जबड़े से जीत छीन ली। जेडी वेंस को याद करें, जिन्होंने कहा था कि भारत-पाकिस्तान युद्ध मूल रूप से हमारा काम नहीं है, अपना काम करो। इस संदेश ने पाकिस्तानियों को चिंतित कर दिया वे ध्यान, प्रासंगिकता और बचाव चाहते थे। अंत में उन्हें भारत की कीमत पर अमेरिका से ये तीनों ही चीजें मिल गयीं। हां, ऐसा लगता है कि अमेरिका अपने जल्दबाजी में बनाये गये बयानों में भारत और पाकिस्तान को फिर से एक साथ लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविक नीति तय करने में अर्थव्यवस्था और भू-राजनीति का ज्यादा महत्व है न कि पाकिस्तान की असुरक्षा का। इसके अलावा, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मंदी में है। जैसा कि कहा गया है, यह काफी अप्रत्याशित है। ट्रंप लापरवाह हैं कि वह किसी भी दिशा में जा सकते हैं। इससे कोई मदद नहीं मिलती कि दक्षिण एशिया पर प्रशासन की बैंच पतली है। पॉल कपूर, एक सम्मानित शिक्षाविद् की अभी तक सहायक सचिव दिल्ली के रूप में पुष्टि नहीं की गयी है, जिसके कारण अज्ञात हैं। वरिष्ठ क्षेत्रीय विशेषज्ञों की अनुपस्थिति अमेरिका की संलग्न रहने और निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता को कम करती है। दिल्ली में कुछ नाराजगी पैदा हुई। ऐसा लगता है कि यह भाषा पूरी तरह से पाकिस्तान को खुश करने के लिए तैयार की गयी है। भारतीय अधिकारियों ने पहले ही इस दावे पर संदेह जताते हुए कहा है कि बातचीत की कोई योजना नहीं है। कोई भी अमेरिकी जिसने इस क्षेत्र से संबंध बनाये हैं, वह जानता होगा कि भारत ने कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है और न ही करेगा। यह भारत के लिए एक गैर-शुरुआती कदम है और पाकिस्तान के लिए यह लोगों को डराने वाली गोली है। इससे ज्यादा कुछ नहीं, इससे कम भी नहीं। पाकिस्तानी सेना को जीत का दावा करने और देश के बजट का बड़ा हिस्सा पाने के लिए इसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 18 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की है और असीम मुनीर ने इसे नया जीवन दिया है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बहुत लंबे समय तक कोई बातचीत होने की संभावना नहीं है। एक बार फिर, जब राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद या पीओके की वापसी के बारे में हो सकती है। पेंटागन के लिए यह अच्छा विचार हो सकता है कि वह मुनीर के जीवन और समय पर गहराई से विचार करे तथा 16 अप्रैल को उसके द्वारा दिये गये भड़काऊ भाषण का अध्ययन करे।

> **भारतीय अधिकारियों ने पहले ही इस दावे पर संदेह जताते हुए कहा है कि बातचीत की कोई योजना नहीं है। कोई भी अमेरिकी जिसने इस क्षेत्र से संबंध बनाये हैं, वह जानता होगा कि भारत ने कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है और न ही करेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है - आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नयी सामान्य स्थिति स्थापित की गयी है।**

# ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम



लक्ष्मी पुरी




ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है - आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नयी सामान्य स्थिति स्थापित की गयी है।

कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जायेंगे, भले ही राज्य प्रायोजित आतंकवादी ठिकाने आधिकारिक सुरक्षा संरचनाओं के साथ कितने भी जुड़े हुए हों।

> **'सिंदूर' नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है।**

सिंदूर सिद्धांत, भारत की संप्रभुता और सभ्यतागत लोकाचार को बनाये रखने में निहित है। इसका उद्देश्य इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना, आंतरिक एकता, सद्भाव और शांति सुनिश्चित करना और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश को त्वरित आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। यह सीमा-पार आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करता है और भारत को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा में निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिसे पुनर्परिभाषित और विस्तृत किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है: भारत के खिलाफ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी - अब कोई संदेह की स्थिति नहीं है, किसी दूसरे तरीके से युद्ध को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, आतंकवाद से होने वाले नुकसान के आगे हार नहीं मानी जायेगी। ऑपरेशन के बाद राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री का संबोधन सफलता की पुष्टि से कहीं अधिक था। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिये गये इस संबोधन ने एक नयी रणनीतिक व्यवस्था का अनावरण किया- दृढ़, गरिमापूर्ण और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित। इसने एक सरल लेकिन दृढ़ संदेश दिया: भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन शांति को शक्ति का समर्थन होना चाहिए।

अपने मूल में प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर सिद्धांत तीन अलग सिद्धांतों पर जोर देता है, जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहला, भारत उन देशों के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं; जब बातचीत फिर से शुरू होगी, तो यह द्विपक्षीय होगी तथा इसमें केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर चर्चा होगी।

दूसरा, भारत आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है तथा व्यापार और राष्ट्रीय सम्मान के बीच एक सुदृढ़ रेखा खींचता है। अंत में, भारत अब परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा- ऑपरेशन सिंदूर ने निर्णायक रूप से उन सभी भ्रमों को तोड़ दिया है कि परमाणु खतरे, आतंकी कृत्यों के ढाल बन सकते हैं।

'सिंदूर' नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर - पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की; भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है। भारत की प्रतिक्रिया एक सैद्धांतिक विरासत का अनुसरण करती है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर 1980 के दशक के इंदिरा सिद्धांत तक तथा 1998 में पोखरण-II परीक्षणों के जरिए वाजपेयी जी के साहसिक परमाणु दावे से लेकर – जिसने वैश्विक दबावों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत के आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकार की पुष्टि की और विश्वसनीय न्यूनतम अवरोध की नीति स्थापित की–से लेकर उरी और बालाकोट में प्रदर्शित मोदी सिद्धांत तक, भारतीय शासन नीति ने लंबे समय से संकट के समय और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में संप्रभु निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

सिंदूर सिद्धांत इसे आगे बढ़ाता है, आत्मविश्वास से भरे भारत ने इसका समर्थन किया है। देश अपने मूल हितों तथा अपने नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए स्वतंत्र एवं मजबूती से काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भू-राजनीतिक रूप से इस ऑपरेशन ने क्षेत्रीय उम्मीदों को फिर से स्थापित किया है।

आतंकवाद के लिए ढाल के रूप में परमाणु शक्ति का इस्तेमाल करने के आदी पाकिस्तान का सीधे सामना किया गया है। दंड से मुक्ति का भ्रम टूट गया है।

चीन, हालांकि औपचारिक रूप से तटस्थ है, उसे अपने सहयोगी की कमजोरी को समझना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर रूस तक, वैश्विक शक्तियां भारत को बाहरी संकेत या समर्थन की प्रतीक्षा किये बिना कार्रवाई करते हुए देख रही हैं। अन्य पड़ोसियों को अब अपनी दुर्भावना और भारत विरोधी कार्रवाइयों के परिणामों का आकलन करना चाहिए।

पिछले 11 वर्षों में, भारत ने कई भौगोलिक क्षेत्रों में और प्रमुख शक्तियों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी का एक सघन और मजबूत नेटवर्क सफलतापूर्वक निर्मित किया है। इसने बहुपक्षीय और लघुपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग व्यवस्थाओं में भाग लिया है और मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, प्रमुख शक्तियों और इन साझेदारियों से जुड़े भारत के कई रणनीतिक और रक्षा संबंध अग्नि परीक्षा से गुजरे।

पहलगाम के बाद संतोषजनक बात यह थी कि हमारे भागीदारों द्वारा आतंकवादी हमलों की सार्वभौमिक निंदा की गयी। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तीव्र कार्रवाई के बाद, परमाणु-संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ने के बारे में चिंताएं व्यक्त की गयीं। प्रतिक्रियाएं इस बात से भी प्रभावित थीं कि इस सैन्य संघर्ष में उनके हथियार प्रणालियों ने कैसा प्रदर्शन किया या कि क्या प्रदर्शन करने में विफल रहे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें न केवल अपने रणनीतिक साझेदारों को सावधानी से चुनना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ये साझेदारियां सिंदूर सिद्धांत को शामिल करती हों। इसका मतलब यह है कि उन्हें पाकिस्तान पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके उसके आतंकी ठिकानों को खत्म करना चाहिए और राज्य-नीति के रूप में आतंकवाद का परित्याग करना चाहिए। यदि हमें पाकिस्तानी आतंकवादी-सैन्य ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करना पड़ता है, तो उन्हें हमारे साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। दुष्टों के लिए कोई शरणस्थली नहीं, कोई बचाव नहीं। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जिस आतंकी ढांचे को निशाना बना रहा है, वह न सिर्फ भारत और लोकतंत्र के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि और विकास के इंजन के रूप में देश की भूमिका के लिए भी खतरा है।

पाकिस्तान से आतंकवाद को वैश्विक स्तर पर निर्यात किया जाता है - यूरोप, यूके, संयुक्त राज्य अमेरिका और उससे आगे। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय समुदाय का अधिकांश हिस्सा आंखें मूंद कर बैठा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी समूह पाकिस्तान में खुलेआम काम करते हैं। पाकिस्तान पहले भी आतंकवादी समूहों की शरणस्थली था और अब भी है। ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान, पाकिस्तान के रक्षा और विदेश मंत्रियों ने सार्वजनिक रूप से इतना स्वीकार किया। भारत ने आतंक के इस असंख्य सिर वाले राक्षस के खिलाफ कार्रवाई करके वैश्विक सेवा की है। यह अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति के योद्धा के रूप में खड़ा है।

दुनिया को कार्रवाई करने के लिए जागरूक होना चाहिए और आतंक के अपराधियों और इसके खिलाफ काम करने वालों के बीच नैतिक समानता स्थापित करना बंद करना चाहिए - चाहे उनके संकीर्ण, अल्पकालिक, दिखावटी विचार कुछ भी हों। सिंदूर सिद्धांत का आर्थिक आयाम भी महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के साथ कोई व्यापार नहीं की स्पष्ट घोषणा करके, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आर्थिक उपायों को क्रियान्वित किया है।

व्यापार और सिंधु जल संधि जैसी संधियों को निलंबित करने जैसे कदम आर्थिक संबंधों को राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों के साथ मजबूती से संरेखित करने के भारत के संकल्प को रेखांकित करते हैं। ये उपाय एक स्पष्ट संदेश देते हैं: आतंक के खात्मे के बाद आर्थिक संबंध बनने चाहिए, न कि पहले। अस्तित्व आधारित संदेश यह है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।

नारी-शक्ति से जुड़ा एक शक्तिशाली आख्यान ऑपरेशन के संदेश को पुष्ट करता है और इसे सुर्खियों में लाता है: भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका। ऑपरेशन के बाद दो महिला अधिकारियों ने प्रमुखता से सैन्य प्रेस वक्तव्यों का नेतृत्व किया, जो भारत के रक्षा परिदृश्य में महिलाओं के बढ़ते महत्व का प्रतीक है। नारी शक्ति (महिला सशक्तिकरण) के इस क्षण ने महिलाओं के प्रति भारत के सभ्यतागत सम्मान को मजबूत किया, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर समकालीन महिला सैन्य अधिकारियों तक के ऐतिहासिक उदाहरणों की प्रतिध्वनि की, जिससे राष्ट्रीय गौरव को लैंगिक समावेश के साथ जोड़ा गया।

भारत की सैन्य ताकत घरेलू नवाचार की मदद से तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, कुछ विदेशी प्रणालियों का इस्तेमाल किया गया था, स्वदेशी मिसाइलों, ड्रोन और निगरानी उपकरणों की सफल तैनाती, रक्षा में आत्मनिर्भरता की परिचालन परिपक्वता को उजागर करती है। यह हमारे निर्यात जोर और मांग को बढ़ाता है। हमने भारत में आयातित और सह-निर्मित हथियार प्रणालियों के साथ-साथ पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हथियार प्रणालियों का भी परीक्षण किया और इनसे हमारे द्वारा लिए गए सही निर्णयों की पुष्टि हुई।

ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया कि भारत वैधता नहीं चाहता - वह न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। सिंदूर सिद्धांत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं है; यह सैद्धांतिक स्पष्टता का एक सक्रिय दावा है।

भारत के नागरिकों के, विशेषकर महिलाओं के जीवन, गरिमा, भलाई और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जा/२गा। इसी बिंदु पर राष्ट्रीय सुरक्षा का राष्ट्रीय सम्मान के साथ संगम होता है। यहीं पर प्राचीन मूल्य, आधुनिक ताकत के साथ मिलते हैं। और यहीं पर भारत खड़ा है- निडर, अडिग और एकजुट।

**जय हिंद।**

**(लेखिका : संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव और संयुक्त राष्ट्र महिला की उप कार्यकारी निदेशक तथा भारत की पूर्व राजदूत हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली 25 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आगामी 25 मई को साकची में होने वाले जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।रविवार को तिलक पुस्तकालय में रैली की तैयारी को लेकर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में आयोजित बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी वरीय नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा आगामी 25 मई को दिन के तीन बजे साकची में होने वाले जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्रीगण,विधायकगण एवं वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। उन्होंने प्रखण्ड, मंडल, पंचायत स्तर के कार्यकर्ता, समाज के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन एवं आम जनता को ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में बैनर, पोस्टर, होडिंग और जनसंपर्क अभियान के लिए जिम्मेदारी दी गयी। ताकि कांग्रेस पार्टी के द्वारा आयोजित भव्य रैली को सफल बनाया जा सके। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने की। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक देविका सिंह, महेंद्र मिश्रा, रामलाल प्रसाद पासवान, ब्रजेन्द्र तिवारी, बिजय यादव, खगेनचन्द्र महतो, गुलाम सरबर, कमलेश कुमार पाण्डेय, के. के. शुक्ला, प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, संजय घोष, राजेश कुमार, इरसाद हैदर, प्रखंड संगठन प्रभारी शशी कुमार सिन्हा, शफीअहमद खान, इंतिखाब वास्ती, ज्योति मिश्र, अजय मंडल, मण्डल अध्यक्ष मुन्ना मिश्र, राजनारायण यादव, विनोद यादव, नारायण डे, सुनीता ओझा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

# पेट्रोल पंप लूटकांड का मुख्य आरोपी जल्ला फिरोज गिरफ्तार

**एक देसी कट्टा और गोली बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बीते दिनों पोटका थाना क्षेत्र के हाता चौक स्थित पेट्रोल पंप में महिला कर्मचारियों से हथियार के बल पर लूट कांड को अंजाम देने के मामले में जमशेदपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लूट कांड के मुख्य आरोपी जल्ला फिरोज को गिरफ्तार कर लिया। अपराधी के पास से एक देसी कट्टा और गोली पुलिस में बरामद कर लिया। जानकारी देते हुए एसएसपी कौशल किशोर ने बताया पेट्रोल पंप में लूट की घटना में कुल तीन अपराधी शामिल थे। इन अपराधियों ने न केवल पेट्रोल पंप में लूटपाट की बल्कि उड़ीसा के रायरंगपुर में एक शराब दुकान में मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया। इसके आलावे सरायकेला खरसावां जिले में भी अपराधी घटनाओं को अंजाम दिया है। एसएसपी ने बताया लूट कांड में शामिल कुल तीन अपराधी थे। अफजल अंसारी को उड़ीसा पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। जल्द ही जमशेदपुर पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। वहीं तीसरा आरोपी अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार जल्ला फिरोज के पास से एक देसी कट्टा और गोली बरामद की गयी है। पूछताछ में जल्ला ने न सिर्फ जमशेदपुर, बल्कि सरायकेला, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ सहित अन्य जिलों में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है। एसएसपी कौशल ने जल्ला फिरोज की गिरफ्तारी को जमशेदपुर पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। उन्होंने कहा इससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगने में मदद मिलेगी।

# शहर के खिलाड़ियों को फिटनेस का पाठ पढ़ायेंगे विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** खेल जगत में सफलता प्राप्त करने की राह में युवा खिलाड़ियों के लिए फिटनेस एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु देशभर में कार्यरत एक विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट की टीम अब जमशेदपुर के खिलाड़ियों को फिटनेस का महत्व समझाने और उन्हें उचित मार्गदर्शन देने के लिए सक्रिय हो चुकी है। साकची स्थित एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली से आये प्रख्यात फिजियोथेरेपिस्ट डॉ शांतनु ने बताया खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस ही उनके उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा फिटनेस की कमी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रभावित कर रही है। जिससे उन्हें कई बार खेल से दूर भी होना पड़ता है। डॉ शांतनु ने बताया उनकी टीम अरविंद चावला के नेतृत्व में कार्य कर रही है।अब जमशेदपुर में भी खिलाड़ियों को फिटनेस के प्रति जागरूक करेगी। टीम में शहर के ही अनुभवी फिजियोथेरेपिस्ट डॉ गौतम भारती और डॉ हिमांशु शेखर भी शामिल हैं।जो खिलाड़ियों को नियमित रूप से फिटनेस टिप्स, चिकित्सकीय सलाह और प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। वर्तमान में यह टीम जमशेदपुर में आयोजित जूनियर फुटबॉल लीग में सक्रिय रूप से कार्यरत है। युवा खिलाड़ियों को आवश्यक फिजियोथेरेपी सहायता उपलब्ध करा रही है। डॉ गौतम भारती ने कहा, फिटनेस से खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सहनशक्ति, शक्ति, गति और लचीलापन प्राप्त करते हैं। साथ ही यह चोटों से बचाव में भी सहायक होती है। इस अवसर पर डॉ शांतनु, डॉ गौतम भारती, डॉ हिमांशु शेखर और अरविंद चावला मंच पर उपस्थित रहे।

# झामुमो पोटका प्रखंड कमिटी की बैठक, संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका/ जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के तेतला स्थित इम्पेरियल रिसोर्ट में झामुमो पोटका प्रखंड कमिटी की एक अहम बैठक आयोजित की गयी। रविवार को प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य आथिति पोटका विधायक संजीव सरदार, पोटका प्रखंड के 34 पंचायतों के प्रतिनिधि, झामुमो के केंद्रीय, जिला और प्रखंड स्तर के वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की शुरूआत विगत बैठकों की समीक्षा से हुई। जिसके पश्चात संगठनात्मक मजबूती, पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता सक्रियता और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन ने बताया प्रत्येक पंचायत से दो-दो विकास योजनाओं के प्रस्ताव एकत्र किए गये हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में खराब जलमीनारों की सूची, धुमकुड़िया भवन निर्माण तथा जाहेरथान की घेराबंदी जैसे मुद्दों पर भी ठोस पहल की जा रही है।

# सनराइज हॉस्टल में बच्चों की पिटाई रात में सड़क पर रोते मिले नाबालिग

**सिसकते बच्चों को मयंक की सूझ-बूझ ने बच्चों को अभिभावक तक पहुंचाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



सिसकते बच्चों के साथ मयंक द्विवेदी।

**गढ़वा।** हॉस्टल के नाम पर बड़े शैक्षणिक संस्थानों की तरह अध्ययन कराने का झांसा देने वाले एक हॉस्टल की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। पढ़ाई के नाम पर मोटी रकम लेकर कच्चे उम्र के बच्चों के साथ प्रताड़ना की अंतिम सीमायें लांघने वाले हॉस्टल का नाम सनराइज है। जो गढ़वा जिला मुख्यालय के सुखबाना मुहल्ले में स्थित है। 17 मई रात्रि में हॉस्टल संचालक और हॉस्टल में प्रतिनियुक्त शिक्षकों ने प्रतिदिन की तरह 6 से 10 वर्ष के नन्हें बच्चों को जानवरों की तरह पीटना शुरू कर दिया। अंतहीन पीड़ा से ग्रसित बच्चों ने अपनी जान बचाने के ख्याल से हॉस्टल की घेराबंदी को फांदकर बाहर निकल गये और गढ़वा शहर के मेन रोड की ओर रुख कर दिये। अनजान शहर में भटकते हुए बच्चे रात्रि करीब एक बजे गढ़वा शहर के रंका मोड़ पहुंच गये। वे वहीं बिजली के उजाले में सुबह होने और अपने को सुरक्षित होने की प्रार्थना ईश्वर से करने लगे। विपत्ति की इस घोर बेला में झामुमो के युवा नेता मयंक द्विवेदी उन बच्चों के लिए सहारा बनकर वहां पहुंच गये। नाबालिग बच्चों की पीड़ाजनक आपबीती ने मयंक को हिला दिया। मयंक ने उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाने का ढाढस बंधाया। उन्होंने अविलंब पुलिस और बच्चों के अभिभावकों को इसकी सूचना दी। मयंक ने अनाचार की सीमा लांघने वाले सनराइज स्कूल के हॉस्टल संचालक को भी कड़ी फटकार लगाई और भविष्य में इस तरह की हरकत करने पर गंभीर परिणाम दिलाने की चेतावनी दी।

मयंक ने आंसुओं से सराबोर पांचों बच्चों को पुलिस प्रशासन को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने इस घिनौने कृत्य के लिए हॉस्टल संचालक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की नहीं बल्कि भारत के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ का प्रयास है। ऐसे लोगों को परिणाम दायक सजा जरूरी है। इधर इस संबंध में स्कूल सह हॉस्टल संचालक अरविंद नामक व्यक्ति से संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार खेल खेल में बच्चों के द्वारा कैरम बोर्ड टूट जाने के कारण बच्चों की पिटाई की गयी थी।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में चार दिवसीय समर कैंप का समापन

# शिक्षक-शिक्षिकाएं मिट्टी को सोना बनाने का काम करते हैं: डीजीएम

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में चार दिवसीय समर कैंप का समापन सह दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष सह सेल डीजीएम एसयू मेदा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक उपस्थित थे। मौके पर डीजीएम श्री मेदा ने कहा कि डीएवी भवनाथपुर के शिक्षक शिक्षिकाएं मिट्टी को सोना बनाने का काम करते हैं, क्योंकि शहरों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के माता पिता बहुत पढ़े लिखे होते हैं, इसलिए उनके बच्चे अच्छा करते हैं, लेकिन यहां के इस ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चे भी उनका मुकाबला कर पाते हैं, यह डीएवी भवनाथपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य के विशेष परिश्रम का परिणाम है। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि छुट्टियों के अंदर हमारे बच्चे कुछ स्पेशल सीखें इसके लिए हम सभी शिक्षकों ने मिलकर निर्णय लिया कि बच्चों को चार दिन के अंतर्गत योग संगीत आर्ट एंड क्राफ्ट डांस आदि का विशेष प्रशिक्षण देंगे ताकि बच्चे अपना सर्वांगीण विकास कर सकें। कैंप में भाग लेने वाले सभी छात्रों के अभिभावकों को भी प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की आप सभी ने छुट्टियों में भी अपने बच्चों को विद्यालय भेज कर इस समर कैंप को सफल बनाया। समापन समारोह में बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट संगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। दसवीं बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शुभ आदित्य जय सिंह और हर्ष को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। 12वीं बोर्ड के विज्ञान संकाय के कृष मिश्रा, साक्षी प्रिया, अनीशा सिंह तथा कॉमर्स संकाय में राहुल कुमार मेहता, नवल पुञ्ज और हर्षराज रमन को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन तथा सभा का संचालन संस्कृत शिक्षक प्रवीण कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, बृजेंद्र कुमार, संजय राय भट्ट, गणेश त्रिवेदी, शिक्षिका रंजना वर्मा, शशि बाला नेहा, शबनम, सुनैना, बुलबुल, डॉली आदि उपस्थित थी।

# बारिश के बाद उमस और बिजली संकट ने बढ़ायी लोगों की परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** बीते दो दिनों में मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते हल्की बारिश हुई, जिससे इलाके में उमस बढ़ गयी है। इस भीषण उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। ऐसे में कांडी बिजली ग्रिड की लचर व्यवस्था ने लोगों की परेशानियों को और भी बढ़ा दिया है। जानकारी के अनुसार, बीते दो दिनों से बिजली की आंख-मिचौनी जारी है। बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं होने के कारण आमजन को कई कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों पर पड़ रहा है। मूंग और ईख जैसी फसलों की सिंचाई में उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड अंतर्गत कांडी, बहेरवा, चंद्रपुरा व लमारी फीडर में बिजली आपूर्ति अनियमित रूप से हो रही है, जिससे आम जनता को भीषण गर्मी झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ निरंजन सिंह सिसोदिया ने बताया कि भागोडीह ग्रिड से पावर ट्रांसफार्मर ट्रिप कर जाने के कारण सभी ग्रिड को फुल पावर सप्लाई नहीं मिल पा रही है। वर्तमान में केवल दो मेगावाट बिजली से सकरकोनी, मझिआंव बरडिहा और कांडी सबस्टेशन को चलाना पड़ रहा है। इसी कारण कम बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के तकनीकी कर्मी ट्रांसफार्मर की मरम्मत में जुटे हैं, और जैसे ही समस्या का समाधान होगा, सभी स्टेशनों को फुल पावर में बिजली दी जायेगी।

# चार अनाथ बच्चियों के घर पहुंचे एसडीएम

**'मिशन वात्सल्य' के तहत मिलेगा सरकारी लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार को दुलदुलवा के दो अलग-अलग परिवारों की चार अनाथ बच्चियों से मिलने सदर एसडीएम संजय कुमार उनके घर पहुंचे हुए थे। जहां उन्होंने बच्चियों के भविष्य को लेकर इन सभी के पालन पोषण करने वाले रिश्तेदारों से विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। संजय कुमार मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अशोक नायक को भी अपने साथ लेकर पहुंचे हुये थे, उन्होंने डीसीपीओ श्री नायक से कहा कि इन बच्चों के लिए जो भी कल्याणकारी योजनाएं हों उन सभी से आच्छादित करवाने का प्रयास कीजिए। उस पर श्री नायक ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत इन सभी बच्चियों को 4000 रुपये मासिक राशि उपलब्ध कराई जा सकती है, संजय कुमार ने उनसे इस दिशा में त्वरित पहल और कार्रवाई करने का निदेश दिया।

**शराब के कारण बिखर गया है परिवार :** दो सगी बहनें सुनैना एवं सोनपरी की दर्द भरी दास्तां है, उनके पिता पिंटू साव का निधन अधिक शराब पीने के चक्कर में लगभग 6 साल पहले हो गया था, उसके बाद उनके दादा उनको पाल रहे थे, तभी उनकी मां ने अन्यत्र कहीं शादी कर ली। उसके कुछ दिनों बाद दादा जी और उनके चाचा का भी निधन हो गया तो वे पूरी तरह अनाथ हो गयीं। अब दोनों बहनों की देखभाल किसी तरह उनके नाना कर रहे हैं। शनिवार को एसडीएम संजय कुमार उनके नाना नानी और इन दोनों बच्चियों से मिलने गये थे।

**सुनैना और सोनपरी के लिए उपहार लेकर पहुंचे थे एसडीएम**

10 साल की सुनैना और 8 साल की सोनपरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुलदुलवा में पढ़ती हैं। आज वे जब उनके घर गये तो उनके लिए उपहार स्वरूप फुटवीयर लेकर पहुंचे थे। उपहार पाकर बच्चियां बहुत खुश हुई।

**पूजा और गुंजा को भी मिलेगा मिशन वात्सल्य का लाभ :** इसी गांव की दो सगी बहनें पूजा और गुंजा जो क्रमशः कक्षा 7वीं और 6वीं में पढ़तीं हैं, उनकी मां का निधन कुछ समय पूर्व ही हो गया था, उनके पिता किसी और के साथ शादी करके कहीं अन्यत्र चले गये हैं। उनकी परवरिश उनके नाना कर रहे थे किंतु दुर्भाग्यवश उनके नाना का भी एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया था। अब इन दोनों बहनों के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और आज वे पूरी तरह अनाथ हो गयीं हैं। संजय कुमार ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निदेश दिया कि इन बच्चियों को भी मिशन वात्सल्य के तहत नियमानुसार आच्छादित करते हुये उन्हें मासिक सहायता राशि उपलब्ध करवाने हेतु पहल करें।

# सीडीएम ओरो डेंटल केयर में आग लगने से बचाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के मदरसा रोड में स्थित मुंह और दांत के अस्पताल सी डी एम ओरो डेंटल केयर एंड इम्प्लांट सेंटर,में गढ़वा अग्निशमन विभाग के द्वारा,17 मई 2025 दिन शनिवार अकस्मात आग लग जाने पर उसके बचाव और उसे पर नियंत्रण के लिए एक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खाना बनाने वाले सिलेंडर में आग लग जाने, विद्युत संबंधित उपकरणों में आग लग जाने, इसके अलावा पेट्रोल से आग लग जाने के उपरांत उसे पर काबू पाने के लिए, गढ़वा अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी सुनील कुमार दुबे और चंद्र किशोर कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के सभी डॉक्टर, वहां पर आए विभिन्न जगहों से मरीज, डेंटल क्लीनिक के अगल-बगल क्षेत्र में रहने वाले लोग मौजूद थे। क्लीनिक के प्रोपराइटर डॉ अशोक कुमार ने बताया कि अग्नि सामान द्वारा दिया गया यह प्रशिक्षण निश्चित तौर पर हम सभी के लिए बहुत ही लाभकारी होगा, और भविष्य में आग से होने वाली परेशानी से बचने में बहुत ही सहायता होगा। वहां पर मौजूद सभी लोगों ने गढ़वा अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी का बहुत ही आभार व्यक्त किया।

# वैद्य संतू चौरसिया का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के चर्चित वैद्य संतू चौरसिया (55 वर्ष लगभग) का रविवार को पूर्वाह्न 3 बजे निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतू चौरसिया जौंडिस बीमारी से पीड़ित थे। एक सप्ताह पूर्व रांची से ईलाज कराकर घर लौटे थे। उनके निधन की खबर सुनकर आसपास मोहल्ले के लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए, पैतृक आवास पर पहुंचे और श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।



वैद्य संतू चौरसिया की फाइल फोटो।

# 'कॉफी विद एसडीएम': स्वच्छता कर्मियों को किया गया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत स्वच्छता कर्मी भाई-बहनों को सादर आमंत्रित किया गया है। संजय कुमार ने बताया कि गढ़वा की सार्वजनिक स्वच्छता बनाये रखने में अपना नित्य प्रतिदिन का सतत योगदान देने वाले स्वच्छता-सैनिकों के साथ कॉफी पीते हुये उनसे अनौपचारिक वार्तालाप की जायेगी। इस आत्मीय संवाद के क्रम में उनसे यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या तो नहीं है? स्वच्छता कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में तथा गढ़वा की बेहतरी के लिए उनसे सुझाव भी लिए जायेंगे।

संजय कुमार ने कहा कि स्वच्छ गढ़वा, सुंदर गढ़वा का लक्ष्य इनके अथक परिश्रम से ही संभव हो पाता है, ऐसे में उनके योगदान को रेखांकित करते हुये उन्हें आदर और सम्मान के अलावा प्रशासनिक स्तर से प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम में से हर कोई समाज में अपनी-अपनी भूमिका निभा रहा है उसी तरह स्वच्छता कर्मचारीगण भी अपने स्तर से समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिकायें निभा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सदर एसडीएम संजय कुमार द्वारा हर सप्ताह समाज के विभिन्न वर्गों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित कर उनकी समस्याओं को सुना जाता है साथ ही उनसे रचनात्मक सुझाव भी लिये जाते हैं। अभी तक किसानों, मजदूरों, साहित्यकारों, किन्नरों, दिव्यांगों, टैक्सी ड्राइवरों, फुटपाथ विक्रेताओं आदि जैसे समाज के 23 अलग अलग वर्गों को बुलाया जा चुका है। उसी क्रम में उनके इस सप्ताह के मेहमान स्वच्छता कर्मचारी हैं।

# पुलिस टीम और मझिआंव वॉलीबॉल टीम के बीच प्रदर्शनी मैच का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार की देर शाम इंटरनेशनल आर्ट ऑफ लिविंग डे के अवसर पर गढ़वा पुलिस लाइन के मैदान में गढ़वा पुलिस की टीम और मझिआंव की वॉलीबॉल टीम के बीच एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में पुलिस टीम ने मझिआंव टीम को एक रोमांचक मुकाबला में 2-1 से हराकर विजय हासिल की। मैच में शामिल सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया और सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सार्जेंट मेजर संदीप कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में जिला इकाई सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने आर्ट ऑफ गिविंग की स्थापना और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मेजर गढ़वा ने अपने संबोधन में कहा कि गढ़वा में वॉलीबॉल की असीम संभावना है तथा संघ से उन्होंने मांग की इसी पुलिस लाइन ग्राउंड में एक बेहतरीन मैच का आयोजन किया जाए। सार्जेंट मेजर ने दोनों टीम के खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की। मझिआंव के विक्की सिंह ने इस मैच में रेफरी की भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला इकाई गढ़वा के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, सचिव ओम प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, उपाध्यक्ष शैलेश नंदन सिन्हा, श्याम नारायण पांडे, संयुक्त सचिव पंकज मिश्रा, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, वरिष्ठ खिलाड़ी समर रजा, प्रकाश, विशाल पांडे, सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# लवाही कलां गांव में छापामारी के दौरान कुछ लोगों ने विभागीय कर्मियों पर पैसे मांगने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** बिजली विभाग द्वारा हाल ही में डंडई प्रखंड के लवाही कलां गांव में की गयी छापामारी के दौरान कुछ लोगों द्वारा विभागीय कर्मियों पर पैसे मांगने के आरोप लगाये गये थे। हालांकि गांव के अधिकांश लोगों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि यह आरोप बेबुनियाद हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कर्मियों द्वारा हमलोगों से आज तक पैसे की मांग नहीं कि गयी है। हां समय समय पर विभाग द्वारा छापामारी अभियान जरूर चलाया जाता है। और जो कोई अवैध ढंग से बिजली उपभोग करते पकड़े जाते हैं उन्हीं पर कार्रवाई होती है। लवाही गांव निवासी सुनीता देवी, आशापति देवी, राजेश भुइयां, अवधेश रवि, मुन्ना चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, दिनेश भुइयां, विनोद साह, सुदामा साह, बलदेव गुप्ता, संतोष गुप्ता, भरदुल बैठा, गुड्डू पासवान, उमेश पासवान, शिवकुमार गुप्ता, श्रीधर बैठा, उमेश गुप्ता, बीरबल साह, रोहित गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, महेंद्र यादव, संजय कुमार, प्रभा देवी, रजनी देवी, संतोष विश्वकर्मा, अवधेश राम सहित अन्य ने बताया कि छापामारी अभियान के दौरान बिजली कर्मी सिर्फ उनका मीटर चेक कर रहे थे। जो अवैध तरीके से बिजली उपयोग कर रहे थे उनके खिलाफ बिजली विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की है। छापामारी अभियान के दौरान बिजली कर्मी भी विभाग के अधिकारियों के साथ साथ थे। ऐसे में कर्मियों पर पैसे मांगने का आरोप बिल्कुल गलत है। किसी बिजली कर्मी ने पैसे नहीं मांगे। उल्टा जो गलती में पकड़े गये, वहीं अब आरोप लगा रहे हैं। लवाही गांव निवासी बीरबल साह ने इस बात की पुष्टि की कि बिजली विभाग की कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत हुई है और इसमें पारदर्शिता बरती गई है।

इधर बिजली विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि अभियान का उद्देश्य केवल बिजली चोरी रोकना है और विभागीय कार्यवाही में किसी प्रकार की अनियमितता की अनुमति नहीं है।

मामले में बिजली कर्मी आजाद खान और पिंटू चंद्रवंशी ने बताया कि लवाही गांव निवासी अक्षय विश्वकर्मा पिता मुन्नी विश्वकर्मा द्वारा वर्ष 2021 में अवैध ढंग से वेल्डिंग मशीन चलाते पकड़े गये थे। लोक अदालत कोर्ट में केस फाइनल स्टेज में हैं उनपर 1 लाख 60 हजार फाइन लगाया गया है। ऐसे में अक्षय विश्वकर्मा द्वारा हमलोगों पर दबाव बनाकर गलत तरीके से आरोप लगाया जा रहा है। सभी आरोप बेबुनियाद और झूठा है। इधर बिजली विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह अभियान बिजली चोरी रोकने और उपभोक्ताओं को नियमित बिल भुगतान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि हमारे सभी कर्मचारी पहचान पत्र और विभागीय आदेश के साथ कार्रवाई करते हैं। अगर किसी पर पैसे मांगने का आरोप है, तो उसकी जांच के लिए हम तैयार हैं। लेकिन अब तक कोई पुख्ता प्रमाण सामने नहीं आया है। विभाग ने जनता से अपील की है कि किसी भी अनियमितता की शिकायत सीधे विभागीय हेल्पलाइन पर करें और अफवाहों से बचें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि छापामारी में नियमों का पूर्ण पालन किया जा रहा है और किसी भी कर्मचारी की गलती साबित होने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

# बेरोजगारी की मार से युवा त्रस्त हैं, किसान परेशान : बीएन सिंह

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक नगर पंचायत क्षेत्र के अहीपुरवा निवासी राजेश कुमार के आवास पर अखिल भारतीय किसान महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीएन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीएन सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब, किसान, मजदूर विरोधी है। देश की जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। लोगों के आम जरूरत की चीजों की कीमतें आसमान छू रही है। बेरोजगारी की मार से युवा त्रस्त हैं, किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं से इस सरकार को कोई लेना देना नहीं है। ऐसी परिस्थिति में जनता के समक्ष आंदोलन के सिवा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित देश व्यापी चक्का जाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम सबों को अभी से लगने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत है। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सर्वसम्मति से संयुक्त किसान मोर्चा के 14 सदस्यीय जिला संयोजन समिति का गठन किया गया। संयोजन समिति में राजेश कुमार, अजय सिंह, रामविनय विश्वकर्मा, जयप्रकाश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, इंद्रदेव चौधरी, लालमुनी गुप्ता, कामेश्वर सिंह, दिलीप गुप्ता, कालीचरण मेहता,सुनीता देवी, श्रीराम रवि, विद्या पासवान तथा रामनाथ उरांव को शामिल किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनविरोधी 4 श्रम कोड को निरस्त कराने, एमएसपी की गारंटी कराने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 20 मई को नगर उंटारी व गढ़वा में प्रतिवाद मार्च और सभा आयोजित किया जायेगा। बैठक में अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विमल दास, सुनीता देवी, कामेश्वर सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रतुल शाहदेव ने जमीरा से चंदवा मुख्यालय तक की सड़क को अविलंब दुरुस्त करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए वीडियो शेयर कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और लातेहार के उपायुक्त से मांग की है कि चंदवा प्रखंड के सुदूर जमीरा ग्राम और चंदवा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क को दुरुस्त किया जाये। प्रतुल ने बताया कि गुजरात में जमीरा निवासी विनोद यादव की मौत हो गयी थी। उसके बाद उनके शव को एंबुलेंस से जब जमीरा लाया जा रहा था,तब भी इस रास्ते से जाने में बहुत परेशानी हुई थी। प्रतुल ने कहा कि इलाके में वर्षों से चल रहे रेलवे के कार्य ने धमौंति नदी को भी मिट्टी से लगभग ढक दिया है। रेलवे की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। प्रतुल ने कहा कि नदी पर कोई पुल भी नहीं है। आने-जाने वाले हजारों लोगों को बड़ी कठिनाई होती है। रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बड़ी दुर्घटना का डर हमेशा बना रहता है। बरसात के समय ये इलाका प्रखंड मुख्यालय से पूरे तरीके से कट जाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त लातेहार से आग्रह किया है कि मार्ग और पुल नहीं होने के कारण ये अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति बहुल इलाका विकास की मुख्य धारा से कट सा गया है। इसलिए अविलंब मामले में संज्ञान ले कर इस सड़क और पूल को युद्ध स्तर पर बनाने का कार्य प्रारंभ हो।

# सेन्हा में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त बच्ची की मौत, सात लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा :** शनिवार देर रात सेन्हा थाना क्षेत्र के कब्रिस्तान के समीप एक स्कॉर्पियो वाहन (जेएच 01 डीडी 6651) सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। यह वाहन एक शादी समारोह से बरातियों को लेकर लौट रहा था। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गयी, जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो से बरात लौट रही स्कॉर्पियो वाहन के चालक को झपकी लगने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर एनएच-143ए पर स्थित एक विशाल बरगद के पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन में सवार महिलाएं, पुरुष और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया। इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गयी, जिसकी पहचान दूल्हे की फुफेरी बहन के रूप में हुई है, जो पालकोट डहु डांड की निवासी थी। घायलों में निगनी निवासी शंकर साहू उर्फ मास्टर के पुत्र, बहु समेत परिवार के सात सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी लखन साहू के छोटे भाई की शादी में शामिल होकर बरात में गये थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटनास्थल पर स्थित विशाल बरगद का पेड़ पूर्व में भी कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है। इसे हटाने के लिए कई बार शांति समिति की बैठकों में प्रशासन से अनुरोध किया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# ग्रामीणों ने फाटक के समीप ओवरब्रिज निर्माण की मांग की, सांसद को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुटमू फेकुआ टोली के पास स्थित रेलवे फाटक को बंद किए जाने के विरोध में स्थानीय नागरिकों ने सांसद सुखदेव भगत को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रेलवे फाटक के बंद होने से न सिर्फ स्थानीय नागरिकों, बल्कि लोहरदगा–लातेहार मुख्य पथ से जुड़े लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि यह क्षेत्र किसान बहुल है और फाटक बंद होने से न सिर्फ आमजन की आवाजाही बाधित हुई है, बल्कि बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की ओर पशुओं को ले जाना भी जोखिम भरा हो गया है। रेलवे द्वारा बनाये गये अंडरपास की दूरी लगभग दो किलोमीटर अधिक है, जो कचहरी मोड़ के पास जाकर मिलता है। इससे आम लोगों की यात्रा समय और संसाधन दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि फेकुआ टोली के समीप एक ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाये ताकि लोगों की आवाजाही सुगम हो सके और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिले। सांसद सुखदेव भगत ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया जायेगा और आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख लोगों में चंद्रिका यादव, विवेकानंद उरांव, घनश्याम भगत, जीत राम भगत, खदिया भगत, मोनिका उरांव, नंदलाल भगत और बिरसा उरांव शामिल थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर 20 मई को कैरो में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**कैरो(आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय में आगामी 20 मई को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। इस विषय पर कैरो प्रखंड भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कार्यक्रम के निमित बैठक करते हुए कहा कि आज से ठीक एक महीना पूर्व देश के जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे पाकिस्तानी आतंकबादियो के द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। मौके पर बैठक मे उपस्थित लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि आतंकबादियो को सबक सिखाने के उद्देश्य से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश की जनता की भावना को समझा और देश के सेना को खुली छूट दे दिया। भारतीय वायुसेना,आर्मी, बीएसएफ के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आज हर भारतवासी गर्व महशूस कर रहा है, भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के अनेकों आतंकवादी ठिकाने मिट्टी में मिला दिये गये और अभी भी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। भगत ने कहा कि भारतीय सेना की पराक्रम और वीरता को तुर्की और चीन को छोड़कर पूरे विश्व ने सराहना की। आज भारत आतंक के खिलाफ लड़ने के लिए सैन्य शक्तियों के बल पर काफी मजबूत है, जिसका टेलर पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर मे स्पष्ट दिखायी पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलताओं को एक-एक देश वासियों को बताने के उद्देश्य से आगामी 20 मई को कैरो प्रखंड मुख्यालय मे तिरंगा यात्रा का किया गया है आयोजन । अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने इस तिरंगा यात्रा मे हर भारतीय खासकर बुद्धिजीवी,समाजसेवी, व्यवसायि वर्ग सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों को यात्रा मे बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हिंदुस्तान स्कॉट एंड गाइड संगठन झारखंड के तत्वावधान में लोहरदगा जिला के ब्राइटवुड अकादमी हीरही लोहरदगा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन, पुरस्कार वितरण- सह- प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। स्कॉट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए हिंदुस्तान एस्कॉर्ट एंड गाइड संगठन झारखंड के राज्य सचिव शांति कुमारी ने कहा कि बच्चों को शुरू से ही अनुशासन नैतिकता राष्ट्र सेवा शारीरिक प्रशिक्षण के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना जगाना आवश्यक है।



युद्ध प्राकृतिक या कोई भी आपदा के साथ-साथ सामाजिक कार्य में एकजुट और गाइड की भूमिका अहम हो जाती है, इसीलिए तैयार रहो संगठन का मूल मंत्र माना जाता है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण और मैडल प्रदान जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति लोहरदगा के राजकुमार वर्मा ने किया। मंच संचालन हरिओम प्रसाद और सुभाष महतो ने किया । धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य आनंद किशोर भगत द्वारा किया गया। गुरदयाल भगत, पिंकी मिंज, शांति कुजूर, अमित मिंज, सिंधु कुमारी, पूजा कुमारी ,प्रेम दानी बाला, रेखा कुमारी और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# प्रकाश राम के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही )।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित फुलसु मुहल्ला में बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीण अंधेरे में थे। ट्रांसफार्मर जलने की खबर दो दिन पहले लातेहार विधानसभा क्षेत्र विधायक प्रकाश राम को ग्रामीणों ने दिया। ग्रामीणों की समस्या को सुनने के बाद तुरंत विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर गांव में ट्रांसफार्ममर उपलब्ध कराया। ग्रामीणों के सहयोग से विधायक प्रकाश राम ने मुख्य रूप से फीता काटकर तथा नारियल फोड़ कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उपस्थित ग्रामीणों



को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यदि किसी गांव में बिजली, सड़क, पेयजल सहित अन्य समस्या है तो निःसंकोच संपर्क करे, समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभी मेरा पांच साल कार्यकाल है। इस पांच साल के दौरान लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंड में पेयजल, शिक्षा, सड़क सभी क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। विधायक प्रकाश राम ने यह भी कहा कि लातेहार विधानसभा सहित सभी प्रखंडों का कायाकल्प होगा।

# आवास से संबंधित योजनाओं को पूर्ण करें: दशरथ गगराई



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा की आवास समिति के सभापति दशरथ गगराई की अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारियों के साथ लातेहार परिसदन के सभागार में बैठक आयोजित की गयी। झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने लंबित पड़े आवास योजनाओं और विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। समिति के सभापति ने लंबित आवास योजनाओं को जल्द पूरा करने तथा निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके भवनों को हैंडओवर करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां आवश्यक है वहां भूमि उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान सभापति ने समीक्षा के क्रम में कहा कि कार्य समय पर पूर्ण करे, ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कार्यों का जायजा ले रही है। समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपा जायेगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास, पथ निर्माण, जल संसाधन, कृषि और पशुपालन, कल्याण, नगर पंचायत, उत्पाद, परिवहन, वन, राजस्व , भूमि सुधार, खनन , मंडल कारा सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कंपनी रैयतों को अनदेखी करेगी तो रैयत आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध : प्रयाग गंझु



मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा(आजाद सिपाही )।** चंदवा रैयत अनगड़ा स्थित एक बैठक का आयोजन प्रयाग गंझु की अध्यक्षता में की गयी, जिसमें कहा गया कि वर्ष 2007-8 में चंदवा प्रखंड के पांच गांव अनगड़ा , चतरो, कुसुमटोला,अरधे और तुपी में पावर प्लांट लगाने आई थी। सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर एस्सार पावर झारखंड लिमिटेड द्वारा इकरारनामा के तहत रैयत से जमीन लिया गया था। इकरारनामा के तहत सभी रैयतों एवं जमीनदाताओं को नौकरी भी दिया गया था। कंपनी द्वारा सभी लोगों को 20 मार्च 2025 तक लगातार वेतन दिया जा रहा था , परंतु अप्रैल 2025 से प्लांट में आई नयी कंपनी उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड (रेशमी मेटेलीक्स) द्वारा बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए सभी रैयतों का वेतन भुगतान बंद कर दिया। कंपनी के इस रवैये से सभी रैयतों और जमीनदाताओं के रोजी-रोटी पर घोर संकट बहाल हो गया और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। कंपनी की इस रैयत विरोधी, जन विरोधी, निरंकुश एवं तानाशाही नीति का विरोध करते हुए एक बैठक में पांच गांव के रैयत सभी महिला पुरुष जुटे हुए थे। सभी ने एक स्वर से कहा कि कंपनी हमारी बातों को अगर नहीं मानेगी तो आंदोलन किया जायेगा। यह आंदोलन आने वाले दिन में प्रखंड कार्यालय, जिला कार्यालय और राज्य कार्यालय के समक्ष आंदोलन को आहुति देंगे, जिसमें हजारों रैयत के साथ-साथ ग्रामीण भी आसपास के कई गांव के लोग मौजूद रहेंगे, जिसकी सारी जवाब देही उड़ीसा एलोय स्टील प्रा0 लिमिटेड(रेशमी मेटेलिक्स) की होगी। ग्रामीणों ने कहा कि किसान विकास श्रमिक स्वालंबी सहकारिता समिति लिमिटेड के द्वारा 9/4/2025 को लातेहार उपायुक्त को आवेदन के माध्यम से अवगत कराने का काम किया है। लातेहार उपायुक्त से भी आग्रह है कि हमारे यहां कोई भी कंपनी क्षेत्र में लगाने आती है तो जमीन खरीदने के बाद सबसे पहले रैयतों को ही अपने कार्य से बाहर करने का कार्य करती है। जो यह सरासर गलत है। मेरा अधिकार है कि हमारे क्षेत्र में कंपनी आयेगी तो हमें रोजगार मिलेगा। हमारे बाल बच्चे इस कंपनी में कार्य करेंगे। बेरोजगारी दूर होगी, परंतु कंपनी ऐसा नहीं करती है। कंपनी यहां के रैयतों से जमीन लेने के बाद उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर कानूनी कार्रवाई करने की बात कहती है। जिससे हम सभी रैयत आहत हैं और लातेहार उपयुक्त इस पर विचार करें। नहीं तो हम सभी ग्रामीण के साथ-साथ रैयत भी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# लोहरदगा स्थापना दिवस पर हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया



गया। कार्यक्रम की शुरूआत जीत डांस ग्रुप द्वारा किया गया। इसके पश्चात केजीबीवी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छऊ नृत्य, लोकनाथ कला जत्था द्वारा नागपुरी नृत्य, कला दल नवा अंजोर द्वारा नाटक-सह-नृत्य, डांस एकेडमी द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। हाल के दिनों में आयोजित फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निर्देशक सूषमा निलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, एलआरडीसी सुजाता कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे।

# चाइल्ड लाइन सेंटर के कर्मियों नें विधायक रामचंद्र सिंह से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन में महिला और बाल विकास विभाग से संचालित चाइल्ड लाइन सेंटर में महिला समग्र उथान समिति के माध्यम से काम करने वाले कर्मियों को अप्रैल 2023 से अगस्त 2023 का मानदेय भुकतान नही हुआ है। संस्था के माध्यम से काम करने वाले आधे दर्जन से अधिक कर्मियों नें रविवार को विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात करते हुए अपनी समस्याओ से अवगत कराया। विधायक से मुलाकात के दौरान कर्मियों नें बताया कि उनका



मानदेय संस्था के माध्यम से बकाया रखा गया है, जिसके लिए कई बार संस्था और विभाग से आश्वासन भी मिला पर अब तक भुकतान नही हुआ । साथ ही महिला समग्र उथान समिति के जगह चाइल्ड लाइन का काम रांची की बाला जी कंपनी देखती है , जिसने हम कर्मी जो जगह न देकर बाहर के कर्मियों को नियुक्त कर लिया है। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह नें बकाया के भुकतान कराने के साथ पुरे मामले को लेकर विभाग को पत्रचार करनें की बात कही और साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड क्षेत्र में काम कर रही सभी एनजीओ में स्थानीय लोगों को रोजगार की प्राथमिकता मिले। इसको लेकर भी विभाग को लिखा जायेगा। इस दौरान मौके पर शिखा कुमारी, शिल्पा कुमारी शंभू कुमार,रिया कुमारी, कंचन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पेड़ की जड़ में फंसा वाइसन के बच्चे का पैर, वन विभाग की टीम ने सात घंटे के प्रयास से निकाला बाहर



**बरवाडीह(आजाद सिपाही)।** बेतला नेशनल पार्क के सटे कुलही नाला के किनरे एक पेड़ के जड़ में वाइसन का बच्चा का पैर फसा गया। फसे वाइसन के बच्चा का दहाड़ने की आवाज सुनकर आसपास के दर्जनों लोग पहुंच गए ।ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियो को दी । जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर लगभग सात घंटा के प्रयास से बाइसन को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकला। बतादे इन दिनों पार्क मे पानी की समुचित ब्यवस्था नही रहने से बेतला पार्क के जंगली जानवर जंगल छोड़ पानी पिने के लिए आसपास के गांव मे प्रवेश कर रहे है। मौके पर प्रभारी वनपाल संतोष कुमार सिंह, संतोष कुमार, राम कुमार, देव पाल कुमार, फैज अहमद ,बंसी यादव ,अबुल अंसारी, सुरेन्द्र राम, अशोक कुमार ,सतीश कुमार, विवेक कुमार के साथ साथ वन विभाग के डॉक्टर भी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने करायी जांच

**समाजसेवी उषा मित्तल ने भेंट की 100 शुगर स्टिच किट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के तत्वावधान में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को 153वें साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 43 लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य जांचें करवायी। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट व ऑक्सीजन लेवल की जांच निःशुल्क की गयी। अन्य पैथोलॉजी जांचें रियायती दरों पर उपलब्ध करायी गयी।




समाजसेवी ऊषा मित्तल द्वारा 100 पीस शुगर स्टिच किट भेंट की गयी। इस योगदान के लिए जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से ही हम स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'जीव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।' डॉ. कुमुद अग्रवाल ने बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और आम के सीमित सेवन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ह्लसेवा ही सच्चा धर्म है। 'उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, संजय चौधरी व अनामिका भारती ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक रविवार सुबह एक घंटे के लिए लगाया जाता है और इससे लगातार लोगों को लाभ मिल रहा है। शिविर में सुबोध महतो, ऊषा मित्तल, अंजलि सर्राफ, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, बिंदेश्वरी देवी, केशव महतो, संध्या देवी, मोहम्मद कैसर आलम, मोहम्मद रिजवान, राहुल कुमार, ताजुद्दीन अंसारी, श्याम सुंदर कुमार, बबलू कुमार, तपेश्वर अग्रवाल, रायमुनि देवी, सानवी कुमारी, वीरेंद्र सिंह मुंडा, नवनीत कौर, विकास अग्रवाल, रमेश महतो, वृष्टि कुमारी, सच्चिदानंद अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, रमेश शर्मा, जयकेश कुमार, उदय कसेरा, शारदा देवी, नीतू देवी आदि उपस्थित थे।

# महिला ने पति की हत्या कर शव को शौचालय की टंकी में दफनाया

## तीन दिन बाद टैंक से शव बरामद, आरोपी महिला गिरफ्तार

- पहले दांत से काटा, फिर टांगी से किया वार, हत्या में इस्तेमाल टांगी भी बरामद, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** जिले के पांकी थाना अंतर्गत केकरगढ़ गांव के गरिहारा में एक महिला द्वारा अपने ही पति की हत्या कर उसका शव शौचायल की टंकी (सेप्टिक टैंक) में डालकर दफना दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि तीन दिनों के बाद पत्नी के कबूलनामे से पूरी घटना का खुलासा हो गया। महिला ने खुद ही ग्रामीणों को पूरी घटना की जानकारी दी है। मृतक की पहचान बुधन उरांव के रूप में हुई है। जबकि महिला की स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम ललिता देवी है। पूछताछ में महिला ने पुलिस को बताया कि बुधन उरांव अत्यधिक शराब पीता था। शराब के नशे में उसके साथ मारपीट किया करता था। लगातार मारपीट से नाराज होकर ललिता देवी ने टांगी से वार कर पति बुधन उरांव की हत्या कर दी थी। वहीं, पुलिस का कहना है कि बुधन उरांव और ललिता देवी के बीच गुरुवार की रात पहले झगड़े की शुरूआत हुई थी। इसी झगड़े में ललिता देवी ने बुधन उरांव को पहले दांत से काटा। उसके बाद उसे धक्का दे दिया। बुधन जैसे ही जमीन गिरा महिला ने घर में रखी टांगी से उसकी (बुधन) की गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर के पास मौजूद पुराने शौचालय की टंकी में दफना दिया। घटना के तीन दिन के बाद खुद ललिता देवी ने हत्या की जानकारी ग्रामीणों को दी थी। ग्रामीणों ने पूरी जानकारी पांकी थाना को दी। जिसके बाद पांकी इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव को टंकी से बाहर निकाला। इस दौरान बुधन उरांव के गले में गहरे चोट के निशान दिखे। पुलिस ने मौके से ही हत्या की आरोपी ललिता देवी को गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि बुधन उरांव द्वारा अक्सर मारपीट से तंग आकर पत्नी ने टांगी से मार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मौके से टांगी भी बरामद कर ली है।

# सही करियर का चुनाव कर विद्यार्थी समाज हित में काम करें : वित्त मंत्री

## कहा- मानवता का पाठ पढ़कर सहिष्णुता का सुगंध बिखेरेंगे संत मरियम के बच्चे

वित्त मंत्री ने संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चों से की बात

आजाद सिपाही संवाददाता



संस्कारशाला कार्यक्रम का उद्घाटन करते वित्तमंत्री राधाा कृष्ण किशोर एवं अन्य।

**मेदिनीनगर।** 'विद्यार्थी और वित्तीय प्रबंधन' विषय को लेकर संत मरियम आवासीय विद्यालय में संस्कारशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के अलावा एनपीयू अर्थशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ आरके सिन्हा और विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप-प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्तमंत्री ने कहा कि किसी राजनेता को सुनने के लिए बच्चे देर रात तक उत्सुकता से जागेंगे, यह मैंने कल्पना भी नहीं की थी। संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चों से मिलकर काफी खुशी हो रही है। जिस तरह से संत मरियम परिवार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से अध्ययन करने आए छात्र-छात्राओं को अपने स्नेह एवं समर्पण के सूत्र में बांधकर संयम, धैर्य और समर्पण एवं मानवता का पाठ पढ़ा रही है, वह सराहनीय है। यही बच्चे आने वाले दिनों में पूरे देश भर में सहिष्णुता की सुगंध बिखेरेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस परिसर में बच्चों के मन की मुंडेर पर सपनों का दीपक जल रहा है, उस प्रकाश को मैं अनुभव कर पा रहा हूं। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में यहां के बच्चे अपने हौसलों की पंखुड़ियों से जिले एवं राज्य को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने बच्चों को वित्तीय प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातें भी बतायी। साथ ही सही करियर का चुनाव कर समाज हित में काम करने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं, प्रोफेसर डॉ सिन्हा ने वित्तीय प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों के लिए टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट जैसे विषय महत्वपूर्ण तो हैं ही, वित्तीय प्रबंधन की जानकारी भी अभी से ही उन्हें सीखनी चाहिए, ताकि आने वाले समय में वे अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझकर सकुशल जीवन व्यतीत कर सकें। वहीं, कार्यशाला में जिले के वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन और राणा अरुण सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया और बेहतर समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जबकि चेयरमैन अविनाश देव ने वित्तमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संत मरियम परिवार के लिए यह गौरव का पल है। विद्यालय प्रबंधन के आग्रह पर बच्चों को संबोधित करने के लिए इस परिसर में मंत्री जी का आना वंदनीय है। इनके द्वारा कही गई प्रेरक बातें बच्चों के लिए लाभप्रद हैं। मंत्री जी का राजनीतिक जीवन,वक्तव्य,विचार एवं मार्गदर्शन विद्यार्थियों व युवा पीढ़ी के साथ-साथ हम जैसे लोगों के लिए भी अनुकरणीय हैं। इस मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, प्रवीण दुबे, रोशन राज आदि उपस्थित थे।

## बेटियां किसी से कम नहीं : प्रखंड प्रमुख



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री योजना के तहत प्लस टू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने की। अपने संबोधन में वार्डेन ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्राओं की छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलता है। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता विकसित होती है, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समूह में कार्य करने की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि छात्राओं के चतुर्दिक विकास के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं, कार्यक्रम की शुरूआत के बाद छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देश की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक संदेश और पारंपरिक लोककलाओं को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया। मोबाइल के दुष्परिणाम पर आधारित लघु नाटक ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा गीत, नृत्य और कविता पाठ ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'बेटियां अब किसी से कम नहीं हैं।' वे हर घर की शान बन सकती हैं। यहां की छात्राओं को देखकर स्पष्ट होता है कि बेटियां बोझ नहीं हैं, बल्कि वे भविष्य की मजबूत नींव हैं।' महुअरी की मुखिया सरिता देवी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बेटियों में आत्मबल और आगे बढ़ने का हौसला बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों के व्यक्तित्व में संतुलित विकास होता है। इस मौके पर शिक्षिका रागिनी सिंह, सुष्मिता रानी, शारदा भारती, नीलम मेहता, आरजू खान, सुमन कुमारी, सुमित्रा कुमारी, शिक्षक मनीष, विशाल आदि उपस्थित थे।

## बिहार में डूबे दो लोगों का शव हुसैनाबाद से बरामद

- अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद नदी में नहाने के दौरान डूब गये थे

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवरी ओपी पुलिस एवं स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंड (एसडीआरएफ) की टीम ने रविवार की दोपहर नदी में डूबे दो लोगों का शव बरामद किया। उनकी पहचान नागेश्वर शर्मा (65) और रितेश शर्मा के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजा हैं। जानकारी के मुताबिक अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद शनिवार को बिहार के रोहतास जिले के नौहट्टा थाना अंतर्गत नवारा सोन नदी में नहाने के दौरान नागेश्वर शर्मा (65), उनका पुत्र रंजन शर्मा (20) और भतीजा रितेश शर्मा डूब गये थे। एसडीआरएफ की टीम ने आठ घंटे तक सोन नदी में कड़ी मशक्कत कर घटनास्थल से आठ किलोमीटर दूर सोन नदी से रंजन शर्मा का शव बरामद कर लिया था। जबकि नागेश्वर शर्मा और रितेश शर्मा का शव नहीं मिल सका था। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम और झारखंड के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने रविवार को शवों की तलाश शुरू की। इस बीच देवरी बुधुआ के बीच सोन नदी से रितेश शर्मा और पूर्णडीह के पास नागेश्वर शर्मा का शव बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर ट्रैक्टर से देवीपुर (रोहतास) भेज दिया। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि घटना बिहार में होने के कारण दोनों शवों का पंचनामा कर नौहट्टा पुलिस को सौंपा गया है।

## शादी की नीयत से किशोरी को भगाने का आरोप

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में शादी की नियत से 16 वर्षीय किशोरी को भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर गम्हरिया गांव निवासी संतन कुमार यादव उर्फ छोटू के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा कि 15 मई की दोपहर दो बजे वह घर से जपला बाजार गयी थी। उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी। घर के सभी लोगों ने संभावित स्थानों पर ढूंढने का प्रयास किया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दर्ज प्राथमिकी में लड़की के पिता ने कहा कि खोजबीन के क्रम में पता चला कि उनकी पुत्री हुसैनाबाद के गम्हरिया निवासी संतन कुमार यादव उर्फ छोटू से बात करती थी, जिसका मोबाइल नंबर 6207209102 है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उनकी पुत्री को संतन ही शादी की नियत से भगा कर ले गया है।

## ग्रासिम सीएसआर ने वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर की ओर से सुरभि सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इसका उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली, शिक्षाविद् डॉ राजेश्वर पांडेय एवं वरीय समाजसेवी अमृत शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि समाज के उत्थान में अमूल्य योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। विभिन्न क्षेत्रों के बहु आयामी प्रतिभा के धनी एवं समाज मे निरंतर सकारात्मक बदलाव के कारक हस्तियों को एक मंच पर लाना भी किसी चुनौती से कम नहीं था। जिसके लिये सीएसआर की टीम बधाई की पात्र है। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रमुख विकास कुमार सिंह और अनिल गिरी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास ने किया। मौके पर लाइजनिंग ऑफिसर नीतेश पांडेय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### इन्हें किया गया सम्मानित

डॉ राजेश्वर पांडेय, अमृत शुक्ला, ब्रजराज चौबे, सेवानिवृत जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि नाथ चौबे, सेवानिवृत्ति शिक्षा पदाधिकारी सत्येंद्र चौबे, प्रसिद्ध समाजसेवी कृष्ण कुमार उर्फ दाऊ मिश्रा, मिथिलेश पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, प्रसिद्ध व्यवसायी पारस पति पाल, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बृज किशोर शुक्ला, सेवानिवृत शिक्षक विजयकांत शुक्ला, सेवानिवृत संगीत शिक्षक सुभाष कौशिक, बृजनंदन तिवारी, नरेंद्र चौबे, मजदूर नेता मनोज शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, उदय दुबे, व्यवसायी रामनाथ कश्यप, व्यवसायी विजय शंकर गुप्ता, अरविंद तिवारी, लोक कवि मुंशी महतो, गुलाम नबी अंसारी, तीर्थवासी देवी, माधुरी देवी, पुनीता देवी, पूर्व पार्षद तहरुन बीबी आदि शामिल है।

## नियमों की अवहेलना कर हरिहरगंज में हो रहा स्टोन क्रशर प्लांट का संचालन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के रिजनेबल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड घासीखाप स्टोन क्रेशर प्लांट की गतिविधियां ग्रामीणों और विद्यार्थियों के लिए खतरे का संकेत दे रही है। इस प्लांट का संचालन खान अधिनियम का उल्लंघन करते हुए हो रहा है। जिससे पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। यह प्लांट राष्ट्रीय राजमार्ग 139 के किनारे स्थित है। इसके समीप पीएम श्री बालिका आवासीय विद्यालय भी है। प्लांट के चलने से जो धूलकण हवा में उड़ते है, वह ना केवल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि आसपास के गांवों के निवासियों और एनएच पर यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए भी खतरा बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टोन क्रेशर मशीनों की वजह से उठने वाली धूल से उनका जीवन कठिन हो गया है। गहरे धुंए के कारण गांव के लोग अस्थमा और श्वसन संबंधी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जिला प्रशासन और पर्यावरण संरक्षण एजेंसियों की ओर से शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो यह समस्या और भी विकट हो सकती है।

## कुआं पर पानी लेने गयी छात्रा का पांव फिसला, गिर कर मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव में कुंआ में गिरने से 15 वर्षीय छात्रा की मौत हो गयी। उसका नाम सपना कुमारी है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि मृतका कुंआ पर मवेशी को पिलाने के लिए पानी लेने गयी थी। कुंआ से पानी निकालने के क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह कुंआ में गिर गयी। इसकी जानकारी मिलने के बाद गांव के लोगों ने उसे कुएं से निकला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## जपला एके सिंह कॉलेज में साइबर सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय को माय भारत पोर्टल के नॉलेज इंस्टीट्यूशन में पंजीयन करना इसके बाद एक्सपेरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों एवं अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित कर सभी को जागरूक करना है। साथ ही साइबर हाइजीन ऑनलाइन कोर्स 14सी पोर्टल के माध्यम से 12 घंटे का साइबर सुरक्षा कोर्स सभी स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं को करना अनिवार्य है। जिसके अंतर्गत सामान्य जागरूकता कार्यक्रम, सोशल मीडिया से संबंधित कार्यक्रम ,इंटरनेट के माध्यम से साइबर अपराध एवं डिजिटल साइबर अपराध का केस स्टडी के रूप में अध्ययन और प्रशिक्षण प्राप्त होगा, ताकि एक आम नागरिक चाहे वह विद्यार्थी हो, व्यवसायी, कृषक या सेवा करने वाले। सभी इस साइबर अपराध से खुद बचे और दूसरे को भी बचाएं। इस कार्यशाला में प्रोफेसर प्रशांत कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर आलोक रंजन, प्रोफेसर डॉक्टर आनंद कुमार सिंह, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा ने साइबर अपराध से कैसे बचे इस पर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर हरेंद्र नारायण सिंह, डॉ उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो मुकेश कुमार सिंह आदि ने कार्यशाला में भाग लिया। जिसका संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिले कांग्रेसी नेता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म की घटना के बाद से विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन कर सरकार एवं प्रशासन से इस घटना मे संलिप्त सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। इस बीच पांकी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ उर्फ गिरेंद्र शर्मा अपने सदस्यों के साथ पीड़िता के घर पहुंचे और उसके परिजन से मुलाकात की। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल सभी दोषियों पर कार्वाई हो, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो। उन्होंने प्रशासन से इस मामले मे गहनता से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।

## विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन कर लोगों को दी गयी कानूनी अधिकारों की जानकारी

# आम लोगों को कानूनों की जानकारी होना जरूरी: संतोष पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** डालसा की ओर से रविवार को हरिहरगंज प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को कानूनी जागरूकता और अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं लाभों के बारे में भी बताया गया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा और लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि आम लोगों को विधिक की जानकारी होना जरूरी है। शिविर का उद्देश्य आम आवाम लोगों में जागरूकता लाना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के उद्देश्य से जिले के 21 प्रखंड में सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है। कहा कि जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकार से वंचित रह जाते हैं। इसलिए प्राधिकार की ओर से ना सिर्फ लोगों को विधिक रूप से सशक्त किया जा रहा है, बल्कि सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है। वहीं, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजना सुदूरवर्ती इलाके तक पहुंचे इसके लिए अब डालसा भी सहयोग कर रहा है। बालिका स्वालंबन के तहत और बालिका समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिससे महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही है। उन्होंने मनरेगा योजना, जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस से महिला समूह को ऋण स्वीकृति, विधवा पेंशन, स्वामी विवेकानंद पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, पीएम आवास, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन आदि योजनाओं का लाभ कैसे ले। इसकी विस्तृत जानकारी दी। जबकि सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि जागरूकता से ही सशक्तिकरण आ सकता है। कोई भी व्यक्ति अब न्याय से वंचित नहीं रहेगा। न्याय को सुलभ बनाने के लिए ही इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोग अब अधिकार के प्रति काफी सशक्त हो रहे हैं। इस मौके पर जेएसएलपीस के बीपीएम मुकेश कुमार, एमओ ब्रजेश कुमार, मनोज यादव, अमित कुमार पांडेय, प्रभाकर प्रेम सिंह, संजीव कुमार, उतम दास, सुनील कुमार रवि, मुन्ना राम, अजित भुइया, उमेश भुइया, सुनील भुइया, दीपक कुमार, कन्हाई राम और जितेंद्र राम आदि उपस्थित थे।

## समाज में व्याप्त कुरीतियों-अंधविश्वासों को दूर करने के लिए जनजागरूकता अभियान ही सबसे कारगर उपाय: सिविल जज



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पलामू सिविल जज रशिम चंदेल, प्रखंड प्रमुख रंभा देवी, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे एवं नावाडीह ओपी प्रभारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में आम लोगों को विधिक सेवा प्राधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अलावा सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे भी बताया गया। पलामू सिविल जज रशिम चंदेल ने कहा कि विधिक अधिकारों की पूर्ण जानकारी सभी लोगों के लिये जरूरी है, ताकि संविधान द्वारा प्रदत अपने हक और हकूक को समझ सकें। कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों को दूर करने के लिए जनजागरूकता अभियान ही सबसे कारगर उपाय है। वहीं, बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने लोगों को सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि समुचित जागरूकता के अभाव में लोग आज भी अपने अधिकारों से वंचित रह जा रहे हैं। ऐसे में विधिक सेवा प्राधिकार का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इस मौके पर उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, मुखिया मंजू देवी, मनीष कुमार, किशोर कुमार आदि उपस्थित थे।

# यादों के झरोखों के बीच जिला प्रशासन ने मनाया गुमला का स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले की स्थापना की 42वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय में एक गरिमामय एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले की गौरवगाथा को समर्पित इस आयोजन में वर्तमान प्रशासनिक नेतृत्व के साथ-साथ गुमला में अतीत में कार्यरत रहे अधिकारी, पत्रकार, खिलाड़ी एवं समाजसेवी एकत्र हुए और जिले की यात्रा, चुनौतियों एवं उपलब्धियों को स्मरण किया।

**श्रद्धांजलि से आरंभ हुई स्थापना दिवस की सुबह :** प्रातः सर्वप्रथम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो एवं अन्य वरीय अधिकारियों ने इनडोर स्टेडियम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत विकास भवन परिसर स्थित शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा, अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा, और बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा सहित अन्य शहीद स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

**गुमला रिवाइंड : इतिहास की झलकियों का उद्घाटन :** मुख्य कार्यक्रम से पूर्व समाहरणालय सभागार के समीप 'गुमला रिवाइंड' नामक भव्य फोटो गैलरी का उद्घाटन किया गया, जिसमें गुमला के इतिहास, विभिन्न प्रशासनिक घटनाओं, विशिष्ट आगंतुकों की यात्राओं एवं सामाजिक आंदोलनों से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शित की गयी। वरिष्ठ अतिथियों ने इसे देखकर अतीत की अनेक स्मृतियों को पुनर्जीवित किया।



## सेवानिवृत्त उपायुक्त गौरी शंकर ने अपने कार्यकाल को किया याद

चंडाली स्थित समाहरणालय सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सेवानिवृत्त उपायुक्त गौरी शंकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में वर्ष 2014-15 के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि उस समय गुमला गंभीर उग्रवाद की चपेट में था। कहा कि मैंने बिना सुरक्षा बल के बिशनपुर प्रखंड के घोर उग्रवाद प्रभावित बनालात गांव में मोटरसाइकिल से जाकर जनता दरबार आयोजित किया था। उस समय उग्रवादियों ने मुझे चारों ओर से घेर लिया था, लेकिन विश्वास, संवाद और संयम के साथ हम वहां से सुरक्षित लौटे। यह पहला अवसर था जब ग्रामीणों के बीच सरकार प्रत्यक्ष पहुंची थी और वहीं से विकास का बीज बोया गया। उन्होंने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी का विशेष रूप से धन्यवाद दिया कि उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित कर पुराने अनुभवों को साझा करने का मंच प्रदान किया।

## पूर्व एसपी ने गुमला के कठिन दौर को रेखांकित किया

जब मैंने कार्यभार संभाला, गुमला और इसके ग्रामीण इलाकों में जाने से भी लोग डरते थे। लेकिन टाना भगतों के अहिंसक आंदोलन, जनता के सहयोग और पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से हम शांति बहाल कर पाए। गुमला सिर्फ उग्रवाद नहीं, बल्कि साहित्य, विज्ञान और खेल के लिए भी जाना जाता है।

## पूर्व डीडीसी ने गुमला समाहरणालय भवन की प्रशंसा की

यह भवन एक अद्वितीय प्रशासनिक ढांचा है, जहां जिले के लगभग सभी विभाग एक छत के नीचे कार्यरत हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला प्रशासन जनता से सीधे संवाद में विश्वास रखता है। शौचालयों में भी कुड़ुक भाषा में लिखे गए संकेतक इस जिले की भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता का प्रमाण हैं।

## पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट महावीर राम लोहरा ने खेल के प्रति अपने जुड़ाव की कहानी साझा की

मैं आठवीं कक्षा में था जब अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेने का सपना देखा। बाद में मैंने लॉन्ग जंप, हॉकी और अन्य खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर गुमला का नाम रोशन किया। आज के बच्चों को जो संसाधन व प्रशिक्षण मिल रहा है, उससे आने वाले समय में गुमला निश्चित ही स्पोर्ट्स मैप में और ऊपर जायेगा।

**वरिष्ठ पत्रकारों की कलम से निकली गुमला की गौरवगाथा :** वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार पांडेय ने गुमला के गठन से पूर्व के दौर और जिले की साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुमला को कभी मिनी शिमला कहा जाता था, ठंडा मौसम, शांत परिवेश और जन सहयोग प्रशासन की ताकत हुआ करता था। गणपत चौरसिया जैसे वरिष्ठ पत्रकारों का योगदान अविस्मरणीय है। साहित्यिक संस्थानों और विद्वानों ने गुमला को बौद्धिक दृष्टि से समृद्ध किया है।

**पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह :** कार्यक्रम के दौरान गुमला के ऐतिहासिक दस्तावेजों, उपलब्धियों, जनसांख्यिकी आंकड़ों और सांस्कृतिक पक्षों पर आधारित एक सुंदर पुस्तक का विमोचन भी किया गया। साथ ही जिले के 12 उत्कृष्ट शिक्षकों एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिला का नाम रोशन करने वाले 14 खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो द्वारा किया गया, जिन्होंने कहा कि गुमला जिला 1983 में लोहरदगा से अलग होकर अस्तित्व में आया। यह जिला कभी सर्वाधिक शांत माना जाता था, फिर समय के साथ अनेक चुनौतियां आयी, लेकिन प्रशासन, पुलिस एवं नागरिकों के सामूहिक प्रयास से आज गुमला पुनः विकास, खेल और पर्यटन के मानचित्र पर उभर रहा है।

कार्यक्रम का समापन परियोजना निदेशक आइटीडीए रीना हांसदा द्वारा किया गया, उन्होंने सभी अतिथि गणों का धन्यवाद किया एवं गुमला जिले के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 20 को होगा अनुबंध कर्मियों का महाआंदोलन

## 22 सूत्री मांगों के साथ महासंघ ने दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। यह निर्णय महासंघ के कचहरी परिषद स्थित महासंघ कार्यालय में रविवार को बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कर्मचारी नेता मुरारी प्रसाद सिंह ने किया। महासंघ ने बताया है कि राज्य भर के अनुबंध, मानदेय, दैनिक मजदूरी, सेवा आधारित एवं संविदा कर्मी 20 मई 2025 को महा-आंदोलन करेंगे। आंदोलन के दौरान राजधानी रांची से लेकर सभी जिला मुख्यालयों में जोरदार प्रदर्शन, धरना और घेराव किया जायेगा। महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव को भेजे जाने वाले ज्ञापन के द्वारा मांग किया जायेगा की राज्य के विभिन्न विभागों में वर्षों से कार्यरत हजारों कर्मचारी अब भी अस्थायी और शोषणपूर्ण स्थितियों में कार्य कर रहे हैं। न उन्हें न्यूनतम वेतन मिल रहा है, न भविष्य की सुरक्षा। जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार 20 मई तक अनुबंध कर्मियों की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती, तो यह आंदोलन व्यापक और निर्णायक रूप लेगा। कर्मचारी सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। महासंघ ने कहा है कि यह केवल वेतन या पद की लड़ाई नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और भविष्य के लिए संघर्ष है। वर्षों की मेहनत और सेवा के बावजूद अनुबंध कर्मियों को न तो स्थायित्व मिला है और न ही गरिमा। इस बार संघर्ष को अंतिम परिणति तक पहुंचाया जायेगा। बैठक में भूषण कुमार,जितेंद्र महतो, ललन कुमार शाह, लोथे उरांव, सहदेव उरांव, अशोक कुमार पंडित, गंगा सागर ठाकुर, सीताराम साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लापता नाबालिग का शव कुएं से बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेदमी गांव के कुएं से 12 मई से गायब नाबालिक छात्रा हेनीमा दास का क्षतबिक्षत शव पुलिस ने बरामद कर गुमला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार हेनीमा 12 मई से अपने घर से गायब थी। 12 मई को उसके पिताजी धनेश्वर दास और मां जंगल लकड़ी चुने के लिए गयी थी, वापस आयी तो घर से हेनिमा गायब थी। काफी खोजबीन किया गया जिसके बाद घाघरा थाना को 14 मई को इसकी लिखित शिकायत गुमशुदगी का उसके पिताजी के द्वारा करायी गयी। काफी खोज बिन परिवार वालों ने किया इसके बाद परिवार वालों ने ही घर के बगल डेढ़ सौ मीटर दूर कुएं में तैरता हुआ हेनिमा का शव देखा और पुलिस को सूचना दिया जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर आगे की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चैनपुर में दो डीकनों का पुरोहिताभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के सेंट एंथोनी चर्च मालम नवा टोली में रविवार को धार्मिक अनुष्ठान और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच दो डीकनों का पुरोहिताभिषेक किया गया। मुख्य अधिष्ठाता हजारीबाग धर्मप्रांत के आर्च विशप आनंद जोजो डीडी ने डीकन भूषण लकड़ा और डीकन अमित टोप्पो का पुरोहिताभिषेक संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर विशेष मिस्सा पूजा का भी आयोजन किया गया जिसमें विशप आनंद जोजो के अलावा संत पॉल धर्म समाज के प्रोविंस जोबी मैथ्यू, भीकर जनरल गुमला धर्मप्रान्त फादर एमानुएल कुजुर सहित विभिन्न पल्लियों से आए पुरोहितों ने सहयोग किया। विशप के द्वारा फादर भूषण लकड़ा व फादर अमित टोप्पो को आजीवन समाज की सेवा ईश्वर और बिशप के प्रति आज्ञाकारी बनने की शपथ दिलायी गयी। मौके पर विशप आनंद जोजो ने अपने संदेश में कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है हम उनका आशीष प्राप्त करने के लिए नित्य प्रार्थना करें। क्षेत्र की तरक्की के लिए पुरोहित लगातार भूमिका निभाते रहे हैं। पुरोहित का पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित होता है मानव जाति और समाज के लिए पुरोहित जीते हैं समाज को खुशी होती है जब कोई पुरोहित बनता है। पुरोहित ईश्वर के दूत होते हैं। बिशप ने कहा कि छोटा नागपुर कलीसिया सुव्यवस्थित और शिक्षित हो इसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम से पूर्व बिशप और पुरोहितों का पारंपरिक तरीके से स्वागत प्रवेश नाच गान के साथ अतिथियों को बेदी तक ले जाया गया, जहां बिशप की अगुवाई में मिस्सा अनुष्ठान के साथ पुरोहिताभिषेक का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया पुरोहित बनने के बाद लोगों ने नये पुरोहित का स्वागत माला पहनकर किया।

## उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मत्स्य विभाग की परियोजना का किया निरीक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रविवार को गुमला जिले के बसिया प्रखंड स्थित नरेकेला में मत्स्य विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत मत्स्य विभाग परियोजनाओं का निरीक्षण एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा किया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में फ्रांसीसी विकास एजेंसी से ऑर्फी सिलार्ड एवं निधि बत्रा, वर्ल्ड बैंक से जुलियन मिलियन (वरिष्ठ जलकृषि मानक विशेषज्ञ), भारत सरकार की राष्ट्रीय समन्वय टीम से आइए. सिद्दीकी, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद से मासूम वाहिद, झारखंड राज्य के निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी सहित अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे।

# शक्ति, ज्ञान और सुरक्षा का प्रतीक है सप्त देवी की पूजा : आश्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** नर सेवा की निरंतरता से संकल्पित श्री सर्वेश्वरी समूह की गुमला शाखा के सदस्यों द्वारा गुमला जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती कोनाटोली गांव में प्रतिष्ठित प्राचीनतम ग्राम देवी मंदिर की साफ-सफाई तथा पूजा अर्चना कर ग्रामीणों के बीच एक लघु गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रारंभ में समूह की गुमला शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद द्वारा समूह के कल्याणकारी कार्यक्रमों, उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी गयी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज के अंदर नशाखोरी में काफी इजाफा देखा जा रहा है,जो एक स्वस्थ और विकसित समाज के लिए बाधक है। उन्होंने नशापान के दुष्परिणामों की व्याख्या करते हुए इस व्यसन से दूर रहने की हिदायत दी। समूह के सदस्य आश्रम कुमार के द्वारा पवित्र ग्रंथ अघोरेश्वर संवेदनशील में उद्धृत वन देवी के स्वरूप और उनकी उपेक्षा से होने वाले दुष्परिणामों को बतलाया गया। उन्होंने गांव के सुख, समृद्धि के लिए ग्रामीणों को सप्त देवी की पूजा नियमित रूप से करने की प्रेरणा दी। इस पर विस्तृत से प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वास्तव में यह पूजा ब्राह्मणी, वैष्णवी, माहेश्वरी, कौमारी, वाराही, इन्द्राणी तथा चामुंडा देवी की आराधना है, जो शक्ति, ज्ञान व सुरक्षा का प्रतीक है। इससे जीवन में संतुलन, शांति और सफलता की प्राप्ति भी होती है। मंच का संचालन विजय सिन्हा के द्वारा किया गया। उपस्थित ग्रामीणों के मध्य अघोरेश्वर संदेश का वितरण करते हुए धन्यवाद ज्ञापन अजय सिन्हा ने किया।

गोष्ठी के पश्चात समूह के सदस्यों के 'पंछी को दाना, पंछी को पानी' अभियान के तहत जन जागरुकता चलाते हुए गांव का परिभ्रमण कर एक सौ एक परिवारों के बीच मिट्टी का पात्र तथा पंछियों के लिए दाना वितरित किया गया। समूह के संजय महापात्र ने बताया कि विलुप्त हो रहे पंछियों को बचाने के लिए चलायें जा रहे इस मुहिम का हिस्सा सबों को बनने का समय आ गया है। भीषण गर्मी में पंछियों को दाना, पानी देकर उनकी सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों को पंछियों के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करने का आह्वान भी किया। मौके पर समूह की गुमला शाखा के नन्द कुमार सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, भोला नाथ दास, श्यामा कांत मिश्र, सुबोध कुमार दास, अभय गुप्ता, अशोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मोहन गोप, आदर्श कुमार, अंजय सिन्हा, मनोज गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, सूदन सिंह आदि उपस्थित थे।

## चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ 25 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 25 मई दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।

## घाघरा में सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मसरिया मोड में मोटरसाइकिल की टक्कर से पैदल सड़क पार कर रही गोया ग्राम निवासी सुनीता कुमारी घायल हो गयी। साथ ही मोटरसाइकिल सवार पीयूष कुमार, रमोद राय बिहार पटना निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायल सुनीता को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण के सहयोग से लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु से गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि घटनास्थल पहुंच 108 एम्बुलेंस ने पीयूष और रमोद के गंभीर रूप से घायल स्थिति को देखते हुए दोनों को गुमला सदर अस्पताल ले गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार सुनीता कुमारी गुमला से बस से गांव के लिए मसरिया मोड़ के पास पहुंची। बस से उतरकर वह सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में गुमला की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार पीयूष और रमोद ने टक्कर मार दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

# बेमौसम बारिश होने से लोगों को मिली राहत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** रविवार दोपहर को बेमौसम बारिश होने से चैनपुर प्रखंड एवं आसपास क्षेत्र के लोगों को चिलचिलाती धूप और उमसभरी गर्मी से तत्काल राहत मिली है। पिछले कई दिनों से धूप और गर्मी के कहर में लगातार हो रहे इजाफा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। अति आवश्यक कार्य को छोड़ अधिकांश लोग दस बजने के साथ ही घर में दुबक जाते थे। धूप के बढ़ते ही मुख्य सड़क और स्थानीय बाजार में सन्नाटा पसरा रहता था। इतना ही नहीं चालू मौसम में असहनीय धूप और गर्मी से प्रभावित लोगों का इलाज के लिए अस्पताल तक जाना शुरू हो गया था। ऐसी स्थिति में अचानक बारिश होने से क्षेत्र के लोग चंद समय के लिए कूल-कूल महसूस करने लगे हैं। जानकारी हो कि इस जोरदार बारिश से किसानों के चेहरे पर भी मुस्कान झलकने लगी है। इस संबंध में क्षेत्र के प्रगतिशील किसान वाल्टर कुजुर ने कहा है कि अच्छी बारिश हुई है जिससे आम फलों को पकने तथा अन्य फसलों के लिए कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा है कि यह बारिश खेती कार्य को शुरू करने,धान का बीचड़ा डालने के लिए खेत तैयार करने में किसानों को फायदा होगा। इधर बे मौसम हो रही बारिश ने जनजीवन को भी अस्त व्यस्त कर दिया है। बारिश आंधी तूफान को लेकर बिजली कटौती को लेकर आम जनों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है मौसम खराब होते हैं बिजली गुल हो जाने से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी में फंखा, कूलर, समरसेबल बंद हो जाने से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली दुरुस्त रखने के लिए मुस्तैद नजर आ रहे हैं रात के अंधेरे में भी फोल्ड ढूंढते नजर आये।

स्पोर्ट्स



टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर, वाधेरा-शशांक की फिफ्टी, बरार ने 3 विकेट झटके

# आइपीएल : पंजाब ने राजस्थान को 10 रनों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयपुर।** आइपीएल 2025 की वापसी के साथ ही एक रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हरा दिया। जयपुर में खेले गये इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने नेहाल वढ़ेरा और शशांक सिंह की जोरदार पारियों के दम पर 219 रन का भारी-भरकम स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद हरप्रीत बराड़ की स्पिन के जादू में राजस्थान के विस्फोटक बल्लेबाज फंसते चले गए और टीम 209 रन तक ही पहुंच पायी। इस जीत के साथ ही पंजाब किंग्स प्लेऑफ के बेहद करीब पहुंच गयी। प्लेऑफ की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी राजस्थान रॉयल्स ने इस मुकाबले की बेहतरीन शुरूआत करते हुए सिर्फ 19 गेंदों के अंदर ही पंजाब किंग्स को मुश्किल में डाल दिया था। तुषार देशपांडे और क्वेना मफाका ने लगातार 3 ओवर में पंजाब के टॉप-3 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। मगर इतनी बेहतरीन शुरूआत के बावजूद राजस्थान के गेंदबाज पंजाब को 219 रन जैसा बड़ा स्कोर खड़ा करने से नहीं रोक सके।

राजस्थान को इतना बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए तूफानी शुरूआत की जरूरत थी और ऐसा ही हुआ भी. पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल ने चौके-छक्के बरसाते हुए अर्शदीप सिंह पर 22 रन कूट दिये। फिर वैभव सूर्यवंशी ने भी ऐसी ही बल्लेबाजी जारी रखी और राजस्थान ने 17 गेंदों में ही 50 रन पूरे कर लिए। दोनों ने मिलकर सिर्फ 4.5 ओवर में ही 76 रन की धुआंधार साझेदारी की। मगर यहां पर बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ (3/22) ने मैच पलटने की शुरूआत की।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु वाटिका मातृ गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर, सिसई में शिशु वाटिका मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा, मुख्य अतिथि पूनम सारंगी (गुमला विभाग वाटिका प्रमुख) सेवानिवृत शिक्षक रजनीकांत सारंगी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव रवींद्रनाथ अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित, पुष्पांजलि अर्पित कर एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय की आचार्य गुड्डी देवी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा अरुण यानी नर्सरी से द्वितीय तक बच्चों की शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यकता को देखते हुए आज का यह कार्यक्रम आयोजन किया गया है, क्योंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन की बात कही गई है। इसमें पहले केयर यानी बच्चों की देखभाल कैसे हो इस पर चिंतन मंथन करना आवश्यक है, उनकी देखभाल के साथ ही हम उनको शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। मुख्य अतिथि पूनम जी ने माताओं को बताया कि हमारे नन्हे - मुन्ने बच्चे पहले सुनते हैं तब उसके बाद कुछ बोलने का प्रयास करते हैं। यानी प्रारंभिक शिक्षा में सुनना और सुनाना तथा बोलना और बुलवाना इस पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उसके बाद आता है लिखने की बारी। जब हमारे बच्चे सुनते हैं फिर सुनाते हैं और जब बोलते हैं तब हम उसे लिखने के लिए सिखाना आरंभ करते हैं।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### नावाडीह पुलिस ने अधेड़ की हत्या की गुत्थी 48 घंटे में ही सुलझायी

# पति की मौत का बदला लेने के लिए करायी हत्या, 4 गिरफ्तार

### धनबाद के शूटर को तीन लाख में दी थी सुपारी, नावाडीह में बुलाकर मारी गोली

### थाने में तोड़फोड़-हंगामा करने वालों को किया जा रहा चिन्हित, होगी कार्रवाई : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बोकारो।** जिले के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र नावाडीह थाना क्षेत्र में विगत 14 मई की रात हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सिरेय निवासी हेमलाल पंडित (52) की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसकी गुत्थी पुलिस ने महज 48 घंटे में ही सुलझा लिया। रविवार को बोकारो में एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह और नावाडीह थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के साथ घटना का उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी एक महिला और उसके पुरुष दोस्त सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान चंदा देवी, प्रकाश सिंह, विकास कुमार और डोमन राम के रूप में हुई है। पुलिस की मानें तो मुख्य आरोपी चंदा हजारीबाग की रहने वाली है। जबकि उसका दोस्त प्रकाश सिंह गिरिडीह, शूटर विकास कुमार एवं डोमन राम धनबाद के रहने वाले हैं। चारों में से किसी भी आरोपित का बोकारो जिले से लेना-देना नहीं है। सिर्फ सुनसान जगह की तलाश में नक्सल प्रभावित नावाडीह में शूटरों ने घटना को अंजाम दिया था। उनके पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, पांच राउंड कारतूस, चार मोबाइल फोन और एक स्कूटी भी बरामद की गयी है। पुलिस ने बताया कि मृतक हेमलाल पंडित के गांव की ही रहने वाली चंदा देवी ने अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस की मानें तो साल 2024 के अक्टूबर महीने में चंदा के पति की मौत हो गयी थी। उसे संदेह था कि हेमलाल पंडित ने ही तंत्र-मंत्र कर उसके पति को जहरीला खाना खिलाकर हत्या की है। पति की मौत के बाद से ही चंदा हेमलाल पंडित की हत्या की योजना बनाने लगी। इसी बीच गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र निवासी अपने पुरुष दोस्त प्रकाश सिंह से संपर्क किया। इसके बाद दोनों ने धनबाद के शूटरों से संपर्क किया और तीन लाख रुपये में हेमलाल पंडित की हत्या की सुपारी दी गयी। इसके बदले में चंदा ने 2.33 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। इसी बीच विगत 13 मई को भी हेमलाल पंडित की हत्या की कोशिश की गई थी। लेकिन वह किसी तरह बच निकला। पर 15 मई को अंततः गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गयी। उस दिन हेमलाल पंडित के घर जाकर पांच हजार रुपये उसके खाते में भेजने के बाद झाड़-फूंक के लिए नावाडीह की तरफ आने को कहा गया था। यहां नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण रात में काफी सुनसान हो जाता है। हेमलाल पंडित अपने पिता तुलसी पंडित के साथ आरोपितों के बताये ठिकाने पर पहुंचा था, जहां उसे गोली मारी गयी थी। दोनों झाड़-फूंक के काम से थे। दूसरी ओर, हत्या की सूचना पाकर विधायक जयराम कुमार महतो देर रात घटनास्थल पर पहुंच गये थे। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली एवं राज्य में विधि-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए वीडियो वायरल किया था। इतना ही नहीं, हत्या के अगले दिन थाना के बाहर सड़क जाम एवं थाना के अंदर तोड़-फोड़ भी हुई थी। हालांकि पुलिस ने घटना का त्वरित उद्भेदन कर जवाब दिया। वहीं, थाना में तोड़-फोड़ को लेकर एसपी ने कहा कि कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार किसी को भी नहीं। उस दिन जो कुछ भी हुआ, वीडियो के आधार पर सभी को चिन्हित किया जा रहा है। कई लोग चिन्हित किए जा चुके हैं। और भी लोग चिन्हित किए जा रहे हैं। उन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

# झारखंड के छोटे-छोटे एनजीओ अब राज्य के विकास में बड़े पैमाने पर बनेंगे भागीदार : डॉ इरफान अंसारी

**सीएसआर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन, झारखंड प्रदेश एनजीओ एसोसिएशन का गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सामाजिक विकास और जनकल्याण की दिशा में अग्रणी धनबाद एनजीओ एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी मौजूद रहे। उन्होंने घोषणा की कि झारखंड एनजीओ एसोसिएशन का गठन किया गया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि रांची में जल्द ही राज्यस्तरीय एनजीओ का विस्तार किया जाएगा। झारखंड के छोटे-छोटे एनजीओ अब राज्य के विकास में बड़े पैमाने पर भागीदार बनेंगे। अब समय आ गया है कि जो सीएसआर फंड केंद्र सरकार के संस्थानों के माध्यम से बाहर के एनजीओ को जाता है, उसे हमारे झारखंड की स्थानीय संस्थाओं तक पहुंचाया जाए। इसके लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास करेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर जिले में एनजीओ को काम दिया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंच सकें। उक्त कार्यक्रम में धनबाद के विधायक राज सिन्हा भी शामिल हुए और धनबाद एनजीओ एसोसिएशन को बधाई दी। कहा कि यह प्रयास झारखंड की सामाजिक तस्वीर को बदलने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, कार्यक्रम में जमशेदपुर से आई सीमा बाजपेयी, जो कि लायंस क्लब जिला 322ए की जिलापाल हैं, ने सभी एनजीओ को आश्वस्त किया कि वे भविष्य में सीएसआर फंडिंग और सहयोग में हर संभव मदद करेंगी। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसमें लगभग 80 एनजीओ ने भागीदारी निभाई। उनके द्वारा समाज में किए जा रहे कार्यों को भी मंच से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सचिव मगधेश कुमार, उपाध्यक्ष सुदर्शन साव, संयोजक सत्यजीत (सोनू), सूफी नाज और रूबी नाज आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी एवं अन्य।

# ऑपरेशन 'सिंदूर' भारतीय सेना के पराक्रम और निर्णायक शक्ति का प्रत्यक्ष उदाहरणः ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को कतरास रेलवे स्कूल के पीछे से कतरी नदी स्थित सूर्य मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। इसमें पार्टी के हजारों कार्यकर्ता, मारवाड़ी समाज, बाजार समिति के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी अपने-अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद आदि के नारे लगाते चल रहे थे। तिरंगा यात्रा रेलवे कॉलोनी, भंडारी डीह, रानी बाजार, सब्जी पट्टी और थाना चौक होते हुए सूर्य मंदिर तक पहुंचा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कतरास मंडल के अध्यक्ष सूर्य देव मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में भारतीय सेना के पूर्व सैनिक, ब्रह्माकुमारी संस्था, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संकट मोचन समिति, सिख समाज आदि का सहयोग मिला। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि यह 21वीं सदी का भारत है, जो घर में घुसकर आतंकवादियों को मारता है। ऑपरेशन 'सिंदूर' भारतीय सेना की वीरता, पराक्रम और निर्णायक शक्ति का प्रतीक है। हम अपने सैनिकों के साहस को सलाम करते हैं और देशवासियों से आह्वान करते हैं कि वे एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश शक्तिशाली बन चुका है। सैन्य बलों को स्वततंत्रा दी गयी है जिस कारण हमारा देश पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर उसे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। वहीं, बाघमारा विधायक ने कहा कि पाकिस्तान में चार दिन की चांदनी है फिर अंधेरी रात है। क्योंकि उसके पास चार दिन का ही गोला-बारूद था। उसके पास घुटने टेकने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। इस मौके पर धनबाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, प्रकाश राम गुप्ता, वशिष्ठ चौहान, मुकेश झा, विनायक गुप्ता, बबलू बनर्जी, राजेश स्वर्णकार, चुना यादव, श्याम किशोर, कुंदन सिंह, बलवीर सिंह, प्रिंस शर्मा, मनोज गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, अनिल अग्रवाल, दीपू अग्रवाल, दिनेश उपाध्याय, आनंद यादव, वाई के पाठक, रघु हजारी, पिंटू दे, सरोज विश्वकर्मा, शैलेश बर्मन, विनय पासवान, नितेश सिंह, प्रिंटर शर्मा, श्रीकांत सिंह, हुलास यादव, अमित भगत, रामकुमार साहू, बबलू मिश्रा, मुकेश भट्ट, जानकी देवी, रेखा देवी, रीना पासवान, फिरोज राजा, उल्लास यादव और रविंद्र विजन आदि उपस्थित थे।




## विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर कारो परियोजना की ट्रांसपोर्टिंग बंद करवायी



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना का ऊपरघाट विस्थापित ट्रक ऑनर्स कमेटी के विस्थापितों ने रविवार को ट्रांसपोर्टिंग बंद करा दिया। कमेटी के सदस्यों ने इस दिन सुबह सात बजे कारो परियोजना से कोयला लादकर जा रही हाइवा एवं कारो परियोजना में जाने वाली हाइवा को सड़क पर रोक किया और नारेबाजी करने लगे। कमेटी के अध्यक्ष बन्नू महतो, सचिव चंद्रदेव महतो और टीपू महतो ने कहा कि 21 अप्रैल को प्रबंधन को पांच सूत्री मांग पत्र दिया था। इसके आलोक में पांच मई को प्रबंधन से वार्ता भी हुई थी। इसमें निर्णय लिया गया था कि 17 मई को बैठक कर विस्थापितों की मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन प्रबंधन की ओर से ना तो बैठक की गयी न ही हमारी मांगें पूरी की गयी। बाध्य होकर चक्काजाम किया जाएगा। कहा कि हमारी मुख्य मांगों में कारो लोकल सेल के स्टॉक में विस्थापितों के ट्रकों को लोडिंग के लिए अलग डीपो एवं कोयला गिराने के लिए अलग से हाइवा उपलब्ध कराने, विस्थापितों के ट्रको का पहले कांटा कराने, विस्थापित ट्रकों को 50 प्रतिशत कोटा देने, लोकल सेल के मजदूरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था देने, लोडिंग प्वाइंट में पानी का छिड़काव करने आदि शामिल है। कहा कि तीनों पंचायतों के विस्थापित रैयतों द्वारा लोकल सेल में रोजगार के लिए ट्रक खरीदे है। उन ट्रकों को प्रति दिन समय पर कोयला नहीं मिलता है। विस्थापितों की गाड़ियों को लोकल सेल लोडिग में प्रबंधन द्वारा कोई प्राथमिक्ता नहीं दी जा रही है। जिस कारण सभी विस्थापित परिवार बेरोजगारी का डंस झेक रहे है। उधर, आंदोलन की सूचना पाकर कारो पीओ सुधीर कुमार सिन्हा, मैनेजर चिंतामन मांझी, सेफ्टि ऑफिसर संजय सिंह मौके पर पहुंचे और प्रतिनिधियों से वार्ता की। इसमें निर्णय लिया गया कि उपरोक्त मामले को लेकर सोमवार को वार्ता होगी। तब तक के लिए सेल बंद रहेगा। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। इस मौके पर उपाध्यक्ष लक्ष्मण महतो, महेश महतो, किशोर महतो, वीरेंद्र महतो, दुर्गा महतो, मल्लू महतो, चंद्र महतो, लोचन महतो, आकाश महतो, सुरेश महतो, निर्मल महतो, तुलसी महतो, नरेश महतो, कमल महतो, भानू महतो आदि मौजूद थे।

## गोल का छात्र कृष्णा 99 फीसदी अंक लाकर बना झारखंड का सेकंड टॉपर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाला भरोसमंद संस्थान गोल ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक लाने वाले छात्रों को सम्मान देकर उन्हें आगे कैरियर में और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित, उत्साहित किया। साथ ही सभी सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही गोल संस्थान के क्लासरूम, स्टडी मैटेरियल, टेस्ट सीरीज, पर्सनल केयर एवं समय-समय पर दी गई मोटिवेशन एवं मार्गदर्शन को दिया। विदित हो कि 12वीं के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाते हुए अपियरिंग में मेडिकल और इंजीनियरिंग में भी सफलता की उम्मीद जताई, जबकि 10वीं के कृष्णा 99 प्रतिशत लाकर धनबाद जिला टॉपर के साथ ही झारखंड का सेकंड टॉपर भी रहा। वहीं, 10वीं के सफल छात्रों में कृष्णा, हर्षिता, दीपक, राजवीर, चिराग, दर्ष, प्रतिक्षा, इच्छा, इसिता सोनी, नायरा, पल्लवी, काव्या, कुणाल तथा 12वीं में श्रेया, आकृति, षिवम, राज नन्दनी, नितीष, गौरव और इसिता बनर्जी आदि शामिल थे। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने सभी सफल छात्रों को सफल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफल होने के गुढ़ रहस्यों से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों के भरोसे के साथ ही गोल की पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिपक कुमार, भारती सिन्हा, अरुण कुमार, पूजा कुमारी, रानी, सुनील, वषीम, उमेश और दिलीप आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## चिरकुंडा के डुमरीजोर से चोरी का कोयला लादकर जा रहा ट्रक कालूबथान में पलटा



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डुमरीजोर में सिंडीकेट की ओर से कोयला का अवैध खनन धड़ल्ले से कराया जा रहा है। रंजन सहित करीब आधा दर्जन कोयला चोरों ने सिंडीकेट बना कर डुमरीजोर से कोयला लूट मचा रखी है। इसी बीच चिरकुंडा के डुमरीजोर से सिंडीकेट ने रात के अंधेरे में 12 ट्रक कोयला लदवाया था। सभी ट्रक पंचेत, कालू बथान होकर निकल गए। जबकि अंतिम ट्रक कालूबथान के पत्थर कुआं के समीप पलट गया, जिससे कोयला बिखर गया। इसकी सूचना पाकर कालूबथान प्रभारी नीतेश मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। दूसरी ओर, कोयला चोर पूरी रात मामले को मैनेज करने के लिए भाग दौड़ करते रहे।

## तोपचांची प्रखंड सभागार में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में रविवार को डालसा की ओर से मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और विधिक सहायता से संबंधित जानकारी देकर सशक्त बनाना था। डालसा की ओर से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को उनके मौलिक अधिकारों और न्यायपालिका की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में केवल रोटी, कपड़ा और मकान ही नहीं, बल्कि न्याय तक पहुंच भी एक मौलिक अधिकार है। हर नागरिक को अपने न्याय पाने के अधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए। पर प्रियंका कुमारी ने बताया कि सीसीएल लोन योजना के तहत 18 लाख रुपये का चेक प्रदान कर चमेली महिला समिति को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, स्कूली बच्चों को साइकिलें वितरित की गईं और कई महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास चेक भी दिए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत महिलाओं को चार बकरियां और एक बकरा भी प्रदान किया गया। यह वितरण एमडी मनोवर और तोपचांची पशुपालन अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। यह शिविर न केवल विधिक सशक्तिकरण का माध्यम बना, बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, महेंद्र जी, विभिन्न पंचायत के मुखिया एवं दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### जिले के सभी ब्लॉक में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करता है डालसा : न्यायाधीश

**- 3.54 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया गया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर रविवार को एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन जिले के सभी प्रखंडों में किया गया। निरसा प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट कैंप में लोगों को संबोधित करते हुए अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजित पांडे ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाई जा सके इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं, पूर्वी टुंडी में आयोजित शिविर में संबोधित करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार ने कहा कि ने दूर-सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों न्याय कैसे प्राप्त करें इस पर लोगों को जागरूक करने के लिए डालसा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहता है। लीगल एंड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से धनबाद जिले के सभी गांव तक डालसा की ओर से गठित टीम के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य है, ताकि जिले के दूर-सुदूर इलाकों में रह रहे ग्रामीण जनता तक सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया को पहुंचाया जा सके। वहीं अवर न्यायाधीश सह डालसा के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि जिले के सभी 10 प्रखंडों गोविंदपुर, निरसा, धनबाद प्रखंड कार्यालय, कलियासोल, एग्यारकुंड, बाघमारा, बलियापुर, टुंडी पूर्वी, टुंडी, तोपचांची प्रखंड कार्यालय में मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीरेन्द्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विवेक राज, ऋषि कुमार, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, अनामिका कच्छप, सुरेश उरांव, शिवानी शर्मा अपेक्षा, साकिया कौसर, सृष्टि घई सहित लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल आदि शामिल हुए। वहीं, धनबाद प्रखंड कार्यालय में प्रभारी बीडीओ, सीओ एवं न्यायिक पदाधिकारी द्वारा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से लोगों को दिया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न ब्लॉकों में 39 हजार 987 लाभुकों के बीच तीन करोड़ 54 लाख 74 हजार 730 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, लाभुकों को पीएम आवास योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड, श्रमिकों को मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम विभाग की तरफ से पैंट-शर्ट-साड़ी, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, ट्राईसाईकिल, ब्लाइंड स्टिक, सावित्रीबाई फुले योजना, इंदिरा आवास, केसीसी लोन, जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चेक का वितरण किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ब्लॉकों के बीडीओ, थाना प्रभारी, डालसा की टीम अरुण कुमार, सौरभ सरकार, अनुराग पांडे, विधिक स्वयंसेवक राजेश सिंह, हेमराज चौहान, उप प्रमुख, मुखिया, पंसस, उप मुखिया आदि का योगदान रहा।



## महुदा रेलवे यार्ड में खड़ी कोयला लदी मालगाड़ी के डिब्बे से उठा धुआं, हड़कंप



**महुदा (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन के यार्ड में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कोयला लदी एक मालगाड़ी के डिब्बे से अचानक धुआं निकलने लगा। इसकी जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए बीसीसीएल के बेनीडीह कार्यालय को सूचना दी। खबर पाकर बीसीसीएल के अग्निशमन विभाग से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। इस संबंध में महुदा रेलवे के चीफ यार्ड मास्टर एससी राय ने बताया कि यह मालगाड़ी शुक्रवार को बेनीडीह साइडिंग से कोयला लोड कर महुदा यार्ड में खड़ी की गई थी। इसका गंतव्य आद्रा था। रविवार की सुबह जब इंजन मालगाड़ी को ले जाने के लिए पहुंचा, तो कर्मचारियों ने एक डिब्बे से धुआं निकलते देखा। कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए उस डिब्बे को शेष मालगाड़ी से अलग कर दिया और तुरंत राहत कार्य शुरू किया। कहा कि रेलवे और बीसीसीएल की मुस्तैदी से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कैंप का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सदर ब्लॉक गरभूडीह में रविवार को धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से लिगल इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट श्रृष्टि घई ने किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख आरती देवी, उप प्रमुख मनीष सिंह, पंसस सुधीर कुमार सिंह, अधिवक्ता मुस्कान चोपड़ा, विभिन्न पंचायत के मुखिया , जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से विभिन्न लाभकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को सुविधा प्रदान की जा रही है। इस क्रम में प्राधिकरण जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क न्याय दिलाने के काम कर रही है। इस दौरान आजीविका मिशन के तहत पलाश नामक स्वयं सहायता समूह गोपीनाथडीह को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के 10 लाभूको को स्वीकृति पत्र दिया गया। आवास योजना के तहत 10 लाभुकों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान की गयी। मनरेगा योजना के तहत 5 श्रमिकों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत व्हीलचेयर तीन दिव्यांगों को प्रदान की गई। इसी तरह वर्ग 8 के 10 बच्चों को साइकिल भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं समापन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मधुसूदन पासवान की ओर से किया गया। इस मौके पर झारखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सोमनाथ कार्यालय प्रभारी सुशील खान, अंचल निरीक्षक छत्रपति रविदास, अनूप साव,अनूज कुमार सिन्हा , कपिल देव सिंह, प्रखंड कृषिप्रसार पदाधिकारी राजीव रंजन, आदि उपस्थित थे।

# देवघर में 21 को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

- शिरकत करेंगे कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी चार मंत्री और कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** 21 मई को देवघर जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को लेकर देवघर जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कमेटी की एक विशेष बैठक कांग्रेस कार्यालय में रखी गयी। बैठक के पश्चात प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गयी, जिसमें जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश, और जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय संयुक्त रूप से संबंधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की हालत दिन प्रतिदिन बदलती जा रही है। 21 मई को संविधान बचाओ आंदोलन को लेकर विशाल रैली निकाली जायेगी, जिसमें स्थानीय मंत्री के साथ-साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भाग लेंगे। देश में चल रही स्थिति के बारे में कहा कि भारत पाकिस्तान युद्ध में अचानक सीज फायर का ऐलान भारत के जनता को चौका कर रख दी है, क्योंकि इस बात की जानकारी विपक्ष के किसी नेता के पास नहीं है और इसका जवाब मांगने पर देशद्रोह का मामला बताते हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और राहुल गांधी द्वारा लगातार सरकार से सवाल पूछे जा रहे हैं कि आखिर सीज फायर का ऐलान कहां से हुआ मगर कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। इसको लेकर हम लोग आवाज बुलंद करके सरकार से जवाब मांग रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा था कि संविधान खतरे में है जय भीम का नारा लगा कर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जन-जन तक आंदोलन करेंगे और लोगों को जागरूक करेंगे, जिसको लेकर एक भव्य रैली का आयोजन किया गया है।

# स्काउट्स एंड गाइड्स रोवर रेंजर का प्रशिक्षण शिविर शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** शहर के 52 बीघा स्थित रेलवे स्टेट ट्रेनिंग पार्क में पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर परीक्षण शिविर रविवार को राज्य प्रशिक्षण पार्क, मधुपुर में शुरू हुआ और 22 मई 2025 तक जारी रहेगा।

पूर्व रेलवे के नौ जिलों के कुल 229 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स के साथ-साथ 35 स्टाफ सदस्य और सहायक कर्मचारी और 52 यूनिट लीडर, क्वार्टर टीम और सर्विस रोवर्स और रेंजर्स भाग ले रहे हैं। प्रवेश, कानून और वचन, मानचित्रण, प्राथमिक चिकित्सा, पायनियरिंग पर विभिन्न प्रकार की लिखित परीक्षाएं विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक परीक्षणों के साथ आयोजित की गयीं और अंतिम दिन तक जारी रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन संजीव शाह, राज्य आयोजन आयुक्त (स्काउट) और श्रीमती सीमा सरकार, राज्य आयोजन आयुक्त (गाइड) के नेतृत्व में किया जा रहा है।

# ग्रामीणों ने की स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर (झारखंड)।** देवघर जिले के डकाए पंचायत के ग्राम डकाय में प्रस्तावित स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कार्य एक बार फिर विवादों में है। आरोप है कि ग्रामीणों की सहमति और जरूरी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर एक संदिग्ध व्यक्ति किशोर ठाकुर ने मिलीभगत से उपकेंद्र को दूसरी जगह स्थानांतरित करवा दिया है। वह भी एक धार्मिक स्थल की जमीन को नजरअंदाज कर।

गौरतलब है कि जिस स्थान पर स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्वीकृति मिली थी, वह एक आस्था का केंद्र है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु बाबा धाम के रास्ते पूजा-अर्चना करने आते हैं। क्षेत्र की धार्मिक और सामाजिक संवेदनशीलता को ठेंगा दिखाते हुए उपकेंद्र को एक और जगह स्थानांतरित कर निर्माण कराया जा रहा है। वह भी बिना ग्राम सभा की स्वीकृति या जनसहमति के।

## अधिकारियों की मिलीभगत

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी भूमि उपलब्ध होते हुए भी स्वास्थ्य उपकेंद्र को योजनाबद्ध तरीके से एक अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया। इसके पीछे आरोप है कि सरकारी अधिकारियों और संदिग्ध तत्वों की मिलीभगत से यह खेल खेला गया है। ग्रामीणों ने यह सवाल किया है कि जब राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने मूल स्थान पर निर्माण की स्वीकृति दी थी, तो फिर यह बदलाव क्यों किया गया।

## मामला न्यायालय में लंबित है, फिर भी किया जा रहा निर्माण

स्थानीय निवासी बताते हैं कि पूर्व में भी उच्च न्यायालय में मामला गया था, जहां यह मामला अभी चला रहा है, बावजूद इसके किशोर ठाकुर द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया, जो न्यायालय की खुली चुनौती है।

## दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई : ग्राणीण

ग्रामवासी और जिला परिषद सदस्य जितेंद्र कुमार सिंह ने पूरे मामले की शिकायत की है और प्रशासन से तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गयी, तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# मधुपुर में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** उपकारा मधुपुर में जेल अदालत विधि जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ जिसमें अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा पूर्णिमा तिर्की न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम विधिक सेवा प्राधिकार देवघर की विद्वान अधिवक्ता श्रीमती ज्योति कर्मसील, केशव तिवारी उपस्थित रहे में शिविर में विशेष कर वैसे बंदियो को चिन्हित किया गया है जिनके परिवार वाले जमानत के लिए उपस्थित नहीं हो रहे हैं साथ ही वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है जानकारी ली गई एसडीजेएम मधुपुर द्वारा द्वारा कर के सभी बंदियो से एक-एक कर वार्ता की तथा उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानना चाहा रहन-सहन, भोजन केस के संबंध में परिवार के संबंध में हर मुद्दे पर एसडीजेएम मधुपुर ने सभी बंदियों से बात की पुस्तकालय पाठशाला मुलाकाती कक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष बंदियों के बैरक का भ्रमण किया उल्लेखनीय है कि उपकार मधुपुर में विधिक सेवा प्राधिकार देवघर द्वारा अनेक बंदियों को निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया गया है जिसके माध्यम से वह अपनी केस में जमानत पर कारा से मुक्त हुए है।












































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**